


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 199 मंगलवार, 1 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, कृष्ण, चतुर्थी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया




देश दुनिया

## रिफांइड और चीनी के बाद अब प्रदेश में बढ़े गेहूं के दाम

एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** महीने भर में ही चीनी के दामों में अप्रत्याशित तेजी के बाद अब गेहूं के दामों में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी आई है। खास बात यह कि यह बढ़ोत्तरी एक हफ्ते के अंदर ही हुई है। कारोबारी बताते हैं कि गेहूं के कम उत्पादन, निर्यात पर रोक और ओएमएसएस (ओपन मार्केट सेल स्कीम) को न खोलना महंगाई की बड़ी वजह हैं।

लखनऊ मंडी में एक हफ्ता पहले गेहूं का रेट 2700 रुपये प्रति क्विंटल था जो कि इस वक्त 2800 रुपये प्रति क्विंटल तक जा पहुंचा है। वहीं, फुटकर में यह 3000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिकता है। इसी वजह से थोक बाजार में आटा 3100-3200 रुपये क्विंटल तो मैदा 3200-3400 रुपये प्रति क्विंटल के बीच में है। वहीं, फुटकर बाजार में आटे की कीमत 35 रुपये किलो तो मैदे की कीमत 40 रुपये किलो हो गई है।

कारोबारी बताते हैं कि आटे व मैदे की कीमत में 3-5 रुपये प्रति किलो तक का अंतर आया है। शहर के फ्लोर मिलर व कारोबारी विकास सिंघल बताते हैं कि अगली पैदावार तक बाजार में गेहूं की कमी न हो इसलिए सरकार ने निर्यात पर रोक लगा दी है। क्योंकि, घरों में आटे की तो होटल और रेस्टोरेंट में मैदे की खपत सबसे ज्यादा होती है।

## दो सितंबर को होगी ट्रस्ट की अहम बैठक

एजेंसी न्यूज

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बेहद अहम बैठक दो सितंबर को मणिराम दास छावनी में होगी। बैठक में ट्रस्ट की प्रशासनिक और प्रबंधन व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं। ट्रस्ट की नियमित बैठक दोपहर चार बजे शुरू होगी। इससे पहले विशेष बैठक बुलाए जाने की संभावना है, जिसमें रिक्त पदों पर नए सदस्यों के चयन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के नाम पर चर्चा हो सकती है।

ट्रस्ट सूत्रों के अनुसार, डॉ. कृष्ण मोहन फिलहाल महासचिव के पद पर बने रहेंगे। वह वर्तमान में अंतरिम महासचिव के तौर पर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र के इस्तीफे से दो पद रिक्त हुए हैं। इसके अलावा ट्रस्टी बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन से एक और स्थान रिक्त है। इस तरह ट्रस्ट में तीन स्थानों पर नए सदस्यों के चयन का मामला लंबित है।

# 'इस अंतहीन युद्ध का अंत हो'

## किर्गिस्तान में पुतिन से बोले मिले पीएम मोदी, गले मिल ब्रिक्स का दिया न्योता

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष को तत्काल समाप्त करने की अपील करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि अब अंतहीन युद्ध से आगे बढ़कर युद्ध के अंत की दिशा में कदम उठाने का समय है। मोदी ने कहा कि इस संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान पूरी मानवता की साझा प्राथमिकता है।

एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर बिश्केक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अहम मुलाकात हुई। मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के तत्काल और शांतिपूर्ण समाधान की अपील करते हुए कहा कि अब ह्यअंतहीन युद्धह्न से आगे बढ़कर युद्ध के अंत की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने शांति के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। दोनों नेताओं ने यूक्रेन के अलावा व्यापार, निवेश, ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा की। यह मुलाकात पुतिन की आगामी भारत यात्रा और वार्षिक इफ्क्कर शिखर सम्मेलन से पहले हुई है।

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान मोदी ने कहा कि युद्ध का हर गुजरता दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, जो महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध की धरती है, शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करता है और आगे भी ऐसा करता रहेगा। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन संघर्ष के अलावा व्यापार और निवेश के क्षेत्र में जारी सहयोग पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ऊर्जा और उर्वरक सुरक्षा समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी बातचीत के केंद्र में रहे।



बैठक की शुरूआत में प्रसारित अपने संबोधन में मोदी ने कहा, 'हम यूक्रेन मुद्दे पर चर्चा करते रहे हैं। जब पिछली बार हमारी मुलाकात हुई थी, तब आपने मुझे इस मामले के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी थी। जैसा कि आप जानते हैं, भारत शांति की दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है और आगे भी करता रहेगा।'

मोदी ने कहा,'युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेलता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम मानवता में नई उम्मीद और उत्साह भरता है। हमें अंतहीन युद्ध से दूर हटकर युद्ध के अंत की ओर बढ़ना चाहिए।'यह मानवता के कल्याण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सभी मुद्दों का जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान मानवता की पुकार है और यही भारत का संदेश है। गांधी और बुद्ध की धरती का एक ही संदेश है- शांति का मार्ग।'

मोदी और पुतिन की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। पुतिन वार्षिक इफ्क्कर शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल पुतिन की भारत यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'पिछले साल आपकी भारत यात्रा बेहद सफल और वास्तव में यादगार रही थी।

# पटाखा फैक्टरी बनी शमशान: चीखों के बीच थमीं 11 सांसें

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी अमित पाल ने बताया कि मनोरी गांव की एक पटाखा फैक्टरी में धमाका हुआ, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पांच अन्य घायलों का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।



उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में सोमवार दोपहर एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक हादसा पिपरी थाना क्षेत्र के मनोरी गांव में हुआ।

जिलाधिकारी अमित पाल ने बताया कि मनोरी गांव की एक पटाखा फैक्टरी में धमाका हुआ, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पांच अन्य घायलों का इलाज उसी अस्पताल में चल रहा है।

एसआरएन अस्पताल की इमरजेंसी... सोमवार को चारों तरफ मरीजों की आवाजाही और भाग-दौड़ के बीच अचानक माहौल बदल गया। एक के बाद एक घायल अस्पताल पहुंचने लगे। किसी के शरीर पर चोट के निशान थे तो कोई पूरी तरह से झुलसा था। किसी को अपने परिवार की चिंता थी तो किसी को इस बात का डर सता रहा था कि कहीं कोई मौत की खबर न सुना दे।

इमरजेंसी में पहुंचे घायलों के साथ परिजन भी बदहवास थे। कोई अपनों का नाम लेकर पुकार रहा था तो कोई डॉक्टरों के सामने हाथ जोड़कर बस एक ही बात कह रहा था, साहब किसी तरह बचा लीजिए।

इलाज के दौरान डॉक्टरों ने पांच वर्षीय प्रांजली, प्रवीण सिंह (13) और अंजू (32) को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर पहले तक जिन अपनों को बचाने की उम्मीद में परिजन अस्पताल पहुंचे थे उनके सामने अब मौत की सच्चाई थी। प्रांजली की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इमरजेंसी में मौजूद लोगों की आंखें नम थीं। वहीं, तीनों शव एसआरएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

## नौसेना से जुड़ा 80% स्वदेशी तकनीक से बना निपुण



एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के बेड़े में एक नया और बेहद शक्तिशाली सदस्य शामिल हो गया है, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा और गहरे समुद्र में पनडुब्बी बचाव अभियानों को एक नया आयाम मिलने वाला है। भारतीय नौसेना के स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल (डीएसवी) आईएनएस निपुण को आज (31 अगस्त 2026) को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में आयोजित होने वाले एक औपचारिक समारोह में कमीशन (सेवा में शामिल) किया गया। आईएनएस निपुण भारतीय नौसेना का निस्तार-क्लास का डाइविंग सपोर्ट जहाज है, जिसका निर्माण सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल), विशाखापत्तनम की ओर से किया गया है और इसे 30 जुलाई 2026 को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था, जिसके बाद से ही इसका परीक्षण और इसे नौसेना में शामिल करने की अंतिम तैयारियां जारी थीं।

आईएनएस निपुण का कमीशन होना रक्षा क्षेत्र में भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है। संस्कृत शब्द निपुण का अर्थ होता है- 'किसी कठिन कार्य में बेहद कुशल या पारंगत' और यह पोत अपनी क्षमताओं से इस नाम को पूरी तरह सार्थक करेगा।

## घर से जहर खाकर एसएसपी कार्यालय पहुंची महिला : हालत बिगड़ी तो जिला अस्पताल कराया गया भर्ती

**-सिविल लाइन थाना पुलिस पर प्रताड़ित करने का लगाया महिला ने लगाया आरोप**
**-गंभीर भारत में हायर सेंटर रेफर की गई महिला**
**-एसएसपी अंकिता शर्मा ने जांच के दिए आदेश, सीओ सिटी जांच में जुटे**

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बदायूं। सिविल** लाइंस थाना क्षेत्र के मीरा सराय काशीराम आवास कॉलोनी की रहने वाली महिला ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट, तमंचे से फायरिंग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उसके बेटे को चौकी पर बैठा लिया और चोरी के मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। इससे परेशान होकर सोमवार को महिला ने घर से जहर खा लिया और एसएसपी कार्यालय पहुंच गई। वहां हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



महिला नीता ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 30-31 अगस्त की रात करीब दो बजे विपिन, गोविंदा उर्फ काजल (किन्नर) और तीन अज्ञात लोग जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने कार की चाबी मांगी और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि इसी दौरान विपिन ने तमंचे से फायर भी किया। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए और पुलिस को सूचना दी।

महिला का आरोप है कि अगले दिन सुबह पांच बजे आरोपी दोबारा लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर लेकर उसके घर पहुंचे और दरवाजे पर पथराव किया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देकर चले गए।

शिकायती पत्र में महिला ने पुलिस पर उसके बेटे अरुण को चौकी ले जाने और 20 हजार रुपये मांगने का भी आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी अंकिता शर्मा ने सीओ सिटी को जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चुनावी तेवर में लौटीं मायावती, एक महीने में ही पार्टी तय कर देगी टिकट



एजेंसी न्यूज

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सितंबर माह में अपने अधिकांश टिकट फाइनल करने की तैयारी में है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को यूपी के सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों के साथ चुनावी तैयारियों पर मंथन किया। इस दौरान उन्होंने अन्य दलों की चुनावी रेवड़ियों से सावधान रहने को कहा। खासकर महिलाओं को भाजपा और सपा द्वारा हर साल हजारों रुपये देने के प्रलोभन से आगाह किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने जेन जी की समस्याओं का समर्थन करते हुए सरकारों से उनका निस्तारण करने को कहा।

बसपा सुप्रीमो ने बैठक में कहा कि यूपी की जनता विरोधी पार्टियों के ऐसे खुल्लमखुल्ला छलावों व विश्वासघात आदि से बचें और चुनाव में अपनी मर्जी के हिसाब से निष्पक्ष होकर वोट करें। देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव के बाद सरकार बन जाने पर ऐसी ही लगातार वादाखिलाफी और विश्वासघात जारी है। बसपा के संघर्ष के साथ 'जेन-जी और जेन-अल्फा' तक को ऐसे जनविरोधी रवैयों के कारण संघर्ष करना पड़ा जिसके बाद उन्हें पुलिस के मुकदमे आदि जैसे सरकारी दमन का सामना करना पड़ा है। वर्तमान में प्रदेश के लोगों को महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ेपन की वजह से मजबूरी में पलायन करना पड़ रहा है।

# बिहार-झारखंड में बंटवारा: गृह मंत्री के सामने सोन नदी जल बंटवारे पर दोनों राज्यों में एमओयू

एजेंसी न्यूज

**पटना।** बिहार एवं झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर पिछले 25 वर्षों से लंबित विवाद का समाधान हो गया। दिल्ली में दोनों राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के उप मुख्यमंत्री-सह-जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा दोनों राज्यों एवं केंद्र सरकार के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस ऐतिहासिक समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति



विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सक्रिय प्रयास, निरंतर संवाद और प्रभावी मध्यस्थता के कारण वर्षों से लंबित एवं जटिल विषय का समाधान संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि यह केवल जल बंटवारे का समझौता नहीं, बल्कि बिहार और झारखंड के बीच सहयोग, विश्वास और साझा विकास का नया अध्याय है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोन नदी जल बंटवारे के समाधान के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वर्ष 1973 के बाणसागर समझौते के तहत सोन नदी के कुल 14.25 मिलियन एकड़ फीट जल में से मध्य प्रदेश को 5.25 एमएएफ, उत्तर प्रदेश को 1.25 एमएएफ तथा तत्कालीन अविभाजित बिहार को 7.75 एमएएफ जल आवंटित किया गया था।

# सिंधु जल संधि विवाद: भारत ने खारिज किया मध्यस्थता अदालत का फैसला

## कहा- संप्रभु फैसलों पर अधिकार नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने विश्व बैंक द्वारा गठित सिंधु जल संधि से जुड़ी मध्यस्थता अदालत के फैसले को सिरे से खारिज कर दिया। मंत्रालय ने इस अदालत को ह्यअवैध तरीके से गठितह्न संस्था करार देते हुए कहा कि भारत का पाकिस्तान के साथ जल संधि को स्थगित रखने का फैसला लागू रहेगा।

भारत ने सोमवार को विश्व बैंक द्वारा गठित सिंधु जल संधि से जुड़ी मध्यस्थता अदालत के फैसले को खारिज करते हुए उसे अवैध रूप से गठित निकाय बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस अदालत का भारत के संप्रभु फैसलों पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है और भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला लागू रहेगा। वहीं, मध्यस्थता अदालत ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद संधि को स्थगित करने के लिए भारत द्वारा दिए गए आधार पर्याप्त नहीं हैं और संधि अभी भी पूरी तरह लागू है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विश्व बैंक ने संधि की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए इस तथाकथित मध्यस्थता अदालत का गठन किया है। भारत इस तथाकथित अदालत के फैसले को उसी तरह खारिज करता है, जिस तरह उसने पहले भी इस ह्यअवैध रूप से गठितह्न संस्था की सभी टिप्पणियों और फैसलों को खारिज किया है। भारत ने कानून की नजर में इस अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता अदालत के अस्तित्व को कभी मान्यता नहीं दी है और लगातार यह रुख कायम रखा है कि इस कथित मध्यस्थता निकाय की स्थापना ही सिंधु जल संधि का गंभीर उल्लंघन है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 'भारत ने इस निकाय के सामने कभी पैरवी नहीं की और इसके पहले दिए गए किसी भी फैसले या टिप्पणी को मानने से भी इनकार किया है। भारत ने इस निकाय के सामने कभी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई और इसके पहले के किसी भी फैसले पर कोई संज्ञान लेने से इनकार किया है।'

विदेश मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मध्यस्थता अदालत के पास भारत के संप्रभु फैसलों पर किसी भी तरह का अधिकार क्षेत्र नहीं है।

अब या भविष्य में इसके दिए गए किसी भी फैसले का भारत द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं से जुड़े उसके कदमों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।




विदेश मंत्रालय का यह बयान उस समय आया, जब इससे कुछ घंटे पहले मध्यस्थता अदालत ने कहा था कि जिन आधारों पर भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया, वे संधि को निलंबित करने या समाप्त करने को उचित नहीं ठहराते। इसलिए सिंधु जल संधि पूरी तरह लागू है और भारत को संधि के तहत अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए।

# कार डिप्लोमेसी: पुतिन के साथ फिर एक गाड़ी में नजर आए पीएम मोदी

## एससीओ सम्मेलन के बीच इस मुलाकात के क्या मायने?

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान के दो दिवसीय दौरे के बाद किर्गिस्तान में एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। सोमवार को उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति समेत कई नेताओं से मुलाकात की। इसी दौरान मोदी और पुतिन एक ही कार में सफर करते दिखाई दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने इंस्टाग्राम पर इसकी तस्वीर साझा करते हुए बताया कि दोनों नेता विश्व घुमंतू खेलों के लिए जा रहे थे। दोनों नेताओं की यह तस्वीर एक बार फिर भारत-रूस संबंधों और मोदी की चर्चित कार डिप्लोमेसी को चर्चा में ले आई। मोदी और पुतिन की कार में साथ यात्रा ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच सहयोग को लेकर बातचीत लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। मोदी ने सोमवार को पुतिन के साथ बातचीत में रूस-यूक्रेन संघर्ष का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने युद्ध को तुरंत समाप्त करने की जरूरत बताई और कहा कि अब अंतहीन युद्ध से आगे बढ़कर संघर्ष खत्म करने की दिशा में कदम उठाने का समय है। मोदी ने शांतिपूर्ण समाधान को पूरी मानवता की साझा प्राथमिकता बताया। यानी



कार में साथ सफर की तस्वीर के साथ बातचीत में एक संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय मुद्दा भी प्रमुख रहा।

मोदी और पुतिन की यह बातचीत ऐसे समय हुई है, जब रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा प्रस्तावित है। पुतिन करीब एक सप्ताह बाद नई दिल्ली में होने वाले वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत पहुंचेंगे। ऐसे में एससीओ सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं की बातचीत को आगामी भारत यात्रा की तैयारी के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। मोदी ने बातचीत के दौरान पुतिन की पिछली भारत यात्रा को याद किया और उसे बेहद सफल तथा यादगार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

### एक नजर

## बिजलीकर्मी बनकर वसूली कर रहे तीन आरोपी दबोचे

**आंवला।** बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर उपभोक्ताओं से रुपये ऐंठने और मीटरों से छेड़छाड़ करने वाले तीन आरोपियों को सोमवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बरेली निवासी अनीश, मुकेश और मुन्ना के रूप में हुई है। एसडीओ आंवला कामेश कुमार के अनुसार तीनों मोहल्ला गंज में एक उपभोक्ता से मीटर धीमा करने के नाम पर रुपये मांग रहे थे। संदेह होने पर उपभोक्ता सचिन गुप्ता और स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़कर विभाग को सूचना दी। तलाशी में आरोपियों के पास नया विद्युत मीटर, सीलिंग बुक और मीटर खोलने-बांधने के उपकरण मिले। पूछताछ में समीर नामक साथी का भी पता चला, जो फरार है। विभाग ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# आरक्षण के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** यूजीसी के विवादित प्रावधानों की समीक्षा, आरक्षण व्यवस्था में न्यायसंगत संशोधन और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की प्रक्रिया सरल करने की मांग को लेकर सोमवार को सवर्ण समाज के लोग सड़कों पर उतर आए। पुरैना से तहसील तक पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी की गई। तहसील पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा को सौंपा। सुबह करीब 11 बजे बड़ी संख्या में लोग पुरैना स्थित सिद्धस्थली मंदिर पर एकत्र हुए। यहां से महाराणा प्रताप चौक पहुंचे और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद त्रिपौलिया होते हुए सभी लोग नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील परिसर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ज्ञापन में कहा गया कि किसी वर्ग, जाति या समुदाय के अधिकारों को कम करना उद्देश्य नहीं है। सभी नागरिकों और विद्यार्थियों को समान अवसर, न्याय और सम्मान मिलना चाहिए। इसके लिए समय-समय पर ऐसी व्यवस्थाओं की समीक्षा जरूरी है। प्रदर्शनकारियों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में लागू यूजीसी के उन नियमों और प्रावधानों की व्यापक समीक्षा की मांग की, जिन्हें लेकर विद्यार्थियों और विभिन्न सामाजिक वर्गों में भेदभाव अथवा दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने नई व्यवस्था लागू करने से पहले विद्यार्थियों, छात्र संगठनों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों से व्यापक संवाद करने की बात कही। आरक्षण व्यवस्था की वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप समीक्षा कर आवश्यक संशोधन करने की मांग भी उठाई गई। कहा गया कि आरक्षण का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद परिवारों और व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए सभी वर्गों, संवैधानिक विशेषज्ञों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर संवाद कर संविधान के दायरे में आवश्यक बदलावों पर विचार किया जाए। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र बनवाने में आने वाली दस्तावेजी और प्रशासनिक दिक्कतों को दूर करने की मांग ज्ञापन में शामिल रही। प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने, अनावश्यक दस्तावेजों को कम करने, ऑनलाइन आवेदन और सत्यापन व्यवस्था को प्रभावी करने तथा पात्र आवेदकों को निर्धारित समय में प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। तहसील स्तर पर आवेदकों की सहायता और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को किसी एक समाज की मांग के रूप में न देखकर विद्यार्थियों के भविष्य, सामाजिक न्याय, समान अवसर और सामाजिक समरसता से जोड़कर देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संविधान और कानून के दायरे में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान भुवनेश्वर सिंह, जयगोविंद सिंह, राजकुमार सिंह, गोपाल सिंह उर्फ गुड्डू फौजी, प्रवीन कुमार सिंह उर्फ बिल्लू भैया, अतुल कुमार सिंह, जयदीप पाराशरी, अवनेश शंखधार, अवनीश तिवारी, मोहित गुप्ता, विमल गुप्ता, दुर्गेश सक्सेना, सुदेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, राधा कृष्ण माहेश्वरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जलभराव व खराब लाइटों को लेकर ईओ को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** कस्बे में लगातार बदहाल होती जल निकासी और ठप पड़ी प्रकाश व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद फरीदपुर के सभासद रंजीत सिंह चौहान ने अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार व चेयरमैन को एक शिकायती पत्र सौंपकर आक्रोश व्यक्त किया है। इस पत्र के माध्यम से सभासद ने कस्बे की जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए बताया है कि कस्बे में जल निकासी की कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण चारों तरफ गंदा पानी जमा हो रहा है। हालत यह है कि छोटे बच्चों, महिलाओं और आम जनता को गंदे नाले के पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। रुके हुए इस दूषित पानी की वजह से क्षेत्र में मलेरिया और डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। वहीं दूसरी बड़ी समस्या खराब स्ट्रीट लाइटों की उठाई गई है। वर्तमान में कस्बे की पथ प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है, जिससे रात के समय स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सदस्य रंजीत सिंह चौहान ने पालिका अध्यक्ष को उनके कर्तव्यों की याद दिलाते हुए कहा कि जनता ने उन्हें अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए चुना है। चुनाव के समय हम उन्हें वादे करते हैं कि उनकी समस्या अथवा परेशानी होने पर साथ खड़े रहेंगे। यदि उनकी परेशानी को नहीं समझा तो दोबारा जनता के बीच क्या मुंह लेकर जाएंगे। उन्होंने पालिका प्रशासन से समस्याओं को तुरंत संज्ञान लेकर जनता को निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान सभासद देवेन्द्र सिंह टोनी भी साथ रहे।

# गौशाला चारा घोटाला: जांच करने फतेहगंज पहुंचे अधिशासी अभियंता विनय शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** आज सोमवार को एक्स ई एन विनय शर्मा फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत गौशाला चारे घोटाले की जांच करने पहुंचे। आपको बताते चलें कि शासन के निर्देश पर एक सप्ताह में जांच कर आख्या मांगी गई थी मगर एक महा बाद जांच करने पहुंचे अधिकारी। 30 जून को यूपी शासन के सचिव राजेश्वर सिंह में दिए थे निर्देश। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर जिलाधिकारी द्वारा गठित त्रिस्तरीय जांच कमेटी के सदस्य एक्स ई एन गौशाला चारे के घोटाले की जांच करने पहुंचे। शिकायत कर्ता के बयान दर्ज कर शासन को भेजेंगे रिपोर्ट। जून माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को संबोधित शिकायत पत्र में भाजपा नेता आशीष अग्रवाल नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी के ईओ पुष्पेंद्र राठौर पर गौशाला चारे के भुगतान में लाखों रुपयों के गबन की शिकायत के प्रकरण में शासन के विशेष सचिव राजेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी बरेली को जांच कर सप्ताह भर में रिपोर्ट तलब की थी जिसमें अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह ने उपजिलाधिकारी मीरगंज, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग बरेली एवं खंड विकास अधिकारी मीरगंज की त्रिस्तरीय कमेटी गठित की थी। इसी क्रम में आज एक्स ई एन विनय शर्मा ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर शिकायत कर्ता आशीष अग्रवाल के बयान दर्ज कर गौशाला संबंधी भुगतान के दस्तावेज की जांच की। जांच के दौरान चेयरमैन और ईओ के उपस्थित नहीं थे। शिकायत में पूर्व ईओ शिवलाल राम ने छ माह में तीन लाख पचास हजार के चारे का भुगतान किया था परंतु ईओ पुष्पेंद्र राठौर की तैनाती से गौ शाला के चारे का मासिक भुगतान तीन लाख के करीब पहुंच कर कई गुना बढ़ा दिया गया जबकि गौ शाला में रहने वाले पशुओं की संख्या के अनुसार उनको मानक अनुरूप चारा एवं सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने बताया कि 30 जून को यूपी शासन के सचिव राजेश्वर सिंह ने गौशाला चारे घोटाले की जांच कर एक सप्ताह में आख्या मांगी थी, मगर दो महीने बाद शुरू हुई जांच को पहुंचे अधिकारी को नगर पंचायत में नहीं मिले अधिशासी अधिकारी।

## खेत की मेढ़ उखाड़ने का आरोप, 4 पर मुकदमा

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव रईया नगला में अदालत के आदेश के बाद राजस्व विभाग द्वारा कराई गई खेत की पक्की मेढ़बंदी को उखाड़ने और सरकारी टूदे हटाकर जमीन मिलाने का मामला सामने आया है। किसान रहमत हुसैन की शिकायत पर एसडीएम के निर्देश से पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। किसान के अनुसार गाटा संख्या 765 की भूमि की सीमांकन प्रक्रिया के बाद राजस्व विभाग ने पुलिस की मौजूदगी में पक्के टूदे लगाकर मेढ़बंदी कराई थी। आरोप है कि नाजिश, चुन्नी, मोहम्मद आजम उर्फ बल्लू और नादिर ने मेढ़ काटकर सरकारी टूदे उखाड़ दिए और जमीन मिला ली। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस जांच कर रही है।

# फायर स्टेशन प्रभारी की शानदार विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



फायर स्टेशन प्रभारी को सम्मानित करते सीएफओ तथा कार्यक्रम में आए लोग।

**बहेड़ी।** पांच साल पहले अगस्त महीने में फायर स्टेशन प्रभारी का पदभार ग्रहण करने आए योगेश कुमार सेवानिवृत्त हो गये। हालांकि अभी उनका कार्यालय एक साल बचा था पर निजी कारणों के चलते उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति मांग ली।

सेवानिवृत्त होने पर फायर स्टेशन पर उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों समेत समाज के तकरीबन हर तबके ने उनकी कार्यशैली की तारीफ की। अपने उद्बोधन में मुख्य अग्नि शमन अधिकारी मनु शर्मा ने कहा कि योगेश कुमार ने अपने विनम्र स्वभाव के साथ पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इतना ही नहीं, अपने अधीनस्थों में जिस टीम भावना को विकसित किया उसकी मिसाल कम ही मिलती है। एफ एस ओ संजीव कुमार यादव ने कहा कि उनकी सजगता का ही नतीजा था कि हर छोटी बड़ी घटना पर वे सबसे पहले मौके पर पहुंचे बल्कि विपरीत हालातों का डटकर सामना किया। विदाई कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी तमाम लोग पहुंचे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अग्नि शमन अधिकारी के साथ आए अन्य अधिकारियों ने योगेश कुमार को शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह व अन्य उपहार भेंट किए। फायर स्टेशन के स्टाफ सदस्यों के अलावा तमाम गणमान्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में योगेश कुमार के परिजन भी मौजूद थे। कुछ पलों के लिए माहौल बहुत भावुक हो गया। फायर स्टेशन पर फिलहाल किसी नये प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई है। मीरगंज फायर स्टेशन से मुकेश चौहान के कंधों पर फिलहाल यहाँ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बेटे की मौत पर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन, पुलिस ने परिवार पर ही दर्ज किया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ फरीदपुर में आत्महत्या के बाद बढ़ा विवाद, जाम और पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप, परिजनों ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

**बरेली।** फरीदपुर में युवक की आत्महत्या के बाद न्याय की मांग को लेकर सड़क पर उतरे परिजनों पर ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। बेटे की मौत से आक्रोशित परिवार ने शव मुख्य मार्ग पर रखकर प्रदर्शन किया था। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शन के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनी और पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। वहीं, मृतक के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। फरीदपुर की आनंद बिहार कॉलोनी निवासी रामकुमार ने 28 अगस्त को पुलिस को सूचना दी थी कि उनके बेटे रंजीत ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर फरीदपुर थाने के मुख्य मार्ग पर पहुंच गए और सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। भीड़ जुटने से यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस का आरोप है कि प्रदर्शन के जरिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया। कस्बा चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक जसवीर सिंह की तहरीर पर रामकुमार, रमेश और केसरी लाल को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच उपनिरीक्षक तरुण कुमार को सौंपी गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस पर सवाल खड़े किए। उनका आरोप है कि रंजीत की मौत के लिए जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही थी, उन पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने परिवार के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।



## बिलपुर क्रॉसिंग पर घंटों लगा भीषण जाम, राहगीर परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** सोमवार को भी बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम के हालात बने रहे। जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर लगातार ट्रेनों के गुजरने के साथ रेलवे फाटक अधिक टाइम तक बंद रहने से बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम के हालात बने रहे। इधर रक्षाबंधन के त्योहार के बाद घर लौटने को उमड़ी भीड़ के कारण सड़क पर वाहनों का दबाव पहले से ही अधिक था। क्रॉसिंग बार-बार बंद होते ही दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और देखते ही देखते जाम के हालात बन गए। घंटो तक भीषण जाम लग गया। जाम में फंसे लोग वाहनों को निकालने की कोशिश करते रहे, लेकिन व्यवस्था संभालने और वाहनों को पास कराने के लिए मौके पर आज भी खाकी कहीं नजर नहीं आई। लंबे समय तक क्रॉसिंग बंद रहने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

# डीआईजी ने की अपराध समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई तेज होगी। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों को साइबर शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर पीड़ितों को जल्द राहत दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन, साइबर अपराध में फंसी धनराशि यानी लीन अमाउंट की स्थिति और लंबित मामलों की कार्रवाई की समीक्षा की।

डीआईजी ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधियों और माफियाओं की अवैध संपत्तियों को चिह्नित कर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। गोकशी और गौ तस्करी के मामलों में कठोर कार्रवाई तथा एनएसए के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला उत्पीड़न और दहेज संबंधी मामलों की विवेचना समयबद्ध पूरी करने पर जोर दिया गया। दहेज उत्पीड़न के मामलों की विवेचना महिला थाने से कराने संबंधी निर्देश भी दिए गए। बैठक में हत्या, लूट, वाहन चोरी, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो, अपहरण, धर्मांतरण और साम्प्रदायिक संघर्ष समेत गंभीर अपराधों की बिंदुवार समीक्षा हुई। वांछित और पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी, लंबित विवेचनाओं और निरोधात्मक कार्रवाई की भी जानकारी ली गई। डीआईजी ने गुंडा, गौवध निवारण, शस्त्र और गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और जनता की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

# योगी सरकार की गोवंश संरक्षण नीति को गौशाला में लगा 'ताला'!

जागरण मोर्चा कार्यालय



▸ सभासदों के पहुंचते ही गेट पर अंदर से ताला लगाने का आरोप, न चोकर मिला न हरा चारा, बदबूदार भूसे पर उठे सवाल

**फतेहगंज पश्चिमी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार गोवंश संरक्षण और उनकी बेहतर देखभाल को प्राथमिकता देने की बात कहते रहे हैं। प्रदेशभर में गोवंश के संरक्षण, उनके चारे और गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर सरकार की ओर से खर्च किया जा रहा है। इसके बावजूद फतेहगंज पश्चिमी नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में सोमवार को सामने आई स्थिति ने सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच अंतर पर सवाल खड़े कर दिए। सोमवार सुबह नगर पंचायत के सभासद अबोध सिंह और धर्मेंद्र सिंह उर्फ मोनू ठाकुर गौशाला का जायजा लेने पहुंचे। सभासदों के मुताबिक, वहां व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलीं। गोवंश के चारे को लेकर उन्होंने मौजूद कर्मचारी और केयरटेकर से सवाल-जवाब किए। इसके बाद जब दोनों सभासद गौशाला के गेट के बाहर आए तो आरोप है कि अंदर से गेट पर ताला लगा दिया गया।

सभासदों का आरोप है कि ताला अधिशासी अधिकारी के आदेश पर लगाया गया, ताकि गौशाला की कथित अनियमितताएं सामने न आ सकें। हालांकि इस आरोप पर संबंधित अधिकारी का पक्ष सामने नहीं आया है। सभासद अबोध सिंह ने मामले की शिकायत फोन पर एसडीएम निधि शुक्ला से की। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल लेखपाल आदित्य गंगवार को मौके पर भेजा। लेखपाल के पहुंचने के बाद गेट पर लगा ताला खुलवाया गया और गौशाला का निरीक्षण किया गया। सभासदों के अनुसार निरीक्षण के दौरान पौष्टिक आहार के नाम पर चोकर मौके पर नहीं मिला। हरा चारा भी मौजूद नहीं था। गोवंश के लिए रखा भूसा काला, सीलनयुक्त और दुर्गंध वाला बताया गया। वहीं गौशाला के केयरटेकर ने बताया कि चोकर एक दिन पहले ही खत्म हुआ था और सोमवार को उसकी व्यवस्था की गई है। लेखपाल ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी निधि शुक्ला को भेज दी है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई का इंतजार है। सरकार गोवंश के संरक्षण और गौशालाओं की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में नगर पंचायत की कान्हा गौशाला में चारे की गुणवत्ता, हरे चारे की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर उठे सवाल जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। सभासद अबोध सिंह और धर्मेंद्र सिंह उर्फ मोनू ठाकुर ने कहा कि वे अब एसडीएम की जांच और उसके बाद होने वाली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री की गोवंश संरक्षण की मंशा तभी धरातल पर दिखाई देगी, जब गौशालाओं में गोवंश को पर्याप्त, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण चारा तथा बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## मंगेतर संग मंदिर से लौट रहे युगल से लूटपाट

**फरीदपुर (बरेली)।** साठा वाली नहर के पास सोमवार दोपहर बाइक सवार तीन बदमाशों ने युवक और उसकी मंगेतर को रोककर बदसलूकी, मारपीट और लूटपाट की। ग्राम मढ़ी सुकटिया निवासी सत्यप्रकाश मंगेतर के साथ पहलऊ मंदिर से बाइक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि बदमाशों ने बाइक रोककर मंगेतर का हाथ पकड़कर खेत की ओर खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर सत्यप्रकाश से मारपीट की और जेब से एक हजार रुपये व दो मोबाइल फोन लूट लिए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि तीसरा फरार हो गया। सीओ संदीप कुमार सिंह ने बताया कि अरमान और फहीम हिरासत में हैं। उन्होंने फरार साथी का नाम अनीस बताया है। पुलिस जांच कर रही है।




## एक नजर

### सचिन कश्यप हत्याकांड में कठोर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बरेली।** भाजपा ओबीसी मोर्चा मणिनाथ मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय सचिन कश्यप की हत्या के मामले में कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को हिंदुस्तानी पसमांदा मंच के जिला अध्यक्ष शारिक अब्बासी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मुख्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, हत्या के कारणों और पुरानी रंजिश समेत सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच तथा सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, पत्नी को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी और परिवार को सुरक्षा देने की मांग भी रखी। शारिक अब्बासी ने कहा कि निष्पक्ष जांच के साथ ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे अपराधियों में कानून का भय कायम हो। इस दौरान संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 75 एटीएम, 28 चेकबुक और फर्जी नौकरी... ऐसे चलता था 20 लाख के लोन का खेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- भोजीपुरा में फर्जीवाड़े के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार, 3 .50 लाख रुपये नकद समेत बैंक दस्तावेजों का जखीरा बरामद
- 20 लाख का लोन, पीड़ित को सिर्फ 71 हजार

**बरेली।** किसी के नाम पर फर्जी नौकरी खड़ी करना, खाते में महीनों तक वेतन डालना और फिर उसकी अच्छी सिबिल रिपोर्ट के दम पर बैंक से लाखों रुपये का लोन निकलवा लेना... भोजीपुरा में पकड़े गए गिरोह का यही खेल था। पुलिस ने मॉडर्न विलेज स्थित ठिकाने पर छापा मारकर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मौके से 75 एटीएम कार्ड, 28 चेकबुक, सात पासबुक और 3.50 लाख रुपये नकद मिलने से पुलिस भी हैरान रह गई। गिरोह का एक सदस्य आमिर खान उर्फ यामिर खान फरार है। एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मॉडर्न विलेज के



एक मकान में फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक लोन कराने का नेटवर्क चल रहा है। रविवार रात गिरोह के सदस्य ठगी से हासिल रकम के बंटवारे के लिए जुटे थे। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने रात करीब 1:27 बजे दबिश देकर राम नयन गुप्ता उर्फ कृष्णा गुप्ता उर्फ कृष्ण कन्हैया, राकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता और ऋषभ कुमार सक्सेना को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में 75 एटीएम कार्ड, 28 चेकबुक, सात बैंक पासबुक, आठ आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, तीन फर्जी परिचय पत्र, फर्जी पे-स्लिप और फॉर्म-16 के साथ 12 मोबाइल व 11 सिम कार्ड बरामद हुए। पुलिस ने केनरा बैंक मुरादाबाद की मुहर मिलने का भी दावा किया है।पुलिस के मुताबिक गिरोह ऐसे लोगों की तलाश करता था, जिनकी सिबिल अच्छी होती थी। उनके आधार कार्ड के जरिए नया सिम लेकर दस्तावेजों में पता बदलवाया जाता। इसके बाद अलग-अलग बैंकों में खाते खुलवाकर दो-तीन महीने तक उनमें वेतन के नाम पर रकम ट्रांसफर की जाती थी। इससे बैंक रिकॉर्ड में नियमित नौकरी और आय का भ्रम पैदा होता था। इसके बाद फर्जी नौकरी, वेतन, फॉर्म-16, पे-स्लिप और अन्य दस्तावेज तैयार कर बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक समेत दूसरे बैंकों में 15 से 20 लाख रुपये तक के लोन की फाइल लगाई जाती थी। लोन स्वीकृत होने के बाद संबंधित व्यक्ति को मामूली रकम देकर बाकी पैसा चेक और अन्य बैंकिंग माध्यमों से निकाल लिया जाता था।पूछताछ में लखीमपुर खीरी निवासी संजीव कुमार के नाम पर बैंक ऑफ बड़ौदा से 20 लाख रुपये का लोन कराने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार संजीव को केवल 71 हजार रुपये दिए गए, जबकि बाकी रकम आरोपियों ने आपस में बांट ली। पुलिस का दावा है कि बरामद 3.50 लाख रुपये इसी रकम का हिस्सा हैं।

गिरोह के तार बैंक ऑफ बड़ौदा की इज्जतनगर शाखा से भी जुड़ने की बात सामने आई है। पुलिस अब बरामद मोबाइल, सिम, एटीएम, चेकबुक और बैंक खातों के लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस रिकॉर्ड में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से भी मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। फरार आमिर खान की तलाश में दबिश दी जा रही है। जांच का सबसे बड़ा सवाल यही है कि 75 एटीएम और 28 चेकबुक के पीछे कितने लोगों की पहचान और कितने करोड़ रुपये का लोन छिपा है।

## कोटेदार विवाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट

**मीरगंज।** मीरगंज थाना क्षेत्र के लभेड़ा दुर्गा प्रसाद गांव में सरकारी गल्ले की दुकान को लेकर चल रहे विवाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि 31 अगस्त की सुबह दुकान कम खुलने और कम राशन देने का विरोध करने पर अजयपाल, रामनिवास, रामपाल और राहुल ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं गोपाल कश्यप ने आरोप लगाया कि 30 अगस्त की शाम पुरानी रंजिश को लेकर अजयपाल, आकाश समेत अन्य लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। दोनों पक्षों ने चोट लगने और परिजनों द्वारा बीच-बचाव करने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक को टक्कर मारकर दो किमी तक स्कूटी घसीटती रही कार, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाइपास पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक उछलकर सड़क पर दूर जा गिरा, जबकि उसकी स्कूटी कार के अगले हिस्से में फंस गई।

इसके बावजूद कार करीब दो किलोमीटर तक स्कूटी को सड़क पर घसीटती रही। राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि बाद में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर समझौता कर लिया। नार्थ सिटी निवासी अथर्व गंगवार के मुताबिक वह शुक्रवार रात



स्कूटी से पीलीभीत बाइपास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक सामने गाय आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अथर्व उछलकर दूर जा गिरे। गनीमत रही कि वह कार की चपेट में नहीं आए। हादसे के बाद स्कूटी कार के अगले हिस्से में फंस गई। आरोप है कि कार चालक ने वाहन नहीं रोका और स्कूटी करीब दो किलोमीटर तक सड़क पर घिसटती रही। यह नजारा देखकर राहगीर भी हैरान रह गए। इसी दौरान एक व्यक्ति ने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। घटना के बाद दोनों पक्ष इज्जतनगर थाने पहुंचे। थाना प्रभारी के मुताबिक स्कूटी की मरम्मत और घायल युवक के इलाज का खर्च उठाने पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। दोनों ने लिखित रूप से पुलिस को देकर कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही है।

## सुभाषनगर में युवक की हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के वंशीनगर मढ़ीनाथ में युवक सचिन कश्यप की हत्या के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी आशीष मौर्य को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को सोमवार, 31 अगस्त 2026 को मुखबिर की सूचना पर गणेश नगर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया की गई और जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, वादिनी गुड्डी देवी पत्नी सचिन कश्यप निवासी गली नंबर-3, वंशीनगर मढ़ीनाथ ने 29 अगस्त को थाना सुभाषनगर में लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि सचिन कश्यप के साथ बाबू उर्फ रोहित,



अमित उर्फ भज्जी, बाबू उर्फ रोहित की मां और आशीष मौर्य ने एक राय होकर मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान बाबू उर्फ रोहित ने सचिन के सीने में चाकू/गुप्ती से वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपियों ने वादिनी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

### शराब पीने के दौरान शुरू हुआ विवाद

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी आशीष मौर्य ने बताया कि उसकी बाबू उर्फ रोहित से अच्छी जान-पहचान थी और रोहित उसके मोहल्ले में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। दोनों के बीच उठना-बैठना था। आरोपी के मुताबिक 28 अगस्त की रात करीब नौ बजे वह बाबू उर्फ रोहित और अमित उर्फ भज्जी के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान सचिन कश्यप वहां पहुंचा और बाबू उर्फ रोहित से बच्चों को बिगाड़ने तथा वंश से चोरी करने की बात कहकर विवाद करने लगा। पूछताछ में आशीष ने यह भी बताया कि करीब दो महीने पहले भी सचिन और बाबू के बीच लेन-देन समेत अन्य बातों को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान विवाद बढ़ने पर उसने बाबू का पक्ष लेते हुए सचिन को थप्पड़ मारे। आरोपी के अनुसार, जब बाबू उर्फ रोहित घर के अंदर गया तो उसने और अमित उर्फ भज्जी ने सचिन को पकड़ लिया। इसके बाद बाबू घर के अंदर से चाकू लेकर आया और सचिन के सीने में वार कर दिया। सचिन वहीं गिर पड़ा। मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर तीनों आरोपी मौके से भाग गए।

### गणेश नगर गेट के पास दबोचा

घटना के बाद पुलिस ने मुकदमे में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी सुभाषनगर निरीक्षक सतीश कुमार नैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर गणेश नगर गेट के पास करीब 75 मीटर पहले से आरोपी आशीष मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी की। मामले में अन्य नामजद आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### पुलिस टीम में शामिल रहे

इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश कुमार नैन, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल 2668 लक्ष्मी चंद, कांस्टेबल 980 विनीत कुमार, कांस्टेबल 146 जयपाल सिंह और रिजर्व कांस्टेबल 2418 शिवम कुमार शामिल रहे।

## मोदी ग्राउंड में मामूली विवाद पर मचा बवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

### तमंचे से फायरिंग कर फैलाई दहशत

- दो युवकों के सिर पर बट से किया हमला, बीच-बचाव करने वाले को भी बनाया निशाना, चार पर मुकदमा, एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बरेली।** इज्जतनगर के मोदी ग्राउंड में रविवार रात बच्चों के विवाद में बीच-बचाव करना कुछ लोगों को भारी पड़ गया। आरोप है कि बाइक सवार युवकों ने मौके पर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक युवक ने तमंचा निकालकर दो लोगों के सिर पर उसकी बट से वार कर दिया। इसके बाद बीच-बचाव करने वाले युवक पर गोली चला दी। निशाना चूकने से वह बाल-बाल बच गया। आरोपियों ने भागते समय भी फायरिंग की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है।

धौरेरा माफी निवासी शिवम



पटेल ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे वह मोदी ग्राउंड में घूम रहे थे। मैदान में कुछ बच्चों के बीच कहासुनी हो रही थी। विवाद बढ़ता देखकर उन्होंने हस्तक्षेप कर बच्चों को अलग कर दिया। इसी दौरान पुनीत मौर्य, अंशु मौर्य, भगवान शरण और राजवीर मौर्य बाइक से वहां आ गए। आरोप है कि आते ही युवकों ने शिवम और वहां मौजूद लोगों से अभद्रता शुरू कर दी। शिवम के मुताबिक गाली-गलौज का विरोध करने पर पुनीत ने तमंचा निकाल लिया और टिंकू व मनोज के सिर पर बट से हमला कर दिया। दोनों के घायल होने के बाद शिवम ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि पुनीत ने इसी दौरान तमंचे से गोली चला दी। गोली शिवम को नहीं लगी और वह बच गए। फायरिंग के बाद मैदान में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई शिकायत के अनुसार वारदात के बाद आरोपी बाइक से फरार हो गए। आरोप है कि जाते समय भी उन्होंने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। इज्जतनगर पुलिस ने पुनीत मौर्य, अंशु मौर्य, भगवान शरण और राजवीर मौर्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस घटना में इस्तेमाल तमंचे और फायरिंग से जुड़े साक्ष्यों की भी जांच कर रही है।

## आरटीओ दफ्तर के बाहर दलालों पर कसा शिकंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

### 10 अवैध खोखे-दुकानें हटाईं

- औचक कार्रवाई से मची खलबली, संदिग्ध वाहनों की भी जांच
- सीसीटीवी से बिचौलियों पर रखी जाएगी 24 घंटे नजर

**बरेली।** आरटीओ कार्यालय के बाहर लंबे समय से सक्रिय बताए जा रहे दलालों और बिचौलियों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सोमवार को अचानक अभियान चलाया। अफसरों की टीम को सड़क पर उतरते देख गेट और आसपास मौजूद लोगों में खलबली मच गई। टीम ने मुख्य द्वार के आसपास लगे अवैध खोखों और अस्थायी दुकानों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान 10 अस्थायी दुकानों और अतिक्रमणों को हटाने के साथ संदिग्ध रूप से खड़े वाहनों की भी जांच की गई। आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह और आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा के नेतृत्व में टीम ने कार्यालय के मुख्य गेट से आसपास के इलाके में औचक जांच शुरू



की। इस दौरान रास्ते में किए गए अतिक्रमण हटवाए गए और जरूरत के अनुसार कुछ अस्थायी ढांचों का ध्वस्तीकरण भी कराया गया। अधिकारियों ने साफ किया कि कार्यालय परिसर या गेट के आसपास दलाली करते कोई मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिवहन अधिकारियों ने कार्यालय के सभी सीसीटीवी कैमरे चौबीसों घंटे चालू रखने और उनकी रिकॉर्डिंग नियमित रूप से देखने के निर्देश दिए हैं। बार-बार कार्यालय के आसपास घूमने वाले संदिग्ध बिचौलियों की पहचान कैमरों के जरिए कर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने वाहन स्वामियों और लाइसेंस बनवाने वालों से दलालों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, परमिट समेत अन्य कार्य ऑनलाइन पोर्टल, जनसेवा केंद्र या अधिकृत काउंटर से कराए जा सकते हैं। आरटीओ पंकज सिंह ने कहा कि कार्यालय को दलाल और अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए औचक चेकिंग आगे भी जारी रहेगी। दोबारा अवैध दुकानें लगाने या बिचौलियों की सक्रियता मिलने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 8 लाख लेकर आरोपियों को बचाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अलीगंज थाना क्षेत्र की महिला ने अपने मुकदमे की विवेचना पर गंभीर सवाल उठाते हुए एसएसपी से अग्रिम अथवा पुनः विवेचना किसी अन्य पुलिस अधिकारी से कराने की मांग की है। ग्राम हाफिजगंज निवासी नीतू



सिंह ने आरोप लगाया कि पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न किया। देवर पर गलत हरकतें करने और विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया। महिला के मुताबिक, ससुराल वालों ने उस पर देवर से शादी करने का दबाव बनाया और विरोध करने पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास भी किया। महिला की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से 20 जून 2026 को अलीगंज थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। महिला का दावा है कि उसके बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष भी दर्ज किए गए और घटना की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में सुरक्षित है। आरोप है कि पर्याप्त साक्ष्य के बावजूद विवेचक ने मुकदमे से गंभीर धाराएं हटा दीं और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। महिला ने विवेचक पर आरोपियों से आठ लाख रुपये लेकर मुकदमा कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि 14 अगस्त को कुछ धाराओं में आरोप पत्र भेज दिया गया। महिला ने आरोप पत्र पर आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता का पीछा करने का आरोप, कॉल-मैसेज से परेशान करने पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सीबीगंज में जून से चल रहा सिलसिला, ब्लॉक करने और परिवार के समझाने के बाद भी नहीं रुकी युवक की हरकतें

**बरेली।** सीबीगंज में सुप्रीम कोर्ट की महिला अधिवक्ता ने एक युवक पर लगातार पीछा करने, कॉल करने और सोशल मीडिया पर मैसेज भेजकर परेशान करने का आरोप लगाया है। जून से जारी कथित हरकतों से परेशान अधिवक्ता ने सीबीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर ब्लॉक करने और परिवार की ओर से युवक को समझाने के बावजूद उसने संपर्क करना बंद नहीं किया। पीड़िता के मुताबिक सीबीगंज निवासी गोविन्द उपाध्याय जून 2026 से फेसबुक मैसेंजर, लिंक्डइन समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार मैसेज भेज रहा था। ब्लॉक किए जाने के बाद उसने कॉल और ईमेल के जरिए संपर्क करना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि घर से बाहर निकलने पर युवक कई बार उनका पीछा भी कर चुका है। परेशान होकर उन्होंने परिवार को जानकारी दी। जुलाई में उनके पिता ने युवक के घर पहुंचकर उसके पिता से शिकायत की। समझाने के बाद कुछ दिन तक युवक शांत रहा, लेकिन फिर कॉल और मैसेज का सिलसिला शुरू हो गया। पीड़िता के ताऊ विजय गुप्ता ने भी युवक के पिता से शिकायत की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। पीड़िता के अनुसार 26 अगस्त को रक्षाबंधन के लिए वह सीबीगंज स्थित अपने घर पहुंचीं। आरोप है कि उन्हें देखते ही युवक ने लगातार दर्जनों कॉल किए और ईमेल-मैसेज भेजे। इससे वह मानसिक तनाव में हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है। महिला अधिवक्ता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई कि विरोध के चलते आरोपी उनके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413





# नैनी जेल में वाटर वुमन ने रोपा शमी का पौधा बंदियों को दिया सकारात्मक बदलाव का संदेश

## 'हरित जेल अभियान' के तहत जेल परिसर में पौधारोपण, बंदियों से किया आत्मचिंतन और सुधार का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ने के उद्देश्य से वाटर वुमन शिप्रा ने सोमवार को प्रयागराज स्थित केंद्रीय कारागार नैनी में 'हरित जेल अभियान' के तहत शमी का पौधा रोपित किया। जेल अधीक्षक विजय विक्रम के साथ उन्होंने जेल परिसर में पौधारोपण किया। इसके बाद उन्होंने बंदियों से संवाद कर उन्हें आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच और जीवन में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वाटर वुमन शिप्रा ने कहा कि प्रकृति केवल पर्यावरण को ही नहीं बदलती, बल्कि मनुष्य की सोच और जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। इसी सोच के साथ 'हरित जेल अभियान' शुरू किया गया है। अभियान के तहत देश की विभिन्न जेलों में बंदियों के सहयोग से 'पंचतत्व पौधशाला' विकसित करने की योजना है। इन पौधशालाओं में तैयार किए गए पौधों को जेल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में रोपित कर हरित वातावरण विकसित किया जाएगा।


जेल में शमी का पौधा लगाती वाटर बुमन शिप्रा पाठक व मौजूद जेल प्रशासन।

नैनी जेल में बंदियों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में परिस्थितियां कैसी भी हों, मनुष्य अपनी सोच, संकल्प और कर्मों के माध्यम से बदलाव की शुरुआत कर सकता है। जेल में बिताए जा रहे समय को आत्मचिंतन और स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर बनाया जाना चाहिए। प्रकृति से जुड़ाव इस बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी बन सकता है।

शिप्रा पर्यावरण और नदियों के संरक्षण के लिए लंबे समय से देशभर में पदयात्राएं कर रही हैं। वह नर्मदा, शिप्रा, गोमती, कैलाश मानसरोवर तथा अयोध्या से रामेश्वरम तक करीब 15 हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी हैं। उनकी संस्था पंचतत्व के माध्यम से देश की प्रमुख नदियों और उनके आसपास के क्षेत्रों में अब तक 61 लाख पौधे लगाए और संरक्षित किए जाने की जानकारी दी गई। 'हरित जेल अभियान' के तहत वाटर वुमन इससे पहले गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद और बदायूं की जेलों का भ्रमण कर बंदियों से संवाद कर चुकी हैं। अभियान के माध्यम से जेलों में पौधारोपण के साथ ही बंदियों को प्रकृति से जोड़कर सकारात्मक जीवन-दृष्टि विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को वह नैनी केंद्रीय कारागार पहुंचीं। शमी का पौधा रोपित करने के साथ उन्होंने बंदियों को प्रकृति संरक्षण और जीवन में सकारात्मक बदलाव का संदेश दिया। जेल प्रशासन और बंदियों के सहयोग से आगे भी हरित गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।


बंदियों को सम्बोधित करती वाटर बुमन शिप्रा पाठक। -जागरण मोर्चा

# संगठन को मजबूत करने और पुराने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने पर मंथन

## भाजपा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष पूरन लाल लोधी ने राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी रविवार रात राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त के बदायूं स्थित आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने स्वतंत्र प्रकाश गुप्त और उनके परिवार से मुलाकात की। स्वतंत्र प्रकाश गुप्त ने परिवार सहित उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुलाकात के दौरान भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। पुराने एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी देने और उनके अनुभव का लाभ लेने पर भी चर्चा की गई।


राज्य सूचना आयुक्त के घर पर ब्रज क्षेत्र के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी। -जागरण मोर्चा

क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी और राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त के बीच जनसेवा से जुड़े कार्यों को और प्रभावी बनाने तथा जनहित के विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और कार्ययोजनाओं को लेकर आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया।

राज्य सूचना आयुक्त के ओएसडी शुभम अग्रवाल ने बताया कि मुलाकात में संगठन को मजबूत करने के साथ पुराने और अनुभवी कार्यकर्ताओं की भूमिका को प्रभावी बनाने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर विचार हुआ।

इस अवसर पर भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, मनोज मसीह, मनोज गुप्ता, पवन शर्मा, अरविंद वाल्मीकि, राजेश्वर कश्यप, मोहित प्रभाकर वाल्मीकि समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नीम करौली बाबा के दर्शन से लौट रहे युवक का अपहरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नीम करौली महाराज के दर्शन कर साथियों के साथ लौट रहे युवक को सफेद स्कॉर्पियो सवार आधा दर्जन से अधिक लोगों ने बिसौली-आसफपुर मार्ग पर गाड़ी रोककर जबरन अगवा कर लिया। आरोपियों ने युवक को उसकी गाड़ी से खींचकर मारपीट की और अपनी स्कॉर्पियो में डालकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी का पीछा किया, लेकिन करीब 100 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद भी आरोपी हाथ नहीं आए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निजरा निवासी लल्ला बाबू पुत्र दीनदयाल 29 अगस्त को साथियों के साथ नैनीताल स्थित नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए गए थे। रविवार को लौटते समय बिसौली-आसफपुर मार्ग पर नगर में पूर्व विधायक कुन्नू बाबू की कोठी के सामने एक सफेद स्कॉर्पियो ने उनकी गाड़ी रोक ली। आरोप है कि स्कॉर्पियो सवार लोगों ने लल्ला बाबू को गाड़ी से बाहर खींच लिया और मारपीट करने के बाद जबरन अपनी गाड़ी में डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसफपुर तिराहे पर गश्त कर रही पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो का पीछा शुरू कर दिया। बताया गया कि आरोपी गंगा एक्सप्रेसवे की ओर भागे। वायरलेस से आसपास के थानों को सूचना देकर घेराबंदी कराई गई। पुलिस ने करीब 100 किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन आरोपी चकमा देकर फरार हो गए। लल्ला बाबू के भाई रामबाबू की तहरीर पर पुलिस ने अर्जुन निवासी सिचौली, संजीव निवासी कालूपुर समेत चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# 208 वाहनों के चालान, 10 ओवरलोड वाहनों समेत बस सीज, पांच लाख रुपये प्रशमन शुल्क सरकारी खाते में जमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए परिवहन विभाग ने शनिवार और रविवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान इंटरसेप्टर के माध्यम से ओवरस्पीड समेत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 208 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। वहीं, खनन में संलिप्त ओवरलोड 10 वाहनों को सीज किया गया। कार्रवाई के बाद वाहन स्वामियों से पांच लाख रुपये प्रशमन शुल्क के रूप में सरकारी खाते में जमा कराए गए।


बस सीज करते एआआरटीओ हरिओम कुमार। -जागरण मोर्चा

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) हरिओम ने बताया कि जिले में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं तेज गति और वाहन चालकों की लापरवाही के कारण होती हैं। इन्हें रोकने के लिए परिवहन विभाग लगातार प्रवर्तन अभियान चला रहा है।

अभियान के दौरान 122 वाहनों का ओवरस्पीड, 19 का बिना हेलमेट, 32 का बिना सीट बेल्ट, पांच का रॉन्ग साइड ड्राइविंग और 20 वाहनों का वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के मामले में चालान किया गया। इसके अलावा खनन में संलिप्त 10 ओवरलोड वाहनों को कुंवरगांव और बिनावर थाने तथा उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं में सीज किया गया। वहीं, अनधिकृत रूप से संचालित एक बस को भी उप संभागीय परिवहन कार्यालय में सीज किया गया। विभाग की कार्रवाई से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, भाजपा नेता ने परिजनों को बंधाया ढांढस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान क्षेत्र के गांव बहबलपुर के पास बुधवार शाम हुए सड़क हादसे में युवक की मौत से होतीपुर गांव में शोक की लहर है। हादसे में मृतक के साथ बाइक पर सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

बताया गया कि गांव होतीपुर निवासी सुभाष (25) और सोनपाल (52) बुधवार शाम बाइक से खितौरा सामान लेने गए थे। रात करीब सात बजे दोनों बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बहबलपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुभाष की मौत हो गई, जबकि सोनपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।


मृतक के परिजनों को सांत्वना देते भाजपा नेता विक्रांत यादव। -जागरण मोर्चा

घटना के बाद भाजपा नेता विक्रांत यादव मृतक सुभाष के आवास पर पहुंचे। उन्होंने दिवंगत सुभाष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। साथ ही घायल सोनपाल के बेहतर उपचार के लिए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

विक्रांत यादव ने प्रशासन से हादसे के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन की पहचान कर उसके चालक के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क हादसे में परिवार ने अपना सदस्य खोया है, ऐसे में आरोपी वाहन चालक की तलाश कर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

आक्रोश

## सीडीओ के नाम पशुपालन विभाग के खिलाफ सौंपा शिकायती पत्र

# गौशालाओं में अव्यवस्थाओं के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गौशालाओं में गोवंश के संरक्षण और व्यवस्थाओं में कथित लापरवाही के विरोध में सोमवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के प्रांत महामंत्री पंकज गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी के नाम पशुपालन विभाग से संबंधित शिकायती पत्र सौंपा। इसमें गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार कराने और कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई।

संगठन ने मांग की कि सड़कों पर घूम रहे गोवंश को तत्काल संरक्षित किया जाए, ताकि सड़क हादसों में मानव और गोवंश दोनों की जान बचाई जा सके। सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने, गोवंश को सूखे भूसे के साथ हरा चारा और चोकर उपलब्ध कराने तथा पशु चिकित्सकों द्वारा नियमित भ्रमण कर बीमार गोवंश का उपचार सुनिश्चित करने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने सभी गोवंश की अनिवार्य टैगिंग कराने, मृत्यु होने पर टैग नंबर और कारण का रिकॉर्ड रखने तथा गौशालाओं के भोजन, आय-व्यय और गोवंश से संबंधित सभी रजिस्टर मौके पर उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्धारित क्षमता से अधिक गोवंश रखे जाने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


गौशालाओं की अवस्थाओं को लेकर बजरंग दल का धरना प्रदर्शन में मौजूद लोग।

संगठन ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल गोवंश के तत्काल उपचार और उन्हें नजदीकी गौशाला में संरक्षित कराने, उपचार का सरकारी रिकॉर्ड रखने तथा गंभीर बीमार गोवंश का उपचार पशु चिकित्सक की जांच के बाद ही कराने की मांग की। साथ ही गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की संख्या और सरकारी अभिलेखों का टैग नंबर के आधार पर मिलान कराने की मांग उठाई। पंकज गुप्ता ने कहा कि मांगों पर एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। इस दौरान करण दक्ष, श्याम शर्मा, विकास सनातनी, दारा सिंह, अंकेश सनातनी, सत्यम गुप्ता, महानंद मौर्या, अजय गुप्ता, शेखर सक्सेना, रुद्र सनातनी, अनिल कश्यप समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोविंद पाठक को मातृ शोक

**बिसौली।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद पाठक की मां मनोरमा पाठक पत्नी मुनेंद्र पाल पाठक का सोमवार सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही स्वजन रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। मनोरमा पाठक के पुत्र गोपाल पाठक यूनियन बैंक में मैनेजर हैं, जबकि दूसरे पुत्र गोविंद पाठक भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैं। स्वजनों के अनुसार वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के चलते क्षेत्र में उनकी अलग पहचान थी। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए स्वजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# जगत ब्लॉक में आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की कार्यकारिणी गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा की मासिक बैठक सोमवार को ब्लॉक सभागार जगत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना ने की। इस दौरान संगठन की गतिविधियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक को जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष खजाना देवी, जिला महासचिव शोभा वर्मा और जिला संगठन मंत्री चांद बी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जगत परियोजना की ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें सर्वेश शर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष, सिकंदरी बेगम को ब्लॉक उपाध्यक्ष, रुक्मिणी देवी और मिथिलेश कुमारी को ब्लॉक सचिव, सलोनी यादव को ब्लॉक कोषाध्यक्ष तथा प्रेमवती को ब्लॉक संगठन मंत्री बनाया गया। पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत करते हुए संगठन के हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई।


बैठक में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

बैठक में आगामी आंगनबाड़ी जिला सम्मेलन को सफल बनाने पर विशेष रूप से चर्चा हुई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर पुष्पा देवी, उर्मिला देवी, सलोनी देवी, लक्ष्मी देवी, निदा परवीन, वंदना सक्सेना, दान कुमारी, रीता, सीता देवी, मिथिलेश, सयमा परवीन, शबाना, संजीदा खातून, रामगुनी समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## संक्षेप समाचार

### बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लगा मेगा कैंप

**बिसौली।** विद्युत वितरण खंड बिसौली में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सोमवार को एसडीओ विकास राजपूत के नेतृत्व में मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और अधिकांश शिकायतों का आवश्यक कार्रवाई के बाद मौके पर ही निस्तारण किया। मेगा कैंप में उपभोक्ताओं ने नए विद्युत कनेक्शन, स्वीकृत लोड बढ़ाने, खराब मीटर बदलवाने, बिजली बिल में संशोधन तथा बिल जमा करने सहित अन्य समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने शिकायतों को दर्ज कर संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई की। एसडीओ विकास राजपूत ने बताया कि मेगा कैंप में आने वाली प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्प डेस्क पर किया जा रहा है। उपभोक्ता अपने ऑनलाइन अकाउंट के माध्यम से शिकायत की स्थिति भी देख सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का लाभ उठाएं। शिविर में जेई दिनेश कुमार, उमेश कुमार सहित विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### नेपाल के बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया बदायूं स्काउट संगठन


राहत सामग्री एकत्र करने को बैठक में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** नेपाल में ग्लेशियर टूटने के बाद आई विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी में अपनों से बिछड़े और घरों से बेघर हुए लोगों की मदद के लिए बदायूं स्काउट संगठन ने राहत अभियान शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। सोमवार को स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित बैठक में राहत सामग्री एकत्र करने, उसके वर्गीकरण, पैकिंग, परिवहन और वितरण की रणनीति तैयार की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि जिले की स्काउट टीम राहत सामग्री लेकर 15 सितंबर को नेपाल के लिए रवाना होगी। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संकट की इस घड़ी में नेपाल के पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक और मानवीय दायित्व है। उन्होंने जिलेवासियों से राहत अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। पूर्व जिला मुख्यायुक्त डा. बीपी सिंह सोलंकी ने कहा कि स्काउटिंग का मूल उद्देश्य सेवा, अनुशासन और मानवता की रक्षा करना है। आपदा के समय स्काउट स्वयंसेवक सदैव समाज के साथ खड़े होकर पीड़ितों की सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर की छोटी सहायता आपदा प्रभावित परिवार के लिए बड़ी उम्मीद बन सकती है। इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप के अध्यक्ष डा. एसके गुप्ता ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जन-धन की हानि के साथ परिवारों को मानसिक और सामाजिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में राहत सामग्री के साथ संवेदना और आत्मीय सहयोग पहुंचाना भी जरूरी है। जिला रोवर आयुक्त प्रोफेसर डा. मनवीर सिंह ने राहत कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड संगठन आपदा प्रबंधन, प्राथमिक सहायता और मानव सेवा के लिए प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को तैयार करता रहा है। बैठक में राहत सामग्री एकत्र करने और उसे जरूरत के अनुसार व्यवस्थित कर नेपाल पहुंचाने की तैयारियों पर चर्चा हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष विनोद कुमार सक्सेना, श्रवण कुमार थरेजा, प्रेमपाल सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, जिला सचिव आलोक कुमार पाठक, सुभाष मैथिल, महिपाल सिंह, विजय कुमार सक्सेना, नंदराम शाक्य, मुनेंद्र बहादुर सक्सेना, आदित्य यादव आदि मौजूद रहे। संचालन जिला संगठन कमिश्नर मुहम्मद असरार एवं पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने किया।

### सुकुर्रा घाट पर दूसरे दिन भी गंगा में डूबे युवक का नहीं मिला शव


युवक के शव को ढूंढने के लिए गंगा किनारे लगी ग्रामीणों की भीड़।

**बदायूं।** सुकुर्रा घाट पर गंगा में डूबे युवक का दूसरे दिन सोमवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार सुबह से पुलिस और रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट की मदद से गंगा में कई किलोमीटर के दायरे में तलाशी अभियान चलाया, लेकिन देर शाम तक युवक का शव बरामद नहीं हो सका। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सहसवान थाना क्षेत्र के गांव सलावतपुर निवासी बृजेश रविवार दोपहर गंगा स्नान करने सुकुर्रा घाट पहुंचा था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण सफलता नहीं मिल सकी। घटना की सूचना मिलते ही सहसवान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेश पाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई गई। रविवार देर शाम तक चले तलाशी अभियान के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह पुलिस और रेस्क्यू टीम दोबारा सुकुर्रा घाट पहुंची। मोटर बोट के जरिए गंगा में दूर तक तलाशी अभियान चलाया गया। टीम ने संभावित स्थानों पर युवक की तलाश की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिली थी। रविवार को एसडीआरएफ टीम के देर से पहुंचने को लेकर परिजनों ने नाराजगी भी जताई थी। दूसरे दिन भी घाट पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। परिजन गंगा किनारे बैठकर युवक के मिलने की आस लगाए रहे।

# राखी बंधवाकर दिल्ली लौट रहे दो सगे भाइयों समेत चार युवकों की हापुड़ सड़क हादसे में मौत

## गंगा एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार थार कई बार पलटी, चार युवकों की मौत; उघैती समेत तीन गावों में पसरा मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक जसवीर।


मृतक दोस्त।


जसवंत का फाइल फोटो।


रवि का फाइल फोटो।


घर के बाहर रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** रक्षाबंधन पर बहन से राखी बंधवाकर दिल्ली लौट रहे दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की हापुड़ सड़क हादसे में मौत हो गई। गंगा एक्सप्रेसवे पर हापुड़ जिले के सिंभावली थाना क्षेत्र में रविवार देर रात तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

मृतकों में उघैती थाना क्षेत्र के गांव मेवली निवासी सगे भाई सुखबीर (25) और जसवंत (20) भी शामिल हैं। दोनों दिल्ली के अलीपुर क्षेत्र स्थित एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करते थे। बताया गया कि हादसा रविवार रात करीब 11:56 बजे हुआ। थार की रफ्तार करीब 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है। अचानक वाहन अनियंत्रित होकर डगमगाया और कई बार पलटते हुए सड़क किनारे जा पहुंचा। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक अंदर फंस गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों और युवकों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने पालपुर निवासी जोगिंदर (26), मेवली निवासी सुखबीर और जसवंत तथा पुरदलपुर निवासी रवि (20) को मृत घोषित कर दिया। पालपुर निवासी विष्णु (17) घायल है और उसका उपचार चल रहा है।

**राखी बंधवाकर निकले थे दोनों भाई :** सुखबीर और जसवंत रक्षाबंधन का त्योहार मनाने गांव आए थे। रविवार को दोनों ने बहन आरती से राखी बंधवाई। इसके बाद रात में दिल्ली वापस जाने के लिए रवाना हुए थे। परिवार को क्या पता था कि कुछ ही घंटे बाद दोनों भाइयों की मौत की खबर आएगी। हादसे की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

सुखबीर की करीब तीन वर्ष पहले शादी हुई थी। उसकी करीब डेढ़ वर्ष की बेटी जयप्रवा है। छोटे भाई जसवंत और बहन आरती की अभी शादी नहीं हुई थी। परिवार में दोनों भाई माता-पिता के साथ आर्थिक जिम्मेदारियां संभाल रहे थे।

**पिता पैरालिसिस से पीड़ित, दोनों बेटे थे सहारा :** परिजनों के मुताबिक सुखबीर और जसवंत की कमाई से ही परिवार का खर्च चलाने में मदद मिलती थी। उनके पिता पैरालिसिस से पीड़ित हैं। ऐसे में दोनों बेटों की एक साथ मौत से परिवार पर दुख के साथ आर्थिक संकट भी टूट पड़ा है। मां और बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मासूम जयप्रवा के सिर से पिता का साया उठ जाने से गांव के लोग भी गमगीन हैं।

# पीड़िता के घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट, बेटे को थाने में किया बंद

- पुलिस कार्रवाई से परेशान महिला ने खाया जहरीला पदार्थ
- एसएसपी कार्यालय प्रार्थना पत्र देने पहुंची तो बिगड़ी हालत

जागरण मोर्चा कार्यालय


पीड़ित महिला नीता उर्फ विनीता।


पीड़ित महिला से गाली गलौज करता युवक।

**बदायूं।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मीरा सराय मोहल्ले में चार पहिया वाहन के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने का मामला सामने आया है। महिला की हालत बिगड़ने पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार महिला की हालत फिलहाल सामान्य और स्थिर है। वहीं, महिला ने पुलिस पर कार्रवाई को लेकर परेशान करने और उसके बेटे को थाने में बंद करने का आरोप लगाया है।

मीरा सराय निवासी नीता उर्फ विनीता (44) पत्नी राधेश्याम के बेटे अरुण सक्सेना (23) का कांशीराम कॉलोनी निवासी विपिन शर्मा पुत्र राकेश शर्मा से चार पहिया वाहन की खरीद-फरोख्त को लेकर लेनदेन का विवाद चल रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। महिला का आरोप है कि दबंगों ने उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और उसके बेटे को पुलिस ने थाने में बंद कर दिया। कार्रवाई से परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

बताया गया कि जहरीला पदार्थ खाने के बाद महिला प्रार्थना पत्र देने के लिए एसएसपी कार्यालय की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगीं। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है।

**पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों पर हुई निरोधात्मक कार्रवाई :** सिविल लाइंस पुलिस के मुताबिक वाहन के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद और मारपीट की शिकायतें मिली थीं। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं में निरोधात्मक कार्रवाई की थी। पुलिस का कहना है कि नीता ने दूसरे पक्ष पर रुपये वापस नहीं करने और मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अपने घर पर नशीले पदार्थ का सेवन किया था। बाद में शिकायत करने जाते समय उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस के मुताबिक मामले में वादी की लिखित तहरीर के आधार पर नीता और अरुण सक्सेना के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने चार लोगों को मारी टक्कर, गर्भवती महिला का गर्भ गिरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** वजीरगंज से दवा लेकर बाइक से घर लौट रहे परिवार के चार लोगों को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक, उसकी पत्नी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल गर्भवती महिला का चोटों के कारण गर्भ गिर गया। सभी घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर स्कार्पियो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मुसेपुर निवासी संजय पुत्र गोवर्धन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त को करीब तीन बजे उसका पुत्र धर्मेंद्र अपनी पत्नी अंगूरी देवी और मामा टिंकू पुत्र दयाराम निवासी कस्वार थाना वजीरगंज के साथ बाइक से दवा लेकर घर लौट रहा था। वजीरगंज से करीब आधा-पौन किलोमीटर आगे पहुंचने पर धर्मेंद्र ने अपनी बहनों गोता और प्रीति को आते देखा। इसके बाद बाइक सड़क किनारे खड़ी कर सभी लोग आपस में बातचीत करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान सामने से लाल रंग की स्कार्पियो तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए गलत दिशा में आ गई। चालक ने सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में धर्मेंद्र, गोता, प्रीति और अंगूरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। अंगूरी देवी गर्भवती थीं। पीड़ित के मुताबिक हादसे में लगी चोटों के कारण उनका गर्भ गिर गया। घटना की सूचना टिंकू ने फोन पर संजय को दी। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। संजय ने बताया कि घायलों के इलाज में व्यस्त होने के कारण वह तत्काल पुलिस को सूचना नहीं दे सका। हालत में कुछ सुधार होने के बाद उसने पुलिस को तहरीर दी।

# एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अधिकांश शिकायतों का कराया तत्काल निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय


लोगों की समस्या सुनकर निस्तारण करती एसडीएम बिसौली प्रियंका गोयल।

**बिसौली।** सोमवार को उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल ने तहसील में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर अधिकांश शिकायतों का संबंधित विभागों के माध्यम से तत्काल समाधान कराया गया।

एसडीएम प्रियंका गोयल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को मौके की स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को भी निस्तारण की जानकारी देने के निर्देश दिए गए।

# शादी का झांसा देकर युवती से संबंध, अब शादी से मुकरा युवक, ननिहाल में पड़ोसी से हुआ प्रेम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाने और बाद में शादी से इनकार करने का मामला सामने आया है। युवती मूल रूप से संभल जिले के एक गांव की रहने वाली है और उसका ननिहाल बिसौली क्षेत्र के गांव में है। बताया जा रहा है कि ननिहाल में रहने के दौरान युवती को पड़ोस के एक युवक से प्रेम हो गया। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर करीब दो वर्षों तक युवती से संबंध बनाए। अब युवक शादी से इनकार कर रहा है।

मामला रविवार को तब सामने आया जब युवती ने युवक के सामने शादी करने की बात रखी। आरोप है कि युवक ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने अपने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। परिजन युवती को लेकर युवक के घर पहुंचे और दोनों की शादी कराने की मांग रखी। युवक के परिजनों ने मामले में विचार करने के लिए समय मांगा।

सोमवार को मामले को लेकर गांव में पंचायत भी बैठी। पंचायत में दोनों पक्षों के लोगों ने मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। युवती शादी कराने की मांग पर अड़ी रही। उसने शादी नहीं होने पर पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। पंचायत बेनतीजा रहने के बाद मामला गांव में चर्चा का विषय बना रहा।

**दो साल से संबंध होने का आरोप :** बताया जा रहा है कि युवती अपने ननिहाल में आने-जाने के दौरान पड़ोसी युवक के संपर्क में आई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। युवती के परिजनों का आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर करीब दो वर्षों तक उसके साथ संबंध बनाए, लेकिन अब शादी करने से इनकार कर रहा है। ग्राम प्रधान ने भी जानकारी होने की पुष्टि करते हुए बताया कि युवक शादी के लिए तैयार नहीं है और युवती की ओर से शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### पिकअप और सरकारी बस की टक्कर में पांच घायल

**बिसौली।** एमएफ राजमार्ग पर दिसौलीगंज के पास सोमवार सुबह पिकअप और सरकारी बस की टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार पांच महिला-पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली लाया गया। जानकारी के अनुसार आसफपुर से नौ महिलाएं और चार पुरुष पिकअप से उघैती क्षेत्र के गांव बेहटा जानी जा रहे थे। बताया गया कि सभी एक सेवादार के पास अपनी परेशानियों का समाधान कराने जा रहे थे। इसी दौरान दिसौलीगंज के निकट पिकअप की सरकारी बस से टक्कर हो गई। हादसे में रामपाल पुत्र हरनाम, मोरकली पत्नी रामचंद्र, मीरा पत्नी हरीश मौर्य, मोरकली पत्नी प्रेमपाल और शिवानी पुत्री प्रेमपाल घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी बिसौली पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

### राजेश कोरी की मौत पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने योगी सरकार से मांगा जवाब


मृतक राजेश के परिवार से बात करते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**बदायूं।** पुलिस हिरासत में दलित युवक राजेश कोरी की मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बदायूं पहुंचे। उन्होंने नेकपुर स्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के आवास पर पहुंचकर उनके अनिश्चितकालीन धरने को समर्थन दिया। इसके बाद अजय राय मृतक राजेश कोरी के गांव अटसेना पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। अजय राय ने कहा कि दातागंज कोतवाली में दलित युवक राजेश कोरी की पुलिस हिरासत में हुई मौत संदिग्ध और अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रदेश सरकार को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस की मांग है कि घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी पुलिसकर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव राजेश कोरी के परिवार से मिलने और उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में साथ देने के लिए गांव जा रहे थे, तब पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। इसके विरोध में अजीत यादव ने अपने आवास पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने धरनास्थल पर पहुंचकर अजीत यादव से मुलाकात की और पुलिस प्रशासन के रवैये की निंदा की। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज को दबने नहीं देगी। यदि सत्ता के दबाव में सच को दबाने का प्रयास किया गया तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इस मुद्दे को उठाएगी। उन्होंने कहा कि राजेश कोरी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है। पीड़ित परिवार को सुरक्षा और उचित मुआवजा दिए जाने की भी उन्होंने मांग की। इसके बाद अजय राय कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के साथ अटसेना गांव पहुंचे। यहां उन्होंने राजेश कोरी के परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस उनके साथ खड़ी है और न्याय की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष के बदायूं पहुंचने से कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के चल रहे आंदोलन को भी राजनीतिक समर्थन मिला। अजीत यादव ने अजय राय का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के गांव पहुंचने और परिवार से मिलने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा कि राजेश कोरी के परिवार को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में दीपक मिश्रा, बफाती मियां, अकरम खान, राजीव पटेल, सूरज पाल सोलंकी, बबलू लोहार, मंजेश यादव, अहमद अमजदी, सत्यम यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रिश्वतखोर ड्रग इंस्पेक्टर पर कार्रवाई नहीं, प्रशासन की मंशा पर उठे सवाल

**बदायूं।** जिले में दवा कारोबार की निगरानी करने वाले ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सोशल मीडिया पर उनका एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें मेडिकल स्टोर संचालकों से कथित महीनादारी वसूली और बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर संचालित कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामला कादरचौक थाना क्षेत्र के जोरी नगला गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो से जुड़े दावों के अनुसार गांव में एक मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था।


लवकुश प्रसाद।

आरोप है कि दुकान संचालक से हर महीने एक निश्चित रकम ली जाती थी और इसके बदले दुकान संचालन में कथित रूप से सहूलियत दी जाती थी। आरोप है कि महीनादारी की रकम देने में देरी होने पर मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि छापेमारी के बाद संचालक से करीब 3.50 लाख रुपये लिए गए, जबकि लगभग दो लाख रुपये की दवाएं सील कर दी गईं। आरोपों के मुताबिक भुगतान में देरी ही कार्रवाई की वजह बनी। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह दवा दुकानों की निगरानी और लाइसेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ड्रग इंस्पेक्टर को लेकर इससे पहले भी कथित रिश्वतखोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बावजूद अब तक स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। नए वीडियो के बाद स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। हालांकि वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है।

**आयोजन** सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया हुनर, विजेताओं को मिले पुरस्कार

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में मनाया याकेश वार्ष्णेय स्मृति दिवस, विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय



सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा दिखातीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में याकेश वार्ष्णेय स्मृति दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल प्रतियोगिताओं, फैंसी ड्रेस, प्रश्नोत्तरी और मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसमें पल्लवी सक्सेना, पल्लवी चौहान, माही गुप्ता, योगिता यादव, अलिका और मानसी खन्ना ने प्रस्तुति दी। कक्षा छह के विद्यार्थियों पावनी तिवारी, सपना यादव, शुभी शर्मा, अनुषिका गुप्ता, काव्या उपाध्याय, रोशनी शर्मा और दीक्षा ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। जन्माष्टमी कार्यक्रम में अदिति, काव्या यादव, रुचि वर्मा, आशी अग्रवाल, माही गुप्ता, तोशी राजपूत, गरिमा पाल, अनन्या पाल और आराध्या ने प्रतिभाग किया। कक्षा सात के विद्यार्थियों ने घूमर और शिव तांडव की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने विभिन्न रूपों में सजकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्साह दिखाया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों के लिए वॉटर टारगेट रेस तथा कक्षा चार के विद्यार्थियों के लिए जलेबी रेस आयोजित की गई। बच्चों ने प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने विजेता और प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और टीम भावना का विकास करते हैं। मुख्य अतिथि आशु वार्ष्णेय ने भी विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्मृति दिवस विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, मनोरंजन और प्रतिभा प्रदर्शन का यादगार अवसर बना।

## राजेश कोरी के परिवार को शैलेश पाठक ने दी सहायता राशि

**दातागंज।** पुलिस हिरासत में राजेश कोरी की मौत के मामले में राजनीतिक दलों के नेताओं का पीड़ित परिवार से मिलने का सिलसिला जारी है। नेता परिवार के बीच पहुंचकर संवेदना जताने के साथ मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की मदद के लिए अभी तक कोई ठोस कदम सामने नहीं आया। इस बीच भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक ने राजेश कोरी के परिजनों से मुलाकात कर सहायता राशि प्रदान की। राजेश कोरी की मौत के बाद से परिवार में मातम का माहौल है। परिजनों का आरोप है कि परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों और भविष्य को लेकर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि घटना के बाद कई राजनीतिक दलों के नेता और प्रतिनिधि परिवार से मिलने पहुंचे हैं, लेकिन आर्थिक सहायता के नाम पर अब तक कोई आगे नहीं आया।

# मेरे कार्यकाल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का होगा पूर्ण भुगतान : फात्मा रजा

जागरण मोर्चा कार्यालय


सेवानिवृत कर्मचारियों को चेक प्रदान करती पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा।

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद में सेवानिवृत्ति समारोह पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त हुए मानचित्रकार शरीफ अहमद को पालिका की ओर से उनके देयकों के तहत 19 लाख 3 हजार 475 रुपये का भुगतान किया गया। पालिकाध्यक्ष ने फूलमाला, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी अपने परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के साथ ही सेवाकाल के अनुभवों को साझा करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए तनावमुक्त जीवन जीना चाहिए और नियमित योग को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारी के सुखद, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की।

समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारी शरीफ अहमद ने पालिका में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पालिका में सेवा के दौरान उन्हें मिले सम्मान और सहयोग को वह हमेशा याद रखेंगे। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने भी उनके कार्यकाल से जुड़े अनुभव साझा किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि उनके कार्यकाल में नगर पालिका से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के देयकों का पूर्ण भुगतान कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, नवैद इकबाल गनी, रजनेश चंद्र, लवी, राजेंद्र सिंह, विनोद सोनकर, सुमित सिंह, महेश बाबू, इमरान, गजेंद्र आदि मौजूद रहे।



# सेवानिवृत्ति के बाद भी सरकारी आवास पर कब्जे से उठे सवाल

## नियमों को ताक पर रखकर जमे हैं पूर्व अफसर, एसडीए में नई तैनाती के बावजूद नहीं छोड़ा बंगला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए पूर्व अपर नगर आयुक्त एसके सिंह नियमों को दरकिनार कर अभी भी सरकारी आवास पर काबिज हैं। सेवानिवृत्ति के दो माह बीत जाने के बावजूद उन्होंने बंगला खाली नहीं किया है। वर्तमान में वह शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण (एसडीए) में प्रशासनिक अधिकारी पद पर आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत हैं, जबकि इस पद की सेवा शर्तों में सरकारी आवास का कोई प्रावधान नहीं है।

यमों के मुताबिक सेवानिवृत्ति के बाद अधिकारी को अधिकतम एक माह के भीतर सरकारी आवास खाली करना अनिवार्य होता है। इसके उलट, पूर्व अपर नगर आयुक्त न केवल आवास में टिके हैं, बल्कि बंगले के बाहर अब भी अपर नगर आयुक्त पदनाम की नेमप्लेट चमक रही है। इस पूरे प्रकरण में नगर निगम की ओर से अब तक आवास खाली कराने संबंधी नोटिस या तय अवधि के बाद देय राशि के निर्धारण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। वहीं, सेवानिवृत्ति के तत्काल बाद एक माह के भीतर एसडीए में उनकी पुनर्नियुक्ति को लेकर भी शहर के युवाओं और प्रशासनिक गलियारों में खासी चर्चा है।



पूर्व अपर नगर आयुक्त आवास शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

नियमों के तहत सेवानिवृत्ति के बाद एक माह में आवास खाली करना अनिवार्य है। यदि आवास अभी तक खाली नहीं किया गया है, तो इस मामले की जांच कराई जाएगी।
-सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त

सेवानिवृत्ति के बाद दो से तीन महीने तक आवास में रह जा सकता है। इसके बाद तय मानक दर (स्टैंडर्ड रेट) के अनुसार भुगतान कर दिया जाएगा। विभाग के जो भी निर्देश होंगे, उनका पालन किया जाएगा।
-एसके सिंह, प्रशासनिक अधिकारी (एसडीए)

प्रशासनिक अधिकारी सरकारी आवास में रह रहे हैं या निजी आवास में, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। उनके पद की सेवा शर्तों में सरकारी आवास की सुविधा शामिल नहीं है।
-रजनीकांत सचिव (एसडीए)

## पहले प्रयास में सृष्टि ने जेआरएफ किया क्वालीफाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**परशुरामपुरी (जलालाबाद) शाहजहांपुर** । जलालाबाद के ग्राम नगरिया बुजुर्ग निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राम सेवक शर्मा की बेटी सृष्टि आर. शर्मा ने हिंदी विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में जेआरएफ क्वालीफाई कर जिले और विश्वकर्मा समाज का नाम रोशन किया है। वर्तमान में सृष्टि का परिवार मोहल्ला चमकनी में रह रहा है। सृष्टि ने इसी वर्ष एमए हिंदी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने नेट परीक्षा में पहले ही प्रयास में 99.6 पर्सेंटाइल हासिल कर जेआरएफ के लिए सफलता प्राप्त की। इस बार देशभर में हिंदी विषय में केवल 92 अभ्यर्थी ही जेआरएफ के लिए सफल हुए हैं। सृष्टि के पिता राम सेवक शर्मा बेसिक शिक्षा परिषद से सेवानिवृत्त हैं। वर्तमान में वह राजकीय इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में गणित प्रवक्ता के रूप में निशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। परिवार में शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का सिलसिला जारी है। सृष्टि की बड़ी बहन अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर करने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत हैं। भाई सत्यम आर. शर्मा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ से सांख्यिकी में पीएचडी कर रहे हैं। दूसरे भाई रुद्रांश आर. शर्मा जेईई मेन और एडवांस क्वालीफाई करने के बाद एनआईटी टाटानगर, जमशेदपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक कर रहे हैं। सृष्टि की सफलता पर विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी नरेश पांचाल ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए जल्द कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



सृष्टि शर्मा। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### दावत खाकर लौट रहे ग्रामीण की संदिग्ध अवस्था में मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**खुदागंज।** दावत खाकर घर लौट रहा युवक सड़क के किनारे गंभीर अवस्था में मिला जिसे अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा है। खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव मंझिला निवासी सुधीर सिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह अपने पड़ोस के रहने वाले महेंद्र सिंह पुत्र विजय सिंह के साथ शाम को चरखौला दोस्त के घर गए थे बताया जाता है कि जहां पहुंचकर सभी ने शराब पी और मीट खाया रात्रि 2 :00 बजे सुधीर सिंह 30 निगोही रोड पर पड़े मिले सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें निगोही के सीएससी में ले गए जहां डॉक्टरो ने सुधीर को मृत घोषित कर दिया छोटे भाई अवनीस सिंह ने पुलिस को सूचना देकर भाई की संदिग्ध व्यवस्था में मौत होने की बात कही पुलिस ने मृतक के सबको पीएम हेतु भेज दिया है वही सुधीर सिंह की किन परिस्थितियों में मौत हुई पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।



मृतक सुधीर सिंह।

### चौक के सर्राफा व्यापारी के यहां हरियाणा पुलिस का छापा

**शाहजहांपुर।** हरियाणा पुलिस की एक टीम रविवार को चोरी के मामले में एक आरोपित को लेकर शाहजहांपुर पहुंची। टीम ने कोतवाली पुलिस से संपर्क कर छोटा चौक स्थित सराफा बाजार के एक सराफ पर चोरी के जेवर खरीदने का संदेह जताया। इसके बाद आरोपित से संबंधित सराफ की दुकान की तस्दीक कराई गई और सराफ को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया। हरियाणा पुलिस ने सराफ से चोरी के जेवर खरीदे जाने के संबंध में जानकारी ली। सराफ ने चोरी के माल की जानकारी होने से इन्कार किया और अपनी सफाई पेश की। पुलिस ने यह भी जानने का प्रयास किया कि इतनी मात्रा में जेवर बेचने वाले व्यक्ति की पहचान और उसकी पृष्ठभूमि के संबंध में सराफ ने कोई जानकारी जुटाई थी या नहीं। इस पर भी पुलिस को संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका। बताया गया कि फिलहाल पूछताछ के बाद हरियाणा पुलिस टीम वापस लौट गई। टीम ने अगली बार आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आने की बात कही है। सराफ ने पूछताछ के दौरान खुद को पूरे मामले से अनजान बताते हुए अपनी ओर से सफाई दी।कोतवाल प्रदीप राय ने बताया कि हरियाणा पुलिस की टीम शाहजहांपुर आई थी। हरियाणा में एक घर के घरेलू व्यक्ति द्वारा जेवर चोरी किए जाने का मामला है। टीम ने एक सराफ को पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद टीम वारंट लेकर दोबारा आने की बात कहकर रवाना हो गई।

### Apkफाइल डाउनलोड करते ही हैक हुआ मोबाइल, खाते से उड़ाए 6.54 लाख

**शाहजहांपुर।** साइबर ठगों ने रामनगर कॉलोनी निवासी हिमांशु मोंगा के मोबाइल में APK फाइल इंस्टॉल कराकर 6 .54 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी में इस्तेमाल किए गए दो क्रेडिट कार्ड को होल्ड कराया। पुलिस के प्रयास से पीड़ित की 2,18,053 रुपये की धनराशि वापस कराने में सफलता मिली है। पीड़ित के अनुसार APK फाइल डाउनलोड और इंस्टॉल करने के बाद मोबाइल की गतिविधियों पर साइबर ठगों ने नियंत्रण कर लिया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 6,54,233 रुपये की रकम निकाल ली गई। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लेनदेन से संबंधित दो क्रेडिट कार्ड को होल्ड कराया और संबंधित प्रक्रिया के माध्यम से 2,18,053 रुपये की धनराशि वापस करा दी। मामले की विवेचना जारी है और पुलिस ठगी में शामिल आरोपितों की जानकारी जुटा रही है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने लोगों को चेतावनी दी है कि किसी भी अनजान व्यक्ति की ओर से भेजी गई APK फाइल, लिंक या एप्लीकेशन को डाउनलोड अथवा इंस्टॉल न करें। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूर करें। पुलिस ने अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना मिलने से ठगी की रकम को फ्रीज कराने और वापस दिलाने की संभावना बढ़ जाती है।

### लकवा ग्रस्त सिस्टम की चौखट पर घिसटती ममता, संवेदना शून्य बना सीएमओ आफिस

**शाहजहांपुर।** सरकारी फाइलों के पहिए भले ही हवा से बातें करते हों, लेकिन हमारे स्वास्थ्य विभाग की संवेदनाओं को ऐसा लकवा मारा है कि वह डेढ़ साल से बिस्तर पर पड़ी ममता के दर्द तक रेंग कर भी नहीं पहुँच पा रही है। ममता, जिनका नाम ही शायद अब इस व्यवस्था के लिए एक क्रूर मजाक बन कर रह गया है। डेढ़ साल पहले छत से गिरीं, रीढ़ की हड्डी टूटी और कमर के नीचे का हिस्सा एक जिंदा लाश में तब्दील हो गया। जलालाबाद की रहने वाली इस महिला के पांच बच्चे हैं और पति बैट्री रिक्शा खींचकर किसी तरह जिंदगी की खस्ताहाल गाड़ी खींच रहा है। लेकिन असली परीक्षा तो अब शुरू हुई है सरकारी 'विकलांग कार्ड' बनवाने की जलालत।पिछले दो महीने से यह परिवार सीएमओ ऑफिस की परिक्रमा कर रहा है। जरा सोचिए, जो महिला करवट तक नहीं ले सकती, उसे बैट्री रिक्शे की सीमित कमाई में से प्राइवेट गाड़ी का भारी-भरकम किराया चुकाकर साहब के दरबार में हाजिरी लगानी पड़ती है।लेकिन वहां पहुंचने पर क्या मिलता है? कभी कंप्यूटर का पेट खराब हो जाता है, तो कभी कर्मचारी कुर्सी छोड़कर किसी अज्ञात लोक की यात्रा पर निकल जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के इन नाकारा कर्मचारियों के लिए एक विकलांग का उनके दफ्तर तक पहुंचना कोई त्रासदी नहीं, बल्कि रूटीन की एक उबाऊ घटना मात्र है और बेशर्मी की पराकाष्ठा तो आज देखने को मिली डॉक्टर सरोज कुमार ने इन दिव्यांगों को सोमवार का समय दिया था। डॉक्टर साहब का आदेश था, तो करीब बीस की संख्या में दिव्यांगजन अपनी-अपनी लाचारी और बैसाखियां घसीटते हुए वहां पहुंच गए। लेकिन सोमवार तो आया, डॉक्टर सरोज कुमार नहीं आए। शायद उनका सोमवार किसी और सरकारी कैलेंडर में पड़ता है। एक भले-चंगे आदमी के लिए मुख्यालय तक की दौड़ लगाना पसीने छुड़ा देता है, ये तो फिर भी वो लोग हैं जिन्हें नियति ने पहले ही तोड़ रखा है। लेकिन हमारे स्वास्थ्य विभाग का सीधा सा और स्पष्ट संदेश है तुम कितना भी रेंग लो, गिड़गिड़ा लो, प्राइवेट गाड़ी का किराया फूंक कर कर्जदार हो जाओ, काम तो हम अपनी मर्जी और अपने 'मूड' के हिसाब से ही करेंगे।

# शिकायत के निस्तारण के लिए पुलिस ऑफिस के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं

## मौके पर होगा समाधान, पहुंचेगी आपके द्वार पुलिस, 33 शिकायतों का पुलिस ने मौके पर किया निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण के लिए शाहजहांपुर पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नगर के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के तहत सोमवार को पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने शिकायतकर्ताओं के मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और शिकायतों का निस्तारण कराया।

अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को बनाया गया है। इसके तहत सभी क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्रों में कम से कम एक स्थान तथा थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर प्रतिदिन पहुंचकर शिकायतों का मौके पर निस्तारण करेंगे।

31 अगस्त 2026 को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न थानों पर आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में से कुल 33 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं के घर अथवा संबंधित स्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और दोनों पक्षों की बात सुनकर समस्या का समाधान कराया।

पुलिस का कहना है कि अभियान का उद्देश्य शिकायतकर्ताओं को बार-बार थाने या पुलिस कार्यालय के चक्कर लगाने से राहत देना है। मौके पर पहुंचकर शिकायत का समाधान करने के साथ ही दोनों पक्षों से फीडबैक भी लिया जा रहा है, ताकि शिकायतकर्ता निस्तारण की प्रक्रिया से संतुष्ट हो सकें।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था से जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी आने के साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार उच्चाधिकारियों के कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



शिकायतकर्ता के घर समाधान के लिए पहुंची पुलिस। -जागरण मोर्चा

## तीन माह से नहीं चला ई रिक्शा चालक भुखमरी के कगार पर



ई रिक्शा चालक राजवीर। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खुदागंज।** ग्राम पंचायत में पिछले कई माह से ई रिक्शा नहीं चलने से चालक परेशान है जो अधिकारियों से लगा रहाहै न्याय की गुहार खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोठा खेतल में आर आरसी सेंटर पर गांव से कूड़ा उठाने हेतु गांव के राजवीर को ई रिक्शा संचालन हेतु चालक के रूप में नियुक्त किया गया था परंतु पिछले कई माह से ई रिक्शा खराब होने के कारण चल नहीं पा रहा है जिससे चालक को मिलने वाला मानदेय भी अधर में लटक गया है चालक ने बताया कि वह अत्यधिक गरीब परिवार से है जिसकी आजीविका ई रिक्शा से ही चलती है तीन माह से उसे पगार नहीं मिलने से परिवार की हालत अत्यधिक खराब होती जा रही है पीड़ित ने ई रिक्शा दुरुस्त कर संचालन शुरू कराने की मांग की है।

# अधिवक्ता की पत्नी के निधन पर सांत्वना देने पहुंची विधायक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** अधिवक्ता पवनकांत शर्मा की पत्नी के सड़क दुर्घटना में निधन की सूचना पाकर क्षेत्रीय भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने अधिवक्ता के आवास कुमार वाली पुलिया पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।बता दें विगत दिनों गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी पूजा के लिए जाते समय अधिवक्ता पवनकांत शर्मा की बाइक में अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी जिससे अधिवक्ता पवनकांत शर्मा और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के दौरान उनकी पत्नी का निधन हो गया था अधिवक्ता का इलाज चल रहा है घटनाक्रम की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायिका सलोना कुशवाहा उनके आवास पर पहुंची और शोक संवेदना व्यक्त की इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय नगर पालिका परिषद सभासद संदीप रस्तोगी तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि भी मौजूद रहे।



अधिवक्ता के आवास पर संवेदना व्यक्त करतीं विधायक सलोना कुशवाहा।

# स्मार्ट रोड पर बुलडोजर ने छज्जे के अवैध अतिक्रमण को किया ध्वस्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** मोहनगंज तेल टंकी के पास सीएम ग्रिड योजना के तहत बनी स्मार्ट रोड पर सोमवार को नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस बल के साथ पहुंची टीम ने सड़क किनारे निर्धारित सीमा से बाहर निकले छज्जों समेत अन्य अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध और एतराज जताया, लेकिन नगर निगम अधिकारियों की सख्ती के आगे उनकी एक नहीं चली। टीम ने भवनों के बाहर निकले छज्जों को भी हटवा दिया। कार्रवाई से आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक हलचल रही। निर्माण चीफ आशीष त्रिवेदी ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को पहले ही नोटिस दिए गए थे। स्मार्ट रोड पर लाइट पोलों के आगे निकले छज्जे व अन्य निर्माण हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्ग और निर्धारित सीमा में किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। मकान मालिकों को चेतावनी दी गई है कि वह सड़क की सीमा में किसी तरह का अतिक्रमण न करें।



शाहजहांपुर में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर। -जागरण मोर्चा

**कार्यक्रम** भावुक माहौल में हुआ विदाई समारोह

# जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह सेवानिवृत्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को विकास भवन सभागार में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, युवक एवं महिला मंगल दलों के पदाधिकारियों तथा पीआरडी जवानों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की। नरेंद्र कुमार सिंह ने 10 जुलाई 2023 को शाहजहांपुर में जिला युवा कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। उनके कार्यकाल में युवक एवं महिला मंगल दलों को सक्रिय करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। उनके नेतृत्व में युवक मंगल दल चौढ़ेरा, ब्लॉक भावलखेड़ा को राज्यस्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड भी प्राप्त हुआ। इसके अलावा युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रतिवर्ष खेल सामग्री उपलब्ध कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण स्तर पर स्टेडियम निर्माण की दिशा में भी कार्य किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नरेंद्र कुमार सिंह ने युवाओं को ऊर्जा, उत्साह और सही दिशा देने के साथ ही खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में पीआरडी जवानों को सुचारू रूप से ड्यूटी उपलब्ध कराने और युवक मंगल दलों की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी विशेष जोर रहा। इस दौरान जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, खंड विकास अधिकारी ददरौल-कांट अमित सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम सिंह, राहुल उपाध्याय, अनुराग कुमार, भूमिका सचान, व्यायाम प्रशिक्षक सत्येंद्र कुमार, युवक मंगल दल अध्यक्ष इंद्रजीत लोधी, कनिष्ठ सहायक पायल पटेल सहित पीआरडी जवान एवं युवक-महिला मंगल दलों के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में युवा कल्याण विभाग, युवक एवं महिला मंगल दल तथा जिला प्रशासन की ओर से सेवानिवृत्त जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह को उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।



जिला युवा कल्याण अधिकारी को विदाई देते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

## पुलिस चौकी से चंद कदमों पर बाइक चोरी

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के बिलंदपुर गद्दीपुर बाजार में दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। खास बात यह है कि चोरी की यह वारदात पुलिस चौकी के चंद कदमों की दूरी पर हुई, जिसके बाद स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बिलंदपुर निवासी हरिशंकर पुत्र अमरपाल अपनी बाइक संख्या UP27 AW 2502 से बिलंदपुर गद्दीपुर बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# ददरौल के बख्तियारपुर गोटिया व सिनोरा में तालाब बनी सड़कें, ग्रामीणों में रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** थाना तिलहर क्षेत्र के बख्तियारपुर गोटिया विकास खण्ड ददरौल की ग्राम पंचायत सुनौरा अजमतपुर गांव में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोल रही है। पिछले दो महीनों से हो रही बारिश के बाद गांव की गलियां तालाब में तब्दील हो गई हैं। मुख्य रास्तों पर 2 से 3 फुट तक कीचड़ और गंदा पानी भरा होने से ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे रोजाना जूते-चप्पल हाथ में लेकर घुटने भर पानी में स्कूल जाने को मजबूर हैं। बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। कीचड़ में फिसलकर कई बच्चे चोटिल भी हो चुके हैं। जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और गांव में डेंगू-मलेरिया का खतरा मंडरा रहा है।

**लाखों का बजट कहां गया ग्रामीणों ने उठाए सवाल :** मौके पर मौजूद ग्रामीणों सुनीता देवी, रामवती, रामपाल, हरिपाल आदि ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान द्वारा नाली निर्माण और सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया। शासन से लाखों का बजट आने के बावजूद गांव में न सड़क बनी, न नाली। कई बार लिखित शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान सिर्फ कागजों में विकास दिखाते हैं, जमीन पर सब फेल है। आज भी सिनोरा गांव के लोग 20 साल पुरानी कीचड़ भरी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। सूत्रों से पता चला कि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर, मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी से मांग की है कि गांव में जांच टीम भेजकर बजट की जांच कराई जाए और लापरवाह प्रधान पर कार्रवाई की जाए। साथ ही तत्काल जेसीबी से जल निकासी, नाली सफाई और खड़ंजा निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



## एक नजर

### अवैध तमंचे के साथ धरा

**चंदौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने काजीवाला के पास बिचेटा से स्योंडारा जाने वाले मार्ग से युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। सोमवार को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान ग्राम काजीवाला के पास बिचेटा से स्योंडारा जाने वाले मार्ग पर से सत्यवीर पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम हाजीपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद को अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### पुलिस ने दबोचा आरोपी

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बनियाठेर में पीड़ित ने एक युवक के विरुद्ध पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। सोमवार को थाना बनियाठेर पुलिस टीम द्वारा आरोपी जगदीश पुत्र मंगली उर्फ रामकिशोर निवासी ग्राम अल्हैदादपुर चम्मू उर्फ चमरपुरा को कन्थरी चौराहे से आगे कुढ़फतेहगढ़ जाने वाली सड़क किनारे से गिरफ्तार किया गया।

# ऐतिहासिक धरोहर के रूप में सजा स्कूल

## एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में दो दिवसीय अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की दो दिवसीय अभिभावक-शिक्षक बैठक के दूसरे दिन राज्य मेले का आयोजन किया गया।

राज्य मेले के दूसरे दिन विद्यालय परिसर में भारत की विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, कला, खान-पान, नृत्य एवं ऐतिहासिक धरोहरों के रंगों से सजा हुआ नजर आया। कार्यक्रम को देखने के लिए अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं उत्सुकता देखने को मिली। राज्य मेले का उद्देश्य बच्चों को भारत की विविधता में एकता की भावना से परिचित कराना तथा देश के विभिन्न राज्यों की समृद्ध संस्कृति और विरासत को रचनात्मक एवं रोचक तरीके से समझाना था। विद्यालय में विभिन्न राज्यों को उनकी विशिष्ट संस्कृति के अनुरूप आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों की पहचान उनके पारंपरिक भोजन, प्रसिद्ध स्मारकों, लोकनृत्य, वेशभूषा, कला एवं कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि भारत की संस्कृति अत्यंत विविध एवं समृद्ध है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में सामाजिक मानदंड, नैतिक मूल्य, पारंपरिक परंपराएं, विश्वास प्रणालियां, कला, वास्तुकला, संगीत, नृत्य, भोजन और रीति-रिवाजों का विशेष स्थान है। देश के अलग-अलग राज्यों में भाषा, खान-पान, वेशभूषा, रहन-सहन और परंपराएं भले ही अलग-अलग हैं, लेकिन इन सभी विविधताओं के बीच भारत की एकता और भाईचारे की भावना मजबूत दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों और परंपराओं का देश है तथा विविधता में एकता इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। अलग-अलग जीवनशैली, आस्था और विश्वास रखने वाले लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और मानवता के साथ मिल-जुलकर रहते हैं। बच्चों को इस सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना उनके सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राज्य मेले के दूसरे दिवस में विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने सभी राज्यों की प्रस्तुतियों को बेहद उत्सुकता के साथ देखा। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई संस्कृति, संस्कार, नृत्य, कलाकृतियों, स्मारकों और पारंपरिक भोजन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों के प्रयासों के साथ-साथ विद्यालय द्वारा इस प्रकार के ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक आयोजन के लिए भी विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं मिलता, बल्कि वे देश की विभिन्न संस्कृतियों को करीब से समझने और उनके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं। अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, गतिविधियों एवं उनके सर्वांगीण विकास के संबंध में शिक्षिकाओं से संवाद किया। इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के शिक्षण, अनुशासन, रचनात्मक गतिविधियों एवं राज्य मेले की तैयारियों में किए गए परिश्रम की भी खूब सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों के लिए इस प्रकार के आयोजन कराने से उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता, टीम भावना तथा अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में अपूर्वा अग्रवाल और पवित्रा मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम को प्रिया, शालू, काजल, सिल्की, दीपिका, दीपा, निशा, सोनल, सरिता, रूपाली, संतोष, वंशिका, शिल्पा, मंतशा, हुमा, लक्षिता, दिया, अर्शी, रक्षा दीक्षा इशिता मनप्रीत अंकिता आदि अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम की तैयारियों एवं आयोजन में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।



एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में कार्यक्रम में शामिल अभिभावक व शिक्षक।

## स्वदेशी व्यापार मंच की टीम लखनऊ रवाना

**चंदौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का 3 सितंबर को लखनऊ में स्थापना दिवस के अवसर पर स्वदेशी व्यापारी कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्वदेशी व्यापार मंच की टीम लखनऊ रवाना हो गई है। टीम जिला अध्यक्ष उमेश चंद्र वार्ष्णेय के साथ गई है। लखनऊ जाने वालों में प्रेम ग्रोवर, अनुराग भार्गव, प्रभात कृष्णा, साग़र गुप्ता, अनुज कुमार वार्ष्णेय, शाह आलम मंसूरी, वसीम अख्तर, सुभाष मित्तल, रमेश ग्रेवाल, सुशील अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, बहजोई से गिरीश कुमार, अनुराग वार्ष्णेय, दीपक कुमार अरविन्द कुमार वार्ष्णेय, सम्भल से गौरी शंकर चौधरी, अजय, हर्षित शर्मा, नाजिम सैफी, अशरफ अहमद, हाजी एहतेशाम अहमद, हाजी रजा, सोमनाथ खुराना आदि शामिल है।

# काले कानून के विरोध में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** निषाद समाज ने निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के बैनर तले सोमवार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व अनुसूचित जाति आयोग को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रवींद्र विक्रम को सौंपा। इस दौरान पदाधिकारी ने नारेबाजी कर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से निषाद समाज ने निषाद जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने की मांग की है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि वह निषाद वंश के हैं, जो अंग्रेजों के काले कानून क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट 1871 के तहत जन्मजात अपराधी घोषित किये गए थे। भारत सरकार ने इस काले कानून को 31 अगस्त 1952 को निरस्त करके हमें विमुक्त जनजाति घोषित किया। 31 अगस्त को हम विमुक्ति दिवस के रूप में मनाते हैं। हमारी 1931 की जनगणना के अनुसार जातियां केवट, मल्लाह, निषाद, बिन्द, मझवार, कश्यप, तुरैहा, माझी, रैकवार आदि एक ही वंश की पर्यायवाची जातियां हैं। वर्तमान में एक ही वंश की जाति को अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग आरक्षण मिला हुआ है, जैसे मल्लाह दिल्ली में एससी में है, बंगाल में केवट एससी में है, लेकिन उत्तर प्रदेश में हमें ओबीसी में रखा गया है। इससे हमारे साथ घोर विसंगति हो रही है।इस लिए जनगणना में हमारी सभी पर्यायवाची जातियों का नाम मझवार के कॉलम में दर्ज किया जाए और ब्रैकेट में विमुक्त जनजाति अवश्य लिखा जाए, ताकि हमारी सही संख्या का पता चल सके। उत्तर प्रदेश में निषाद वंश की सभी पर्यायवाची जातियों को भारत के अन्य राज्यों की तरह अनुसूचित जाति की सूची में शामिल किया जाए। संविधान समीक्षा आयोग 2000-02 के अध्यक्ष जस्टिस वेंकटचलैया की सिफारिश के अनुसार, विमुक्त जनजातियों को महाराष्ट्र और पंजाब की तरह शिक्षा, नौकरी और राजनीति में आरक्षण और पेंशन की सुविधा दी जाए।1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए निषाद वंश के शहीदों के गांवों को आदर्श शहीद गांव घोषित किया जाए और उनके परिवारों को स्वतंत्रता सेनानी सम्मान दिया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिलेश कुमार जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, प्रेमपाल तुरैहा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, विजयपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष, राजेन्द्र, श्रवण निषाद, राहुल निषाद, महेंद्र सिंह कश्यप, रामू कश्यप आदि शामिल रहे।



चंदौसी मे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहजोई।** संभल जनपद में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा बहजोई रोड स्थित ग्राम डरोली के पास उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार बुलेरो ने आगे चल रही बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क किनारे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक बाइक पर सवार होकर बहजोई की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह ग्राम डरोली के पास पहुंचे, उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही बुलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुई टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक बाइक से उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। हादसा होते ही आसपास मौजूद राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को संभालने का प्रयास किया और घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मोहम्मद उवैस 15 वर्ष पुत्र निवासी ग्राम पिपरिया, थाना फैजगंज बेहटा तथा आफताब आलम 32 वर्ष पुत्र अंसार निवासी शहवाजपुर कलां, थाना असमोली, जनपद संभल के रूप में हुई दो युवकों की मौत की खबर मिलने पर परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई पहुंचे। अस्पताल में दोनों युवकों के शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने भी परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। उधर, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने हादसे से संबंधित जानकारी जुटाने के साथ ही आसपास मौजूद लोगों से भी घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब हादसे के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही बुलेरो चालक के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जमा रही। पुलिस ने यातायात को सामान्य कराया और घटना से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी।




▶ गांव डरौली के पास हुआ हादसा परिजनों में मचा कोहराम

# हादसे में दो बच्चों सहित हुए चार घायल, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के पवासा मार्ग पर सोमवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई हादसे में दो बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए सीएचसी में उपचार के बाद चारों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणगंज निवासी साजिद शाह पुत्र मोहम्मद शफीक परिवार के साथ बाइक पर सवार होकर पवासा मार्ग से संभल जा रहे थे गांव मऊ आशु के पास पहुंचने पर सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई हादसे में साजिद शाह उनकी पत्नी शहनाज पुत्र रेहान वअमाद तथा दूसरी बाइक सवार योगेंद्र पुत्र ईश्वरी व उनके पुत्र मुनेश घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने साजिद शाह, अमाद,योगेंद्र व मुनेश को हाई सेंटर रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलने पर परिजन सीएचसी पहुंच गए।



सीएचसी पर एक्सीडेंट मे घायल हुए युवक का उपचार करते चिकित्सक।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चंदौसी।** क्षेत्र के गांव आटा के निकट सोमवार रात ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। साहस रोड निवासी प्रखर वार्ष्णेय पुत्र सौरभ वार्ष्णेय सोमवार रात करीब आठ बजे बहजोई की ओर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। गांव आटा के पास सामने से आ रही ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में प्रखर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में ले ली। सूचना पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

# आलू उत्पादक किसानों को बाजार भाव गिरने पर मिलेगी आर्थिक सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ भामाशाह भाव स्थिरता कोष एवं आलू भंडारण शुल्क अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए किसान करें ऑनलाइन आवेदन

**चंदौसी।** आलू उत्पादक किसानों के हित में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को बाजार भाव में गिरावट से होने वाले नुकसान से राहत देने के साथ-साथ आलू का सुरक्षित भंडारण तथा गुणवत्तापूर्ण बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

सरकार की भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना के अंतर्गत आलू का बाजार भाव गिरने पर पात्र किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा भाव स्थिरता कोष बनाया गया है। योजना के तहत एक किसान को अधिकतम 2 हेक्टेयर क्षेत्रफल तथा प्रति हेक्टेयर अधिकतम 200 कुंतल आलू तक का लाभ दिया जाएगा। इससे बाजार में अचानक आलू की कीमतों में गिरावट आने पर किसानों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। आलू भंडारण शुल्क अनुदान योजना के अंतर्गत निजी शीतगृहों में आलू रखने वाले किसानों को भंडारण शुल्क में सहायता प्रदान की जाएगी। किसानों को अधिकतम 100 रुपए प्रति कुंतल की दर से अनुदान मिलेगा। इस योजना के तहत एक किसान को अधिकतम 20 हजार रुपए तक की सहायता दिए जाने का प्रावधान है। उक्त योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के समय निम्न दस्तावेज अपलोड करने होंगे जिसमें मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, खसरा, कोल्ड स्टोरेज की भंडारण रसीद, निकासी रसीद, गेटपास रसीद, कोल्ड स्टोर किराया रसीद, आलू की बिक्री से संबंधित दस्तावेज आदि शामिल है। आवेदन पूर्ण होने के उपरांत किसान आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रपत्रों की हार्ड कॉपी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। स्वीकृत अनुदान की धनराशि किसान के आधार से जुड़े बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सीधे भेजी जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### अवैध खनन करने पर एक जेसीबी व दो डंपर सीज

**चंदौसी।** जनपद सम्भल में अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान निरंतर प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में की तड़के लगभग रविवार की रात 2 बजे खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा थाना कैलादेवी क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1 जेसीबी मशीन एवं 2 डम्पर को पकड़कर थाना कैलादेवी में सीज कराया गया। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद सम्भल में अवैध खनन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



अवैध खनन कर रही जेसीबी सीज।

### सेवानिवृत्ति पर प्रधानाचार्य को दी भावभीनी विदाई

**चंदौसी।** कमलेश महिला प्रशिक्षण केन्द्र मौहल्ला सुन्दर में रश्मि शर्मा प्रधानाचार्य को 36 साल की निष्ठा पूर्वक सेवाओं के बाद सेवानिवृत्ति पर समस्त स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी। उनकी अनुकरणीय कार्य शैली की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि संस्थान के लिए की गई सेवाएँ सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस अवसर पर उन्हें वरिष्ठ अनुदेशिका अनीता कुमारी एवं कनिष्ठ अनुदेशिका ऊषा वर्मा ने फूलमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। रश्मि शर्मा प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अनीता कुमारी, ऊषा वर्मा, कौशल किशोर, मनोज कुमार, पूनम, श्री मति पूजा, राधेश्याम, श्रीपाल आर्य मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को विदाई देता स्टाफ।



ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण करते डीएम।

### डीएम का ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का निरीक्षण

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम विकास चन्द, एसओसी चकबंदी अजय कुमार वर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** प्रधानाध्यापक, एआरपी एवं एसआरजी का वेतन रोकने तथा संबंधित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

# पीएम श्री विद्यालय अतरासी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, जांची व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने सोमवार को पीएम श्री विद्यालय अतरासी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन (एमडीएम), स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। विभिन्न व्यवस्थाओं में कमियां मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार और कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय का उपस्थिति रजिस्टर देखा। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए अभिभावकों से लगातार संपर्क किया जाए। विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था की प्रभावी निगरानी और पर्यवेक्षण नहीं किए जाने पर संबंधित एआरपी और एसआरजी का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। रोटी और सब्जी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। मिड-डे मील किचन में साफ-सफाई की स्थिति भी खराब मिली। डीएम ने निर्देश दिए कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन ही उपलब्ध कराया जाए। मानक के अनुरूप भोजन न मिलने पर ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने और खराब गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार रसोइया को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विद्यालय की कक्षाओं में पहुंचकर शैक्षिक गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने स्वयं बच्चों को गणित पढ़ाया और सवाल पूछकर उनके शैक्षिक स्तर की जानकारी ली। अपेक्षित शैक्षिक सुधार नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। कक्षा में ग्रीन बोर्ड खराब मिलने पर उसे तत्काल बदलवाने को कहा। साथ ही कक्षाओं में पर्याप्त प्रकाश, पंखे और व्यवस्थित फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर और शौचालयों के निरीक्षण में गंदगी मिलने पर भी डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने नियमित और प्रभावी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ सफाईकर्मी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर स्वच्छ रहना चाहिए और सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित होनी चाहिए। सभी बच्चों के निर्धारित विद्यालयी यूनिफॉर्म में आने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। डीएम ने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली और बच्चों से बातचीत कर पानी की उपलब्धता के बारे में पूछा। उन्होंने अधिकारियों को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा सभी हैंडपंपों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। विद्यालय में विभिन्न स्तरों पर कमियां मिलने और प्रभावी पर्यवेक्षण नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। विद्यालय के बाद जिलाधिकारी ने बेहटा जय सिंह चौराहे के पास साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। वहां अत्यधिक गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित सफाई प्रभारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित पेयजल और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।



पीएम श्री विद्यालय अतरासी का निरीक्षण करते डीएम।



## गीता सार

**असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ॥**

**भावार्थ :** श्री भगवान ने कहा–हे महाबाहु कुन्तीपुत्र! इसमें कोई संशय नहीं है कि चंचल मन को वश में करना अत्यन्त कठिन है, किन्तु इसे सभी सांसारिक कामनाओं को त्याग (वैराग्य) और निरन्तर अभ्यास द्वारा वश में किया जा सकता है।

# स्वाइन फ्लू का प्रकोप

एच1एन1 यानी स्वाइन फ्लू इन दिनों दिल्ली-एनसीआर ही नहीं देश के कई अन्य राज्यों के लिए मुश्किलें बढ़ाता देखा जा रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में इसके मामले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं। अब तक दिल्ली-एनसीआर में संक्रमण के 2700 से अधिक मामले रिपोर्ट किए जा चुके हैं। कुछ राज्यों से संक्रमितों की मौत के मामले भी सामने आए हैं। अगस्त के आखिर हफ्ते तक कर्नाटक के 32 जिलों में सीजनल इन्फ्लूएंजा और एच1एन1 के 4,200 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हुई है। इसके अलावा महाराष्ट्र में 1100 से अधिक लोग संक्रमित सामने आए हैं। राजस्थान में भी स्वाइन फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। अकेले अगस्त में राजस्थान में संक्रमण के 55 नए मामले सामने आए, जो इस साल किसी एक महीने में दर्ज किए गए सबसे ज्यादा मामले हैं, इसके साथ कुछ मरीजों की संख्या बढ़कर 146 हो गई है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर जनरल राजीव बहल कहते हैं, भारत में अभी इन्फ्लूएंजा-ए के जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें से लगभग 98% मामले एच1एन1 स्ट्रेन की वजह से हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को इस बढ़ते खतरे से बचे रहने की सलाह दे रहे हैं। स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोगों के मन में सवाल है कि क्या एच1एन1, कोरोना के बाद एक नई महामारी का कारण बन सकता है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं वैसे तो एच1एन1, इन्फ्लुएंजा-ए वायरस का ही एक प्रकार है और अक्सर लोगों में हल्की बीमारी का कारण बनता है। पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों, पहले से किसी बीमारी के शिकार या फिर गर्भवती महिलाओं के लिए ये मुश्किलें बढ़ाने वाला हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान शरीर में होने वाले बदलावों के कारण फ्लू गंभीर रूप ले सकता है और कुछ महिलाओं में अस्पताल में भर्ती होने तक की नौबत आ सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भी गर्भवती महिलाओं को गंभीर फ्लू के अधिक जोखिम वाले समूह में मानता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्वाइन फ्लू होने पर ज्यादातर लोगों में तेज बुखार, खांसी-गले में खराश, सिरदर्द-बदन दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं। ज्यादातर मामलों में फ्लू आसानी से ठीक भी हो जाता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं में संक्रमण बढ़ने पर सांस लेने में परेशानी और निमोनिया जैसी गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। गंभीर संक्रमण, खासकर तेज बुखार और मां की बिगड़ती सेहत, गर्भावस्था पर भी असर डाल सकती है। कुछ अध्ययनों में गर्भावस्था के दौरान इन्फ्लुएंजा संक्रमण और तेज बुखार के कारण शिशु की सेहत पर असर और समय से पहले प्रसव जैसी समस्याओं को भी बढ़ाने वाला बताया गया है।




## सोनिया गांधी की किताब

# हंगामा है क्यों बरपा?



**शाहिद ए. चौधरी**

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी की मेमॉयर (संस्मरण) 'बिलोंगिंग' पर विवाद खड़ा हो गया है। भारत में इसके प्रकाशन को लेकर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने अपने हाथ खींच लिए हैं, क्योंकि उसने पुस्तक के जिन अंशों को संपादित करने का सुझाव दिया था, उन्हें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने मानने से इंकार कर दिया था। इसे 'लोकतंत्र की हत्या' कहते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है, "पेंगुइन इंडिया पर दबाव डाला गया था कि पुस्तक में (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी, आरएसएस व मोदी शासन के दौरान चीन ने जो भारतीय भूमि पर कब्ज़ा किया है से संबंधित अंशों को निकाल दिया जाए।" लेकिन पेंगुइन ने सावधानीपूर्वक गठित अपने वक्तव्य में कहा है, "पीआरएचआई भारत में 'बिलोंगिंग' का प्रकाशक नहीं है। कोई भी ऐसा सुझाव कि पीआरएचआई ने पुस्तक को प्रकाशित न करने का फैसला इसलिए किया क्योंकि लेखिका ने संपादकीय परिवर्तन से इंकार कर दिया था, हालात का उचित प्रतिबिम्ब नहीं है।"

पेंगुइन ने पांडुलिपि में फैक्ट-चेक करने व लेखकों को सुझाव देने के अपने 'परमाधिकार व ज़िम्मेदारी' का बचाव भी किया। पेंगुइन यह भी कह रहा है कि वह पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए 'इच्छुक व उत्सुक' है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिकी प्रकाशक अल्फ्रेड ए नोफ़ जो सोनिया गांधी की पुस्तक की 1,00,000 कापियां प्रकाशित कर रहा है, वह भी पेंगुइन रैंडम हाउस का ही डिवीज़न है। 'बिलोंगिंग : ए जर्नी ऑफ लव' के कवर पर युवा सोनिया गांधी की तस्वीर है और इस पुस्तक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 10 नवम्बर 2026 को लांच किया जाएगा। विवाद के बाद भारतीय प्रकाशकों में इस पुस्तक को प्रकाशित करने की होड़ लग गई है। अनुमान यह है कि भारत में इसे हार्पर कॉलिंस प्रकाशित करेगा। बहरहाल, सवाल यह है कि अगर पेंगुइन का ही डिवीज़न नोफ़ बिना किसी बदलाव के पुस्तक को उसके मूल रूप में प्रकाशित करने के लिए तैयार हो गया तो फिर पेंगुइन भारतीय संस्करण में परिवर्तन की मांग क्यों कर रहा था? क्या कहीं से कोई दबाव था कि एक पुस्तक दुनियाभर में तो छप सकती है, लेकिन भारतीय पाठक उसे संशोधित रूप में पढ़ें, क्यों? वैसे भी पुस्तक में लेखक के अपने विचार व अनुभव होते हैं, उसकी अपनी ज़िम्मेदारी होती है, उन्हें कोई प्रकाशक 'फैक्ट-चेक' क्यों करना चाहता है? क्या कोई ऐसा कड़वा सच है, जिसे भारतीय जनता से छुपाने का प्रयास है? गहलोत का तो आरोप है कि 'मोदी सरकार प्रकाशकों पर दबाव डालकर तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना चाहती है'। गहलोत के आरोप सही हैं या गलत, यह मुद्दा है ही नहीं, लेकिन अब तक जो बातें सामने आईं हैं, उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि पेंगुइन असहज करने वाले तथ्यों या बातों को प्रकाशित करके किसी भी सूरत में सरकार को नाराज़ नहीं करना चाहता। ध्यान रहे कि पेंगुइन ने इस साल के शुरू में मुज़फ़्फ़रनगर दंगों पर कार्टूनिस्ट जो सैको की पुस्तक 'द वन्स एंड फ्यूचर रायट' के वितरण को भारत में रोक दिया था। ऐसा लग रहा है कि पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की संस्मरण पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ़ डेस्टिनी' के कंटेंट पर फरवरी 2026 में संसद में हुए ज़बरदस्त विवाद के बाद पेंगुइन फूंक-फूंककर कदम रख रहा है। 2020 के लद्दाख व गलवान सीमा विवाद से संबंधित इस पुस्तक के अंश पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए थे और पुस्तक की 'कापियां' भी ऑनलाइन उपलब्ध थीं, जबकि सरकार का कहना था कि जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई उसका हवाला संसद में कैसे दिया जा सकता था। पेंगुइन का कहना था कि पुस्तक अभी आधिकारिक रूप से प्रकाशित नहीं हुई है और रक्षा मंत्रालय के पास समीक्षा के अधीन है। लेखक ने भी प्रकाशक के बयान का समर्थन किया था। पुस्तकों को प्रकाशन, वितरण से रोकना या प्रकाशक द्वारा लेखक पर पांडुलिपि में रद्दोबदल का दबाव डालना निश्चित रूप से संविधान में दिये गये अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का घोर उल्लंघन है। लोकतंत्र में यह अस्वीकार्य है। लेकिन विडंबना यह है कि आज के इस फेक न्यूज़ के दौर में वास्तविक खबरों को दबाने का चलन आम होता जा रहा है ताकि 'सब चंगा सी' का फर्ज़ी वातावरण बनाया जा सके। बहरहाल, सोनिया गांधी की 544 पेजों की किताब इटली के छोटे से गांव में उनकी परवरिश, कैंब्रिज में शिक्षा, राजीव गांधी से उनकी मुलाक़ात, रोमांस व शादी आदि को बयान करती है। हालांकि सोनिया गांधी ने अन्य अनेक पुस्तकें लिखी हैं, लेकिन यह उनकी सबसे अधिक व्यक्तिगत किताब है, जो उनके दिल से निकली हुई प्रतीत होती है। इसमें उन्होंने अपनी व्यक्तिगत त्रासदियों की भी समीक्षा की है, विशेषकर सास इंदिरा गांधी व पति राजीव गांधी की हत्याओं की। साथ ही उन्होंने बताया है कि वह तो प्राइवेट जीवन व्यतीत करना चाहती थीं, लेकिन सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने के लिए वह किन कारणों से मजबूर हुईं। सोनिया गांधी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सबसे लम्बे समय तक अध्यक्ष रहीं। उन्होंने अपने इस कार्यकाल की भी पुस्तक में चर्चा की है और यह भी विस्तार से बताया है कि 2004 में उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से क्यों इंकार कर दिया था। दरअसल, इस पुस्तक पर कोई विवाद होना ही नहीं चाहिए था, क्योंकि यह आश्चर्यजनक रूप से ऐसे संस्मरण हैं, जिनमें व्यक्तिगत को राजनीतिक में गूंथकर एक दिलचस्प कहानी सुनाई गई है-प्रेम की, परिवार की और एक आकर्षक देश भारत की। इस किताब से मालूम होता है कि इटली के एक छोटे से गांव की लड़की किस तरह भारत में प्रमुख राजनेता बनकर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति व सम्मान हासिल करती है। सोनिया मैनो 1965 में मात्र 19 बरस की आयु में कैंब्रिज, इंग्लैंड में छात्रा थीं, जहां उन्हें पहली ही नज़र में स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के हैंडसम नवासे राजीव गांधी से प्यार हो जाता है और वह अपना सब कुछ छोड़कर नेहरू-गांधी परिवार की बहू बन जाती हैं। रोमांस उन्हें भारत तो ले आया, लेकिन फिर दिल तोड़ने वाली जो घटनाएं हुईं उनसे न सिर्फ़ उनके भविष्य की दिशा बदल गई बल्कि उस घर की भी, जिसे उन्होंने अपनाया। राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी के इतालवी परिवार ने उनसे 'घर' लौटने का आग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया। विपक्ष ने उन पर 'विदेशी' होने के आरोप लगाए।




इमेज



## श्रीरामचरितमानस

**पिता भवन उत्सव परम जौं प्रभु आयसु होइ।
तौ मैं जाउँ कृपायतन सादर देखन सोइ॥**

**भावार्थ :** हे प्रभो! मेरे पिता के घर बहुत बड़ा उत्सव है। यदि आपकी आज्ञा हो तो हे कृपाधाम! मैं आदर सहित उसे देखने जाऊं॥

## बड़ा पर्दा

# निरूपा रॉय का देवी से मां तक का सफर

**कैलाश सिंह**



क्या आपने कोकिला किशोरचन्द्रा बल्सारा का नाम सुना है, जिनका जन्म 4 जनवरी 1931 को जिला बल्सार (अब वलसाड़, गुजरात) के गांव कलवाडा में हुआ था और जिन्हें उनका परिवार प्यार से 'छिबी' पुकारता था? कोकिला जब मात्र 15 वर्ष की थीं तो उनकी शादी कर दी गई और वह अपने पति कमल रॉय के साथ मुंबई में रहने लगीं। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी न थी, रोजगार की शिद्दत से तलाश थी। वर्ष 1946 में एक गुजराती अख़बार में एक विज्ञापन एक्टर्स की तलाश के सिलसिले में निकला। कोकिला व कमल ने इस विज्ञापन का जवाब दिया। कोकिला का चयन हो गया और उनका अभिनय करियर गुजराती फिल्म 'रणकदेवी' से आरंभ हो गया। इसके बाद उनकी हिंदी फिल्म 'अमर राज' भी जल्दी ही रिलीज़ हुई और कोकिला अपने स्क्रीन नाम निरूपा रॉय से फिल्मी दुनिया में स्थापित हो गईं। निरूपा रॉय के पिता को यह पसंद नहीं था कि वह फिल्मों में काम करें, इसलिए उन्होंने उनसे बोलना छोड़ दिया था। निरूपा रॉय को जीवनभर इस बात का मलाल रहा, लेकिन मुंबई में घर का चूल्हा जलाए रखने के लिए फिल्मों में काम करने की मजबूरी भी थी। शुरुआत में निरूपा रॉय को ख्याति ऐतिहासिक व पौराणिक कथाओं पर आधारित फिल्मों से मिली। जब 1950 में उनकी फिल्म 'हर हर महादेव' ब्लॉकबस्टर हुई, जिसमें वह माता पार्वती की भूमिका में थीं, तो उनकी छवि 'देवी' की ऐसी बनी कि लोग उनके घर पर उनका आशीर्वाद लेने के लिए आते थे। इस फिल्म में भगवान शिव की भूमिका में त्रिलोक कपूर थे। हालांकि निरूपा रॉय ने उस दौर में भारत भूषण, बलराज साहनी व अशोक कुमार जैसे स्थापित कलाकारों के साथ काम किया, लेकिन उनकी जोड़ी त्रिलोक कपूर के साथ अधिक पसंद की गई और दोनों ने एक साथ 18 फिल्मों में काम किया, जो कि सभी धार्मिक चरित्रों पर आधारित थीं। पर्दे पर 'देवी' की इमेज बनने की वजह से हुआ यह कि जैसे-जैसे निरूपा रॉय का करियर आगे बढ़ने लगा तो उन्हें 'मां' की भूमिकाएं मिलने लगीं। वह पर्दे पर पहली बार फिल्म 'मुनीमजी' (1955) में देवानंद की 'मां' बनीं, जो उनसे आयु में सात वर्ष बड़े थे। इसके बाद वह मां, बहन व भाभी के किरदार निभाने लगीं, विशेषकर 'राम और श्याम' (1967) के बाद, जिसमें वह दिलीप कुमार की बहन की भूमिका में थीं।

## तिथि विशेष

# शिवाजी सावंत का जन्मदिवस

31 अगस्त 1940 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के आजरा गांव में जन्मे शिवाजी सावंत मराठी साहित्य जगत के महान साहित्यकारों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपनी प्रभावशाली लेखनी से भारतीय पौराणिक पात्रों को नया दृष्टिकोण दिया। उनका नाम विशेष रूप से कालजयी उपन्यास 'मृत्युंजय' के लिए जाना जाता है, जिसने उन्हें देशभर में लोकप्रियता और प्रतिष्ठा दिलाई। शिवाजी सावंत का बचपन सामान्य परिवेश में बीता। आर्थिक परिस्थितियों के कारण उनकी शिक्षा में भी कठिनाइयां आईं, लेकिन साहित्य और अध्ययन के प्रति उनका लगाव कभी कम नहीं हुआ। उन्होंने अपने जीवन में अध्यापन सहित विभिन्न कार्य किए, साथ ही लेखन को निरंतर आगे बढ़ाया। भारतीय इतिहास, संस्कृति, महाकाव्यों और पौराणिक चरित्रों का गहन अध्ययन उनकी रचनाओं में स्पष्ट दिखाई देता है। उनकी सर्वाधिक प्रसिद्ध कृति 'मृत्युंजय' महाभारत के महान योद्धा कर्ण के जीवन पर आधारित है। इस उपन्यास में शिवाजी सावंत ने कर्ण को केवल एक वीर योद्धा के रूप में नहीं बल्कि संघर्ष, उपेक्षा, मित्रता, दानशीलता और आत्मसम्मान के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया। कर्ण के व्यक्तित्व और उसके जीवन के अंतर्द्वंद्व को जिस संवेदनशीलता से चित्रित किया गया है, उसने पाठकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। 'मृत्युंजय' का विभिन्न भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ और यह व्यापक रूप से चर्चित कृति बनी। शिवाजी सावंत ने केवल पौराणिक विषयों तक ही अपनी लेखनी सीमित नहीं रखी। उन्होंने ऐतिहासिक और सामाजिक विषयों पर भी साहित्य रचा। उनकी एक अन्य महत्वपूर्ण कृति 'छावा' छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और संघर्ष पर आधारित है। इसके अतिरिक्त 'युगंधर' में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के बहुआयामी व्यक्तित्व को साहित्यिक रूप दिया।



## पर्यटन

# बेदनी कुंड, जहां हुआ था शिव-पार्वती का मिलन

**समीर चौधरी**

उत्तराखंड के जिला चमोली में अचानक बर्फ पड़ने लगी। मुझे विशाल शाहबलूत (ओक) पेड़ के नीचे शरण लेनी पड़ी। मैं छोटे से गांव कुलिंग से हाईक करते हुए बेदनी व अली बुग्याल (शादुल या चरागाह) जा रहा था। मात्र 9 किमी के इस सफर में मेरे साथी अनुभवी गाइड बजरंगी थापा और निरंतर बदलता हुआ मौसम थे। हरे-भरे जंगलों से लेकर बद्री चौखम्बा व हर-की-दुन पहाड़ों की गंजी चोटियों तक हमने जो रास्ता लिया था, उसका नज़ारा दिलकश और हमेशा याद रहने वाला था। कभी सूरज रास्ते में रोशनी कर देता, तो कभी ओले सफर में रुकावट बन जाते। अली पर्वतमाला को पार करते ही ओलों ने हमारा स्वागत किया, जिससे आसपास का नज़ारा देखना असंभव हो गया।

कुछ ही घंटों में मौसम पर देवताओं की कृपा हो गई। ढलते सूरज में त्रिशूल व नंदा घुंटी की बर्फ से ढकी चोटियां गज़ब लग रही थीं। अपने फाइबर टेंट में लेटे हुए उनसे निगाह हट नहीं रही थी। अगली सुबह हम अली बुग्याल से बेदनी बुग्याल के लिए पैकिंग करने लगे, लेकिन उससे पहले हम पार्वती देवी का दर्शन करने के लिए गए। उनका मन्दिर अली बुग्याल के सामने वाली पहाड़ी के ऊपर है। देवी की मूर्ति मात्र 6 इंच की ही है, लेकिन उसके समक्ष नमन करते हुए उस शक्ति का अनुभव हुआ जिसके बारे में बजरंगी थापा ने कहा था। हर साल नंदा देवी (पार्वती देवी) की पालकी को कुरुर (कर्णप्रयाग के निकट एक गांव), उनके मायके, से उनकी सुसराल कैलाश, तिब्बत ले जाया जाता है। नंदा देवी की यह जात (धार्मिक बारात) जून, जुलाई या अगस्त में निकाली जाती है, इस मान्यता के साथ कि देवी 6 माह तक अपने मायके में रहकर कैलाश लौट रही हैं। हर 12 वर्ष के अन्तराल पर (राज) जात अधिक विशाल पैमाने पर निकाली जाती है, जब कुमाऊं व गढ़वाल के विभिन्न भागों से पालकियां नंदा केशारी पर एकत्र होती हैं, जो कि कर्णप्रयाग से 60 किमी दूर है। राज जात बेदनी व अली बुग्यालों को पार करती हुई 3755 मीटर की ऊंचाई पर होमकुंड जाती है। बेदनी व अली बुग्यालों में 3-4 किमी का फासला है। यह दोनों मिलकर उत्तराखंड का सबसे बड़ा चारागाह बनाते हैं। इनके अलावा प्रमुख बुग्याल हैं दयारा व पनवाली। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव व माता पार्वती ने अपने कुछ वैवाहिक संस्कार बेदनी बुग्याल में भी पूरे किए थे। फिर वह रूपकुंड होते हुए पैदल ही कैलाश गए थे। इस पूरी पगडंडी का नाम माता पार्वती के जीवन व यात्रा पर पड़ा है। गढ़वाली में अली का अर्थ है-क्या तुम आ रहे हो? पौराणिक कथाओं में है कि भगवान शिव के 'मनचले स्वभाव' के कारण पार्वती अक्सर अप्रसन्न रहती थीं और इसलिए वह अपने मायके चली जाती थीं। माता पार्वती के बार-बार मायके जाने से भगवान शिव परेशान हो गए तो उन्होंने एक दिन उनसे बिना ब्रेक के हमेशा साथ रहने के लिए कहा। अपनी बात मनवाने के लिए भगवान शिव माता पार्वती के साथ अली तक पैदल चले। यहां देवी ने आगे की यात्रा जारी रखने से पहले आराम करने का निर्णय लिया। जब वह जागीं तो उन्होंने अपने सिर पर सैंकड़ों हिमालयन मोनल (उत्तराखंड का राज्य पक्षी) को मंडराते हुए देखा। उनके चरणों में प्यारे प्यारे मेमने थे और पास में फूलों के विशाल गार्डन। भगवान शिव की इस रचना से प्रभावित होकर माता पार्वती उनके साथ वापस हो गईं। माता पार्वती की तरह अपने आसपास की सुंदरता देखकर मैं भी मंत्रमुग्ध हो गया। एक तरफ शाहबतूल के पेड़ों का घना जंगल था, दूसरी तरफ हरे भरे चारागाह, जैसे किसी ने रंग बिरंगे फूलों से सजी हरी चादर बिछा दी हो। बजरंगी थापा ने मुझे बताया कि रंग बिरंगे जंगली फूल यहां मई-जून में ही खिलते हैं। फिर हम बेदनी बुग्याल की तरफ जाने लगे। पिछली रात की ओलावृष्टि ने सुंदर पथ में चार चांद लगा दिए थे। माता पार्वती व भगवान शिव के मिलन स्थल होने के अतिरिक्त बेदनी कुंड का एक अन्य कारण से पौराणिक महत्व है। भैंसा-राक्षस महिषासुर ने देवी पार्वती का कातिलाना पीछा किया था। वह बेदनी लौट गईं कि देवता उनकी मदद करेंगे और कुंड में छुप गईं। यह पवित्र कुंड बेदनी बुग्याल के केंद्र में है। एक समय था कि इसमें पानी भरा रहता था, लेकिन अब सूखा हुआ गड्ढा है, जिसमें भगवान शिव का मन्दिर है और किनारे पर माता पार्वती का मन्दिर। जब माता पार्वती नहीं मिलीं तो महिषासुर ने अपना सींग कुंड में घुसा दिया कि कहीं वह वहां न छुपी हों। जल्द ही उनकी साड़ी सतह पर आ गई और वह स्वयं भी प्रकट हो गईं। उन्होंने अपनी चाल में फंसाकर महिषासुर का सिर धड़ से अलग कर दिया। मैंने अपनी चीज़ों को टेंट में रखा और थापा के साथ पंचकोटि की ओर चल दिया, जो कुंड के ऊपरी वाली पहाड़ी पर है।



इमेज

## वायरल

# खुदाई में मिला अनमोल खजाना, 350 सिक्के, जो पहले किसी ने नहीं देखे

रूस में एक ऐसी खोज हुई है, जिसने इतिहासकारों को भी हैरान कर दिया है। मॉस्को से तकरीबन 114 किलोमीटर दूर कोलोम्ना नाम के शहर में खुदाई चल रही थी, तभी जमीन के अंदर से एक मिट्टी का मटका निकला। इस मटके के अंदर था चांदी के 2600 सिक्कों का खजाना, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इसे किसी ने बड़ी सावधानी के साथ जमीन में छुपाया था। रूस की एकेडमी ऑफ साइंसेज के आर्कियोलॉजी इंस्टीट्यूट का कहना है कि यह खजाना 14वीं-15वीं सदी का है और सबसे दिलचस्प बात ये कि इसमें 350 से ज्यादा सिक्के तो ऐसे हैं, जिनका डिजाइन पहले कभी दुनिया के सामने आया ही नहीं। उस जमाने में कोलोम्ना कोई मामूली शहर नहीं था, बल्कि आसपास के इलाके का दूसरा सबसे रईस और ताकतवर शहर हुआ करता था। अंदाजा है कि इतनी बड़ी दौलत किसी बहुत बड़े व्यापारी की या फिर किसी बड़े सरकारी अफसर की रही होगी। शायद किसी ने अपना सारा पैसा जमीन में छुपा दिया।



## पंचांग

**31 अगस्त 2026**

- विक्रम संवत् - 2083
- शक संवत् - 1948
- ऋतु - शरद
- मास - भाद्रपद
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - तृतीया 08.52 तक
- वार - सोमवार
- नक्षत्र - रेवती 27.25 तक
- योग - गंड 25.51 तक
- करण - बव 20.20 तक
- सूर्योदय - 06.24 प्रात: (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.53 शाम (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.21 प्रात: (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 07.01 शाम (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन 27.25 तक
- अभिजित् - 12.13 से 13.01
- राहु काल - 07.57 से 09.30
- दिशा शूल - पूर्व
- व्रत त्यौहार - शिव पूजन, शिवमुष्टि मूंग, कज्जली तीज, संकष्ट चतुर्थी, चंद्रोदय 20.50, बॉल चौथ, व्यतिपात महापात 06.21 से 10.16, भद्रा 08.52 तक, पंचक 27.25 तक

## X का एक्सरे

बागवानी में उज्बेकिस्तान के अनुभव और भारत की आधुनिक तकनीकों को मिलाकर हम दोनों देशों की खाद्य सुरक्षा में योगदान देंगे। उज्बेकिस्तान की औषधीय जड़ी-बूटियां और आयुर्वेद में भारत की विशेषज्ञता स्वाभाविक मेल बनाती हैं। पारंपरिक चिकित्सा को लेकर हुए समझौते हमारी संयुक्त कोशिशों को और मजबूत करेंगे।



**नरेंद्र मोदी**

लोगों को बुरा माने या नाराज हुए बिना खुद पर हंसना सीखना चाहिए। उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं है, बशर्ते मकसद नुकसान पहुंचाने का न हो। अगर यह सब मजाक में हो रहा है, तो मुझे सच में कोई दिक्कत नहीं है। हमें खुद पर और एक-दूसरे पर हंसना सीखना चाहिए। साथ में हंसना चाहिए और फिर भी बुरा नहीं मानना चाहिए।



**मनोज बाजपेयी**

भाजपा राज में बंद किए गए स्कूलों को सपा सरकार आने पर फिर से खोला जाएगा। सरकारी स्कूलों में पीडीए समाज के लोग पढ़ते हैं। सपा सरकार आने पर पीडीए समाज को उनकी आबादी के अनुसार हक दिया जाएगा। हमारी सरकार आएगी तो हम पीडब्ल्यूडी विभाग का भी ऑडिट करवाएंगे और बताएंगे कि कितना माल कमाया गया है।



**अखिलेश यादव**

राजनीति का मतलब केवल सत्ता हासिल करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें आपसी रिश्तों और सामाजिक सौहार्द की हिफाजत जरूरी है। साल 2014 से पहले की राजनीति में वैचारिक मतभेदों के बावजूद एक-दूसरे के प्रति सम्मान और मर्यादा बनी रहती थी। आज जिस तरह निजी रिश्ते टूट रहे हैं, वह बेहद चिंताजनक है।



**एकनाथ खडसे**

## एक नजर

### फायर स्टेशन प्रभारी को सम्मानित करते सीएफओ तथा कार्यक्रम में आए लोग

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को दावा किया कि राज्य के पूरे राजनीतिक इतिहास में इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं आई, जितनी इस समय है। यादव ने मंगलवार से पार्टी का बूथ स्तर पर चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने की घोषणा भी की। सपा मुख्यालय में संगठनात्मक बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यादव ने भाजपा सरकार पर जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) समेत कई सरकारी संस्थानों को बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पर भी आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री ने हाल में सपा प्रमुख और उनके परिवार पर जेपीएनआईसी के निर्माण में ''डकैती'' डालने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि पूरे परिवार ने मिलकर इसे लूटा।

# चुनावी रेवड़ियों से सावधान रहें महिलाएं: मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने महिला मतदाताओं से निजी लाभ वाले लुभावने वादे एवं घोषणाओं से बचने की अपील करते हुए सोमवार को कहा कि इसके जरिए चुनावों को अनुचित तरीके से प्रभावित किया जाता है। मायावती का यह बयान संभवतः समाजवादी पार्टी की हाल में की गई उस घोषणा की ओर इशारा था, जिसमें कहा गया था, ''हर गरीब, शोषित और वंचित महिला के खाते में हर साल सीधे 40,000 रुपये दिए जाएंगे, जो हर वर्ष बढ़ते जाएंगे। इसके अलावा 'पीडीए प्रतिभाशाला' के माध्यम से उन्हें हुनरमंद और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुफ्त लैपटॉप और 'साइकिल' से उनकी प्रतिभा का सम्मान होगा। मोबाइल फोन का मुफ्त वितरण उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ेगा।'' मायावती ने सोमवार को उत्तर प्रदेश, मंडल इकाइयों और सभी



75 जिलों के जिलाध्यक्षों सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की जिसमें उन्होंने खास तौर पर पार्टी उम्मीदवारों के चयन की प्रगति समेत आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। पार्टी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, बसपा प्रमुख ने कहा, ''चुनावी स्वार्थ के लिए मतदान से पहले महिलाओं आदि को कई प्रकार के निजी लाभ पहुंचाने वाली 'रेवड़ियों' (मुफ्त सुविधाएं) सहित विभिन्न लुभावने वादों और घोषणाओं के माध्यम से चुनावों को गलत तरीके से प्रभावित किया जाता है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन चुनाव के बाद सरकार बनने पर देश के विभिन्न राज्यों में जनता से की जा रही वादाखिलाफी के बारे में खासकर उत्तर प्रदेश की जनता को आगाह करना जरूरी है, ताकि लोग विरोधी दलों के ऐसे खुलेआम छलावे और विश्वासघात से बचकर चुनाव में अपनी इच्छा के अनुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कर सकें। यह देश और जनहित में बेहद जरूरी है।'' मायावती ने कहा, ''देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव के बाद सरकार बनने पर लगातार हो रही वादाखिलाफी, विश्वासघात और जनहित एवं जनकल्याण के प्रति गैर-जिम्मेदारी के खिलाफ बसपा के संघर्ष के साथ-साथ 'जेन-जी' और 'जेन-अल्फा' पीढ़ी के युवाओं को भी ऐसे जनविरोधी रवैये और गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठानी पड़ रही है। इसके कारण उन्हें पुलिस मामलों और अन्य सरकारी दमन का सामना करना पड़ रहा है।'' जिन पीढ़ी को जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ उन्हें 'जेन-जी' और जिनका जन्म 2013 से 2024 के बीच हुआ उन्हें 'जेन-अल्फा' कहा जाता है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा, ''महंगाई के साथ-साथ गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन के कारण मजबूरी में होने वाले पलायन से उत्तर प्रदेश की जनता भी लगातार परेशान है। इसके समाधान के लिए सरकार जो भी घोषणाएं कर रही है, वे ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही हैं। इनमें समस्या के समाधान से अधिक चुनावी छलावा नजर आता है।'' उन्होंने कहा कि जनहित और जनकल्याण का दायित्व लगातार निभाना सभी सरकारों की संवैधानिक जिम्मेदारी है और इसे हर वर्ष जारी रखा जाना चाहिए। बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकारों ने किसी मुहूर्त या चुनाव की प्रतीक्षा किए बिना लगातार यह दायित्व निभाया और 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' के क्षेत्र में अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक कार्य किए, जो किसी से छिपे नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर नौ अक्टूबर के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस वर्ष यह कार्यक्रम केवल लखनऊ में होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम बसपा सरकार के कार्यकाल में वीआईपी रोड पर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए गए भव्य 'बौद्ध स्मृति उपवन' के सामने स्थित विशाल गुंबदाकार 'मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल' में आयोजित किया जाएगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत पूरे प्रदेश से लोग एकत्र होकर कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मायावती ने पड़ोसी देश नेपाल में आई भीषण बाढ़ से जान-माल के नुकसान पर दुख प्रकट किया और पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस आपदा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में भी बाढ़ की स्थिति को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को सभी प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद के लिए तत्काल आगे आना चाहिए। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा नहीं होने पर खासकर पूर्वांचल के लोगों का जीवन गरीबी, भूख और कर्ज के बोझ से और कठिन हो जाएगा।

## सीएम योगी ने दिया इलाज में पूरी आर्थिक मदद का भरोसा

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में अपनी बीमार बहन के इलाज की गुहार लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को मदद का आश्वासन देते हुए सोमवार को कहा कि धन की कमी के कारण किसी का इलाज नहीं रुकेगा। एक बयान के मुताबिक यहां मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित 'जनता दर्शन' में पहुंचे अयोध्या निवासी श्याम सोनकर ने मुख्यमंत्री के समक्ष गुहार लगाई कि उनकी बहन बबिता कुछ दिनों से अयोध्या में भर्ती थीं लेकिन बाद में चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। सोनकर ने कहा कि परिवार के अत्यंत गरीब होने के कारण इलाज में परेशानी आ रही है जिस पर मुख्यमंत्री ने अपने आवास से तत्काल पीड़िता को एंबुलेंस से गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान भिजवाया।

## सीखो सिखाओ अवार्ड्स-2026 के लिए करें आवेदन

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करने वालों को राज्य स्तर पर सम्मानित करेगी। सीखो सिखाओ फाउंडेशन की ओर से सार्वजनिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और ब्लाक संसाधन केंद्रों (बीआरसी) को प्रोत्साहित करने के लिए सीखो सिखाओ अवार्ड्स-2026 घोषित किए गए हैं। पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की गई है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजा है।

# विधायक कापड़ी ने हल्द्वानी अस्पताल जाकर बाघ हमले के घायल का जाना हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** क्षेत्रीय विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापडी ने बाघ के हमले में घायल बग्घा चौवन निवासी ईश्वर सिंह बिष्ट का सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर कुशल क्षेप जानी।

इस दौरान विधायक कापड़ी ने अस्पताल के चिकित्सकों से मुलाकात कर घायल के स्वास्थ्य के संबंध में पूछताछ भी की। बग्घा निवासी ईश्वर को गत सप्ताह 24 अगस्त को सतपुड़ा जाते समय गांव की सीमा से लगे जंगल में बाघ ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। उप जिला चिकित्सालय खटीमा से प्राथमिक उपचार के बाद



बाघ के हमले में हुए घायल का हाल जानते विधायक भुवन कापड़ी। –जागरण मोर्चा

चिकित्सकों ने सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर किया गया था विधायक काफी ने ईश्वर के साहस की सराहना की और कहा कि उसने स्वयं को बाघ के चंगुल से अपनी जान बचाई। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रहलाद बोरा, विक्रम दशौनी, कुशाल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## नेपाल-तिब्बत बाढ़ में 903 लोगों की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** नेपाल और तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद रविवार तक मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 903 हो गई है। दोनों क्षेत्रों में 3000 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल में लापता लोगों में 550 से ज्यादा विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय (MEA) ने रविवार शाम 5:30 बजे जानकारी दी कि नेपाल में 149 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचाया गया है। इससे पहले शनिवार रात जारी लापता लोगों की सूची में 275 भारतीय नागरिकों के लापता होने की बात सामने आई थी। इसके अलावा भारतीय मूल के 128 लोगों से संपर्क नहीं हो पाया है। राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है तथा लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

# बाघ के हमले में घायल के परिजनों को 30,000 रुपये का चेक सौंपा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** बाघ के हमले से घायल ईश्वर सिंह बिष्ट के उपचार हेतु दीपक सिंह प्रभागीय वनाअधिकारी तराई पूर्वी वन प्रबंधन हल्द्वानी ने घायल की माता कमला देवी को 30,000 रुपए का चेक सौंपा। इस दौरान मौके पर बग्घा 54 पहुंचे। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मौके पर पहुंचे जिपंअ मौर्य एवं डीएफओ दीपक सिंह से ग्रामीणों ने ग्राम बग्घा सीमा से सरपुड़ा फाटक तक जंगल मार्ग मं सड़क के दोनों और 8 फीट ऊंची तारवाड तथा मार्ग में सौर ऊर्जा लाईट लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि हिंसक जंगली जानवरों का कुनवा बढ़ रहा है । बाघ आदि



घायल के परिजनों को चेक सौंपते डीएफओ एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या।

हिंसक जानवर आए दिन आबादी क्षेत्र में घुसकर पालतू मवेशियों को उठा ले जाते हैं। जिपंअ मौर्य एवं डीएफओ ने तार बाड अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। एसडीओ फॉरेस्ट संचित वर्मा एवं रेंजर राजेंद्र मनराल ने सीसीटीवी कैमरे की संख्या एवं वन कर्मियों की गस्त बढ़ाने का आसान दिया। इस दौरान मोहन सिंह चुफाल, धर्म सिंह दसौनी, सुंदरलाल वर्मा, राजू दास वनदरोगा, वनबीट अधिकारी राहुल व दीपक, हेमेश भट्ट, ग्राम प्रधान रमेश लाल दसौनी, सदानंद जोशी, पूर्व उपप्रधान देवेंद्र सिंह, बहादुर सिंह चौहान, दीपक चौहान, शशि केश त्रिभुवन चौहान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# विपिन चंद्र की 22वीं पुण्यतिथि मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल की जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रमुख सेनानी, सामाजिक विचारक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता स्वर्गीय विपिन चंद्र त्रिपाठी की 22वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों का उत्तराखंड बनाने का संकल्प दोहराया। तहसील परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने कहा कि विपिन चंद्र त्रिपाठी का जीवन उत्तराखंड के हितों के लिए संघर्ष और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि आज उनकी 22वीं पुण्यतिथि पर हम सभी उनके आदर्शों और विचारों को




स्वर्गीय विपिन चंद्र त्रिपाठी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते उत्क्रांद के कार्यकर्ता।

आगे बढ़ाने तथा उनके सपनों का उत्तराखंड बनाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बताया कि विपिन चंद्र त्रिपाठी महान सामाजिक विचारक, पर्यावरण कार्यकर्ता और उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी थे। उत्तराखंड क्रांति दल में उन्हें पार्टी के 'थिंक टैंक' के रूप में भी जाना जाता था। सभा में जिला अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी ने कहा कि स्व. त्रिपाठी की सोच को साकार करने से ही उत्तराखंड प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो सकता है। हमें उनके विचारों के अनुरूप कार्य कर उनके सपनों को साकार करना होगा। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन मंत्री कैलाश भट्ट, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ के के. धन बहादुर चंद, दीवान सिंह, होशियार सिंह जेठी, जीवन मेहता, जीवन भट्ट, दुर्गा सिंह सामंत, किरण चौधरी, योगेश बोरा, रोहित भट्ट, हरीश फुलेरा, नगर अध्यक्ष चंचल सिंह खड़का, रमेश कोठारी सहित कार्यकर्ता रहे।

## अंकित बालियान हत्याकांड में गहरी साजिश की आशंका

**लखनऊ (एजेंसी)।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या में शामिल दो शूटरों के एनकाउंटर के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस अब हत्याकांड के कारणों और पूरी साजिश की पड़ताल में जुटी है। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मीडिया को बताया कि शामली में हुई अंकित बालियान की हत्या के पीछे गहरी साजिश होने की बात सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि वारदात को अंजाम देने वाले गोगी गैंग के कई सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पुलिस मामले की जांच वैज्ञानिक तरीके से कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर साजिश में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसआर गौतम के निधन से शोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ज्ञानोदय बुद्ध विहार महाबोधिसत्व अंबेडकर मिशन के संस्थापक एसआर गौतम का सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। इनका प्रयास अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। एसआर गौतम ने 1980 के दसक में ज्ञानोदय बुद्ध विहार महाबोधिसत्व अंबेडकर मिशन की स्थापना की थी। स्थापना अवधि से वे इस संस्था से जुड़े रहे और इसके विकास एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। गौतम के निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग ज्ञानोदय बुद्ध विहार



एसआर गौतम फाइल फोटो।

पहुंचे और एसआर गौतम को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बुद्ध विहार पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गौतम का समाज के हर वर्ग में विशेष सम्मान था और वह युवाओं के बीच भी काफी लोकप्रिय थे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उप नेता प्रतिपक्ष खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने बुद्ध विहार पहुंचकर एसआर गौतम को श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. उत्तम कुमार ने उनके निधन को समाज के लिए बड़ी क्षति बताते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। एस आर गौतम अपने पीछे पत्नी पानमती देवी, बेटे बुद्ध रतन दयालू, संघशील गौतम व हीतेश कुमार गौतम तथा बेटी सुजाता गौतम को छोड़ गए हैं। उनके बड़े बेटे बुद्ध रतन दयालू ने बताया कि एसआर गौतम का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव दियां चांदपुर ले जाया जाएगा, जहां मंगलवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ज्ञानोदय बुद्ध विहार समाज की धरोहर है। उन्होंने समाज के लोगों से आगे आकर बुद्ध विहार की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने की अपील की। एस आर गौतम के निधन से ज्ञानोदय बुद्ध विहार से जुड़े लोगों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस दौरान अशोक कुमार, विजय कुमार, सुरेंद्र गौतम, हरिशंकर, अरविंद कुमार, अमरनाथ, भीमरतन, मोतीलाल अनमोल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अमरमणि त्रिपाठी ने 2027 चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**लखनऊ (एजेंसी)।** युवा कवयित्री लखीमपुर खीरी की मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए अमरमणि त्रिपाठी ने राजनीति में फिर सक्रिय होने की घोषणा की है। महराजगंज में अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ाते हुए उन्होंने 2027 का विधानसभा चुनाव महराजगंज से लड़ने का ऐलान किया। रविवार को फरेंदा स्थित कृष्णा मैरिज हॉल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में अमरमणि त्रिपाठी ने आम लोगों से मुलाकात कर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में पूर्व विकलांग एवं राज्य मंत्री श्याम नारायण तिवारी भी मौजूद रहे। अमरमणि की राजनीतिक सक्रियता बढ़ने के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# सेंट जेवियर स्कूल में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सेमिनार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खटीमा में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सेमिनार 2026 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र के देखरेख में "भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां" विषय पर आयोजित सेमिनार में क्षेत्र के 25 विद्यालयों के चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों, उनके महत्व, भविष्य की संभावनाओं एवं चुनौतियों के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी रहे। कार्यक्रम का समन्वयन खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा के निर्देशन में निर्मल न्योलिया ने किया। प्रतियोगिता




विज्ञान सेमिनार में विजई प्रतिभागियों के साथ आयोजक मंडल। –जागरण मोर्चा

के निर्णायक मंडल में सुमित पांडे (एम.बी.पी.जी. कॉलेज हल्द्वानी), सुमित कुमार (शिवालिक चिल्ड्रन साइंस फाउंडेशन) रहे। मनीषा कल्पासी तथा कीर्ति बल्लभ गहतोड़ी ने संकलन में सहयोग किया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की विषय-वस्तु, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रस्तुतीकरण एवं अभिव्यक्ति का मूल्यांकन किया। विद्यालय प्रबंधक फादर पीटर मलिथारा व प्रधानाचार्या सिस्टर थेरेसा एंटनी, सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक फादर जॉनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विज्ञान विभागाध्यक्ष नवनीत मसीह साथ विद्यालय के शिक्षक गुफरान, तसनीम, रोहिणी, मनोज, विशाल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विज्ञान सेमिनार में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी भट्ट, कक्षा 10 सराफ पब्लिक स्कूल, दूसरे स्थान पर कीर्ति बिष्ट सरस्वती पब्लिक छीनकी कक्षा 10 तथा तीसरे स्थान पर अंशिका जोशी कक्षा 9 डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी रहे।

## सुनवाई न होने पर टावर पर चढ़ा युवक

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या में जमीन विवाद की शिकायत पर सुनवाई न होने से आहत एक युवक सोमवार को लखनऊ में विधायक निवास दारुलशफा के पास मोबाइल टावर पर चढ़ गया। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान अंकुर सिंह, निवासी बाबा बाजार, रामपुर जनक, अयोध्या के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और काफी समझाने के बाद आश्वासन देकर उसे सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस ने युवक के पास से दो लीटर पेट्रोल भी बरामद किया है। बताया गया कि अंकुर सिंह ने जमीन विवाद को लेकर अयोध्या पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन सुनवाई न होने से वह लखनऊ पहुंचा था। लखनऊ पुलिस ने मामले की जानकारी अयोध्या पुलिस को भी दे दी है।

# अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत खटीमा पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक खटीमा और वरिष्ठ उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चौकी सत्रह मील मझौला पुलिस द्वारा बीते रविवार को चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान हल्दी पुल से सैपन जाने वाली सड़क पर एक व्यक्ति को टायर-ट्यूब के अंदर करीब 50 लीटर अवैध कच्ची शराब ले जाते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शमशेर सिंह पुत्र मिल्खा सिंह,




कच्ची शराब के साथ एक आरोपित गिरफ्तार। –जागरण मोर्चा

निवासी थाना खटीमा क्षेत्र, जिला ऊधमसिंहनगर, उम्र 46 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना खटीमा में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में 17 मिल पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक किशोर पंत, कांस्टेबल उमेश जोशी तथा दुर्गा नाथ शामिल रहे।

## एक नजर

### जिला शहर कांग्रेस कमेटी निकला शहर में विरोध मार्च

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार उत्तराखंड में सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक मूल्यों के सम्मान तथा लोकतांत्रिक आवाज़ को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त जिला एवं शहर मुख्यालयों पर विरोध मार्च आयोजित किए जाने के क्रम में आज जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी पीलीभीत द्वारा संयुक्त रूप से विरोध मार्च आयोजित किया गया। विरोध मार्च शाम छतरी चौराहे से प्रारंभ होकर गैस चौराहे तक निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य युसूफ मलिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। देश में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता निरंतर संघर्ष करते रहेंगे।

# पानी की टंकी पर चढ़ने वाले युवक और साथियों पर एफआईआर ग्रामीणों में आक्रोश

## कलेक्ट्रेट परिसर में ग्रामीणों ने दिया धरना, मुकदमे रद्द करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विकास खण्ड के गांव बेहड़ीखेड़ा में विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए नवनिर्मित पानी की टंकी पर चढ़ने वाले युवक और उसके समर्थकों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। दर्ज मुकदमे के विरोध में सोमवार को सैकड़ों की सख्या मे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के खिलाफ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन नारे बाजी करते हुए किया गया ज्ञात रहे मरौरी ब्लॉक के एडीओ पंचायत मेहरबान सिंह की तहरीर पर सुनगढ़ी पुलिस ने बेहड़ी खेड़ा निवासी वीरेश कुमार, उसके साथी कुलदीप, अमित, कृष्णपाल, कुंभकरण और



जिला मुख्यालय पर एसडीएम को देते ज्ञापन ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

तीस अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस रिपोर्ट में आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सार्वजनिक रास्ता जाम करने और युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए गए हैं।वही दूसरी ओर, ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नियमों के विपरीत पाइप लाइन डालने व अन्य विकास कार्य कराने की शिकायत की गई थी। समाधान न होने पर ही युवक सांकेतिक विरोध दर्ज कराने टंकी पर चढ़ा था। ग्रामीणों ने जिला धिकारी को ज्ञापन सौंपकर दर्ज मुकदमे को निरस्त करने और विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# स्पेशल और पिंक बस चलाने की उठी मांग

## द रूट क्लब ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, अवंतीबाई कॉलेज के पीछे से वैकल्पिक मार्ग बनाने का सुझाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज सामाजिक संस्था 'द रूट क्लब' ने सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर विद्यार्थियों और महिलाओं की सुविधा के लिए पीलीभीत से बरेली के बीच बस सेवाएं शुरू करने तथा शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। क्लब के अध्यक्ष अरीब अहमद वारसी और सचिव शिवम कश्यप अधिवक्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पीलीभीत से सैकड़ों छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए रोजाना बरेली आते-जाते हैं। शिक्षण संस्थानों द्वारा परिवहन का अत्यधिक शुल्क लेने से परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। क्लब ने अदालती फैसलों और जापान के रेलवे का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा और सुरक्षित परिवहन का अधिकार आपस में



जुड़े हैं। इसके समाधान के लिए महा विद्यालयों की समय-सारिणी और कामकाजी महिलाओं की सुविधा के अनुसार एक छात्र विशेष बस और एक केवल महिलाओं के लिए आरक्षित बस चलाने की मांग की गई। छात्राओं की सुरक्षा और यातायात सुधार का सुझाव क्लब ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वीरांगना अवंतीबाई इंटर कॉलेज के पास लगने वाले भीषण जाम और छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। कॉलेज के सामने चिकित्सा महाविद्यालय, जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय और क्षय रोग अस्पताल होने से छुट्टी के समय मार्ग पर यातायात बाधित हो जाता है। क्लब ने सुझाव दिया कि चूंकि कॉलेज और उसके पीछे की भूमि दोनों जिला पंचायत विभाग की हैं, इसलिए विद्यालय के पीछे से एक वैकल्पिक निकासी मार्ग विकसित किया जाए। इससे मुख्य मार्ग पर यातायात की समस्या समाप्त होगी और छात्राओं को सुरक्षित रास्ता मिलेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान सेठ सचिव शिवम कश्यप एडवोकेट, अनस, सौरभ गंगवार, हन्नान, ओम वर्मा, मोहम्मद जिलानी, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद अली मंसूरी और साईद अली सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण



वेयरहाउस का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी. पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम एवं सी.सी. टी.वी. और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि, उप जिलाधिकारी (न्यायिक), बन्दोवस्त चकबन्दी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद बांसुरी शाखा द्वारा कराई गई राष्ट्रीय भारत को जानो परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** भारत विकास परिषद बांसुरी शाखा द्वारा आज अखिल भारतीय 'भारत को जानो लिखित परीक्षा जनपद के दस विद्यालयों मे सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। आज इकरा पब्लिक स्कूल अंगुरी देवी इंटर कॉलेज कंपोजिट विद्यालय बारहा, कंपोजिट विद्यालय कैच, लॉर्ड कृष्णा विद्यालय, स्प्रिंग डेल कॉलेज, लिटिल एंजेल स्कूल, रामा इंटर कॉलेज, अवध पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं सुमन कंप्यूटर इंस्टिट्यूट सहित बांसुरी शाखा द्वारा कुल आठ हजार तीन सौ बच्चों की परीक्षा कराई गई। कार्यक्रम के संयोजक संजीव



भारत पहचानो के अंतर्गत परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

अरोड़ा व सह-संयोजक राहुल गजवानी रहे। प्रांतीय महासचिव डॉ अनिल सक्सेना ने बताया कि यह परीक्षा आज पूरे प्रांत, पूरे क्षेत्र एवं पूरे भारत में एक साथ आयोजित की जा रही है। बांसुरी शाखा अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने बताया कि इसमें जो बच्चे जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहेंगे, उनकी दूसरे चरण में पुन परीक्षा कराई जाएगी। दूसरे चरण में चयनित जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रथम और द्वितीय बच्चों को प्रांत स्तर पर भेजा जाएगा। इस अवसर पर प्रांतीय पर्यावरण संयोजक

**बांसुरी शाखा द्वारा एक साथ दस विद्यालयो मे भारत को जानो परीक्षा हुई सम्पन्न**

रवि शर्मा, शाखा सचिव शिरीष सक्सेना, शाखा कोषा ध्यक्ष राहुल गजवानी, पर्यावरण संयोजक हरिपाल यादव, सेवा संयोजक अमित गुप्ता, सदस्य पारस शर्मा, रामानुज अवस्थी, जसबीर सिंह, संतोष मिश्रा, स्वतंत्र देवल सदस्य बृजेश कुमार, सदस्य सौरभ सक्सेना सहित परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे। परीक्षा को सफल बनाने में महिला सहभागिता सुरभि सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

## संक्षेप समाचार

### बरखेड़ा में मजदूरी के विवाद में युवक की गला दबाकर हत्या, महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तार



**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सिसैया में मजदूरी के बकाया पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला दबाया जाना सामने आने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने घटना में शामिल एक ही परिवार के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक नाबालिक किशोर को हिरासत में लेकर नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम सिसैया निवासी संजय कुमार और वीरपाल दोनों मजदूरी का काम करते थे। दोनों के बीच मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। 29 अगस्त की रात इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी हो गई। इसके बाद संजय कुमार, वीरपाल के घर पहुंच गया, जहां दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के बाद संजय अपने घर वापस लौट आया, लेकिन रात करीब ग्यारह बजे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस रात करीब सवा बारह बजे मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह श्वास रोध गला दबाना' बताई गई। इसके बाद मृतक की पत्नी उमा देवी की तहरीर के आधार पर थाना बरखेड़ा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2) [बलवा/दंगा], 115(2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना और धारा 103(1) हत्या के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई चार गिरफ्तार,अपचारी किशोर हिरासत में मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन और क्षेत्रा धिकारी बीसलपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अलकनाथ के पास से घेराबंदी कर घटना में शामिल चार नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमे कन्हई लाल पुत्र कुन्दनलाल वीरपाल पुत्र कन्हईलाल अंजू देवी उर्फ मंजू रानी पत्नी वीरपाल बिलासो उर्फ रामकली पत्नी कन्हईलाल इसके अलावा मामले में संलिप्त एक अपचारी किशोर को विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पुलिस निगरानी में लिया गया है।

### पीलीभीत संगठन ने दिखाई एकजुटता

**पीलीभीत।** संगठन ने दिखाई एकजुटता मिर्जापुर में उत्तर प्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स फेडरेशन सीडीएफ द्वारा आयोजित थोक दवा व्यापारियों की प्रांतीय बैठक राष्ट्रीय महामंत्री राजीव सिंघल के नेतृत्व में ऐतिहासिक और पूरी तरह सफल रही। प्रदेश भर से जुटे सैकड़ों थोक दवा व्यापारियों की भारी उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता और ताकत का शानदार प्रदर्शन किया। बैठक में दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। राष्ट्रीय महामंत्री राजीव सिंघल ने दवा निर्माता कंपनियों फैक्ट्रियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि जो कंपनियां डॉक्टरों को सीधे दवाइयों की आपूर्ति कर रही हैं, वे इसे तुरंत बंद करें। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि फैक्ट्रियों का यह रवैया नहीं बदला, तो सभी थोक व्यापारी उन कंपनियों का सामान बेचना पूरी तरह बंद कर देंगे और एक व्यापक आंदोलन छेड़ने को बाध्य होंगे। बैठक में केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स संगठन के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन ने आयोजन को और अधिक मजबूती दी। पीलीभीत संगठन के अध्यक्ष विनोद तिवारी, महामंत्री आलोक बंसल, नितेंद्र नाथ मिश्रा और कोषाध्यक्ष मधुकर ने बैठक में विशेष रूप से भाग लिया।

# जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुर्कीति माधव मिश्रा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला व अन्य बैरकों तथा अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी



डी एम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण। -जागरण मोर्चा

समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# व्यापारी स्वदेशी कुंभ लखनऊ में गूंजेगी पीलीभीत के व्यापारियों की आवाज, सैकड़ों व्यापारी होंगे शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण बैठक महारानी शोरूम पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी तीन सितंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'व्यापारी स्वदेशी कुंभ' की तैयारियों पर व्यापक चर्चा की गई और कार्यक्रम में जिले की भागी दारी को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिका रियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि तीन सितंबर को जनपद से सैकड़ों व्यापारी अपने-अपने वाहनों से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। व्यापारियों ने जोर देकर कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वदेशी व्यापार और

**महारानी शोरूम में हुई महत्वपूर्ण बैठक, तीन सितंबर को ऐतिहासिक भागीदारी का संकल्प**

छोटे व मध्यम कारोबारियों की एक जुटता और सामर्थ्य को दर्शाने वाला एक सशक्त मंच है। जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने कहा व्यापारी सदैव संगठन और अपने अधिकारों के लिए मजबूती से खड़े रहे हैं। तीन सितंबर को लखनऊ में जनपद के व्यापारी शक्ति का ऐसा प्रदर्शन होगा, जिससे पूरे प्रदेश में एकजुटता का स्पष्ट संदेश जाएगा।" उन्होंने जिले के सभी व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि व्यापारी एकजुट और मजबूत हैं, तथा अपने सम्मान और अधिकारों के लिए हर मंच पर आवाज बुलंद करेंगे।

इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश बंसल, प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल, संरक्षक संजीव मोहन, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन लोधी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, युवा नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, युवा महामंत्री निमिष अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमनजीत, नगर संगठन मंत्री सुनील तथा विशाल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने तीन सितंबर को लखनऊ में 'व्यापारी शक्ति का महाशंखनाद' करने और स्वदेशी कुंभ को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया गया।

महोत्सव

**आचार्य वीरेंद्र शास्त्री बोले- ईश्वर प्रदत्त वेदों के ज्ञान से ही बुद्धि का परिष्कार संभव, चार सितंबर तक चलेगा यह उत्सव**

# आर्य समाज मंदिर में वेद-प्रचार उत्सव का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज स्टेशन रोड स्थितआर्य समाज मंदिर में चार दिवसीय वेद-प्रचार उत्सव का अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। उत्सव के प्रथम दिवस पर आचार्य वीरेंद्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें आर्य बंधु श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां प्रदान कर विश्व कल्याण की कामना की। इस अवसर पर आज के यज्ञ में यजमान एन.एम. सक्सेना, माखन लाल आर्य, वासुदेव गंगवार, महेंद्र कुमार गंगवार एवं धनंजय कुमार गंगवार अपनी पत्नियों सहित सपत्नीक सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी यज्ञ में उपस्थित होकर आहुतियां दीं। यज्ञ के उपरांत भजनोपदेशक



आर्य समाज में चल रहे प्रचार सप्ताह का प्रथम दिन। -जागरण मोर्चा

भानुप्रकाश आर्य ने अपने मधुर वाणी से प्रभु नाम के अमृत रस की बरसा की गई जो प्राणी पान करेगा। उसकी बुद्धि को निर्मल, अवश्य भगवान करेगा। जैसे सुंदर गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भक्ति-रस से सरा बोर कर दिया।

तदुपरांत अपने ओजस्वी प्रवचन में आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि ईश्वर की भक्ति के लिए मन में सच्ची श्रद्धा का होना अत्यंत आवश्यक है। ईश्वर को प्राप्त करने के लिए उसके शुद्ध स्वरूप को जानना और समझना होगा। सृष्टि के प्रारंभ से लेकर महाभारत काल तक मनुष्य एक ही ईश्वर को मानता था और उनका ज्ञान शुद्ध था। उन्होंने आगे कहा कि ईश्वर प्रदत्त वेदों में निहित ज्ञान को प्राप्त करके ही मनुष्य अपनी बुद्धि को परिष्कृत कर सकता है। ईश्वर की कलाकारी सूर्य, चंद्र, तारों, वृक्षों, वनस्पतियों तथा पशु-पक्षियों में स्पष्ट दिखाई देती है। ईश्वर को ठीक से जानकर और समझकर भक्ति करने वाला व्यक्ति कभी गलत मार्ग पर नहीं जा सकता, इसलिए पाखंड व अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में वासुदेव गंगवार, आचार्य हरीबहादुर आर्य, नरेंद्र मोहन सक्सेना, करुणा शंकर सक्सेना, कृपाशंकर, तेजनरायन आर्य, कृष्ण अवतार कंसल, बसंत लाल, नरेंद्र पाल सिंह, बुद्धसेन गंगवार, बेंचेलाल, श्रीमती सुशीला आर्य, श्रीमती नीलम सिंह, श्रीमती प्रेमवती तथा आर्य कन्या इण्टर कॉलेज की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। इस धार्मिक कार्यक्रम का संचालन प्रकाशवीर ने किया। मंत्री वासुदेव गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह वेद-प्रचार उत्सव आगामी चार सितंबर तक निरंतर आयोजित किया जाएगा। गंगवार में शहर के लोगों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

# आर.बी.एस.के. टीम ने डेढ़ वर्षीय मासूम को दिलाया इलाज का सहारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बार फिर जरूरत मंद मासूम के उपचार की राह आसान की है। विकासखंड मरौरी के ग्राम खपरैल गौटिया मे रागिनी माता का नाम पूजा एक वर्ष छ माह बच्चे की जांच के दौरान गंभीर जन्म जात बीमारी की पहचान की गई। ब्लाक मरौरी की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ए से डॉ दिनेश कुमार, राजीव कुमार आप्टोमेटरिस्ट, माला शर्मा स्टाफ नर्स द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। टीम-ए द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चे में न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट की समस्या सामने आई। टीम ने बच्चों के अभिभावकों को बीमारी के उपचार की प्रक्रिया एवं सरकार द्वारा उपलब्ध



निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के बारे विस्तार से जानकारी दी और उनका विशवास जीतते हुए उपचार के लिए प्रेरित किया। टीम ने अभिभावकों को बीमारी की गंभीरता तथा उपलब्ध सरकारी उपचार सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और आगे के उपचार के लिए सरकारी एम्बुलेंस के द्वारा डॉ राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ संदर्भित कराया गया जिसका सरकारी खर्च पर निःशुल्क सर्जरी कराई गयी। सरकारी योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है।स्वास्थ्य विभाग का संदेश-आर.बी.एस.के. के माध्यम से बच्चों में जन्मजात बीमारियों एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान कर उन्हें विशेषज्ञ उपचार से जोड़ा जा रहा है। बच्चों के माता-पिता ने आर.बी.एस.के. टीम एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर पहचान और निरूशुल्क उपचार ने उनकी बेटी को नया जीवन दिया।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम मे बच्चों में जन्मजात रोगों की समय पर पहचान कर निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे न केबल बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो रहा है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को भी उम्मीद मिल रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com








## एक नजर

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पूछताछ करने पर जान से मारने की धमकी

बीसलपुर। क्षेत्र के ग्राम रायपुर में 18 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और विरोध करने पर पीड़ित पिता को गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम रायपुर निवासी पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 26 अगस्त की रात करीब 11 :30 बजे उनके ही गांव का रिजवान उनकी 18 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी लड़की के साथ घर में रखे कीमती जेवर भी ले गई है। पीड़ित का आरोप है कि 29 अगस्त को जब वह जानकारी मिलने पर आरोपी के घर पहुंचा तो रिजवान के पिता शौकीन शाह और मां नूरबानो ने उनके साथ गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेत की रखवाली कर रही विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

## नहर के किनारे मिला दुपट्टा और चप्पले, नहर में डूबने की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय



मौके पर मौजूद लोग व परिजन। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर।** खेत की रखवाली के दौरान एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी देर तक खेत पर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने आसपास के खेतों और अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद परिजनों ने विवाहिता के हरदोई ब्रांच नहर में कूदने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर उसकी तलाश कराने की मांग की। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी अशोक कुमार ने बताया कि सोमवार को सुबह वह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी के साथ दंदौल और टूटे पुल के बीच स्थित एक सिख फार्मर के खेत की रखवली कर रहा था। इस दौरान अशोक अपनी पत्नी को खेत पर छोडकर दूसरे खेत की ओर चला गया। इसी दौरान विवाहिता अचानक लापता हो गई। पति जब वापस आया तो पत्नी खेत से गायब मिली। नहर के किनारे उसका दुपट्टा और चप्पलें मिली। लापता विवाहिता के नहर में कूदने की आशंका के बाद परिजनों की चिंता और बढ़ गई। कुछ ही देर बाद लोगों की भारी भीड मौके पर जुट गई। और परिजन भी रोते हुए मौके पर पहुंच गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नही चल सका। जिस पर परिजन और ग्राम प्रधान रामनिवास शर्मा घुंघचाई थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और नहर के आसपास के क्षेत्र का जायजा लिया। इसके साथ ही नहर में तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों की टीम नहर में विवाहिता की तलाश कर रही है। पुलिस आस पास के क्षेत्र में भी जानकारी जुटा रही है। विवाहिता नहर में पहुंची थी या वह किसी अन्य स्थान पर चली गई, इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। अशोक कुमार रविवार को ही अपनी पत्नी को लेकर ससुराल से वापस अपने घर आया था। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि विवाहिता की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश जारी है।

### शारदा नदी का जलस्तर बढ़ते ही रास्ते में भर जाता पानी

**पूरनपुर।** शारदा नदी पार गांव हजारा से शारदा की ओर जाने वाला रास्ता हल्की सी बारिश या नदी का जलस्तर बढ़ते ही जलभराव की चपेट में आ जाता है। रास्ते पर पानी भर जाने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक शारदा नदी का जलस्तर थोड़ा भी बढ़ने पर रास्ते पर पानी जमा हो जाता है। इससे लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार जलभराव अधिक होने पर आवागमन भी प्रभावित हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बार नदी का जलस्तर बढ़ने पर समस्या खड़ी हो जाती है। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी होती है। वहीं पैदल निकलने वाले लोगों को भी पानी के बीच से गुजरना पड़ता है।

# बाइक सवारों के लिए हर कदम पर खतरा, चार पहिया वाहन चालक लगा रहे लंबा चक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय



बारिश से टूटा पड़ा घुंघचाई-दियूरिया रोड। -जागरण मोर्चा

**घुंघचाई/पूरनपुर।** बारिश आई तो जंगल की सड़क ने राहगीरों का साथ छोड़ दिया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व जंगल के अंदर दो तहसीलों को जोडने वाला घुंघचाई- दियोरिया कलां रोड तेज बारिश से टूट कर गायब हो गया। नरई पुलिया के पास सड़क का बड़ा हिस्सा पानी के तेज बहाव में कटकर बह गया। पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क के बीच बने गहरे कटाव ने दियोरिया-घुंघचाई मार्ग को खतरनाक बना दिया है। चार पहिया वाहनों के पहिए जहां पूरी तरह थम गए हैं, वहीं बाइक सवार जान जोखिम में डालकर किसी तरह कटी सड़क पार कर रहे हैं,गहरी कटी सड़क, दूसरी तरफ घना जंगल और ऊपर से जंगली जानवरों की दहशत। मजबूरी में बाइक सवार इसी खतरनाक रास्ते से निकल रहे हैं। सड़क पर बने कटाव के कारण जरा सा संतुलन बिगड़ते ही हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले वर्ष भी बारिश में इसी स्थान पर सड़क कट गई थी। उस समय प्रशासन ने मिट्टी डालकर रास्ता चालू करा दिया था। अस्थायी मरम्मत के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन सड़क की स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई। अब एक साल बाद बारिश ने फिर वही तस्वीर सामने ला दी। पहली बारिश में ही मिट्टी पानी में बह गई और सड़क दोबारा कट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पिछले वर्ष ही सड़क और पुलिया की पक्की मरम्मत करा दी जाती तो इस बार राहगीरों को यह परेशानी नहीं झेलनी पड़ती। दियोरिया से पूरनपुर जाने के लिए जंगल का रास्ता करीब 33 किलोमीटर है। लेकिन नरई पुलिया के पास सड़क कटने के कारण चार पहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बंद हो गया है। अब उन्हें मानपुर, बिलसंडा और बंडा होकर जाना पड़ रहा है। इस वैकल्पिक रास्ते में करीब 40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। सड़क कटने के बाद बस, ट्रैक्टर और अन्य चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। बड़े वाहन चालक मजबूरी में वैकल्पिक मार्ग अपना रहे हैं। दूसरी ओर बाइक सवार सड़क के किनारे बचे हिस्से से होकर रास्ता पार कर रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि दिन में भी इस जगह से निकलते समय डर लगता है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि यदि आने वाले दिनों में तेज बारिश हुई तो सड़क का बचा हुआ हिस्सा भी पानी में बह सकता है। ऐसा हुआ तो बाइक सवारों के लिए भी यह रास्ता पूरी तरह बंद हो जाएगा। लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से तत्काल मौके का निरीक्षण कराकर सड़क व पुलिया की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

# बकाया वसूली को लेकर बिजली विभाग सख्त कनेक्शन काटने की कार्रवाई से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बिजली बिलों के बढ़ते बकाये की वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर विभाग की नजर है। बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही है।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र में बिजली विभाग के बकाये से संबंधित बड़ी संख्या में मामले राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। सरकारी वसूली रिकॉर्ड में कई उपभोक्ताओं पर हजारों से लेकर लाखों रुपये तक की धनराशि बकाया दिखाई गई है। कुछ मामलों में बकाया राशि दो से पांच लाख रुपये से अधिक तक पहुंच चुकी है। रिकॉर्ड के विभिन्न गांवों और मोहल्लों से जुड़े बिजली बकाये के मामले सामने आए हैं। कई मामलों में पूरी बकाया धनराशि अभी तक जमा नहीं हुई है। विद्युत विभाग की ओर से बकायेदार उपभोक्ताओं से समय से बिल जमा करने की अपील की जा रही है। विभाग का रुख साफ है कि निर्धारित समय में बकाया जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटने के साथ नियमानुसार अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है। अधिकारियों का कहना है कि बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के लिए अभियान जारी रहेगा। विभाग की टीम बकायेदारों के कनेक्शनों की जांच कर रही है और भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बिजली विभाग की सख्ती के बाद अब बकायेदार उपभोक्ताओं के सामने बिल जमा कर कनेक्शन बचाने की चुनौती है।

# छह अक्टूबर से होगा बीसलपुर का ऐतिहासिक रामलीला मेला

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामलीला मेला को लेकर मेला कमेटी द्वारा की जा रही बैठक। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** नगर में होने वाला ऐतिहासिक रामलीला मेला 6 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। रामलीला मेला कमेटी की अयोध्या भवन में हुई बैठक में मेला आयोजन की रणनीति तय की गई। कमेटी के सभापति गंगाधर दुबे की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से 22 सितंबर को झंडी पूजन शोभायात्रा निकाले जाने, 6 अक्टूबर को गणेश पूजन, 21 अक्टूबर को रावण वध एवं दशहरा महोत्सव, 22 अक्टूबर को राजगद्दी शोभा यात्रा, 31 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 23 से 5 नवंबर तक वृंदावन के कलाकारों द्वारा दिन में रामलीला व रात्रि में रासलीला का मंचन किया जाएगा। 5 नवंबर को मेले का समापन होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मेला मैदान को समतल कर ग्राउंड में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। मेलार्थियों के मनोरंजन के लिए खेल, तमाशे, सर्कस व मनोरंजन के अन्य साधन लगवाए जाएंगे। मेला प्रारंभ होते ही मेला कमेटी का कैंप लगाया जाएगा। बैठक का संचालन लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने किया। बैठक में मंत्री महेशचद्र अग्रवाल, उपसभापति विष्णु कुमार गोयल, कोषाध्यक्ष राम बहादुर गुप्ता, प्रबंधक अभय अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, ऑडिटर वीरेंद्र अग्रवाल, बाजार प्रबंधक मोहित मित्तल, बाजार व्यवस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल, मौजूद रहे।

# दहेज की मांग पूरी ना करने पर गला दबाकर विवाहिता की हत्या करने का प्रयास

## जेठ-ननदोई पर लगाया दुष्कर्म का प्रयास का आरोप

**पुलिस ने पति सहित आठ के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती कि शादी पांच माह पहले एक युवक के साथ हुई थी। शादी में विवाहिता कि मायके पक्ष के लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दान दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही थे। कुछ दिन तक मामला ठीक ठाक चलता रहा।

आरोप है कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज को लेकर आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। विवाहिता का आरोप है कि पति के बाहर काम करने जाने के दौरान जेठ और नंदोई ने उसको अकेला पाकर अश्लील हरकतें की। विरोध करने और शोर मचाने का प्रयास करने पर विवाहिता का मुंह दबाकर धक्का दे दिया। इसके बाद विवाहिता से जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किसी तरह से वह बाथरुम में पहुंच कर अपने आप को बचाया। दोनों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने घटना की जानकारी पति और अन्य ससुरालियों से की, तो उसको ही डरा धमकाकर चुप करा दिया। कुछ दिन बाद पति उसको जयपुर ले गया। जंहा उससे पांच लाख रुपये की मांग की। मना करने पर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। घटना की जानकारी मायके वालों को दी। उन्होने काफी समझाया। लेकिन वह नही माने,अतिरिक्त दहेज में कार, एसी आदि की मांग की। मांग पूरी ना होने पर उसको पीटकर घर से निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

## संक्षेप समाचार

### नशे में धुत कार चालक ने बाइक में मारी टक्कर, 2 साल के मासूम समेत 3 गंभीर

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम गोबल पतीपुरा मार्ग पर एक तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में दो साल का बच्चा, उसकी मां और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ग्राम टिहुलिया थाना बरखेड़ा निवासी नरेन्द्र सिंह के अनुसार, 28 अगस्त 2026 की शाम करीब 7 बजे उनके भाई धर्मेन्द्र सिंह, मां सर्वेश कुमारी और 2 वर्षीय भतीजा राघव मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बीसलपुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित कार गाड़ी संख्या UP 31 AK 5147 के चालक ने, जो कथित तौर पर नशे की हालत में था, बाइक को उड़ा दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि धर्मेन्द्र सिंह की टांग तीन जगह से टूट गई, जबकि 2 वर्षीय मासूम राघव का पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सर्वेश कुमारी को भी गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीसलपुर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, केस दर्ज

**बीसलपुर।** क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती को बहला- फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। क्षेत्र ग्राम मकरन्दपुर नका निवासी पीड़ित की पुत्री बीसलपुर के मोहल्ला पटेलनगर में अपने मामा के घर रह रही थी। आरोप है कि 25 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 3 :30 बजे जाटवपुरा थाना बिलसंडा निवासी शिवम उसे बहला-फुसलाकर ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि आरोपी इससे पहले भी उनकी पुत्री को ले जा चुका था। पीड़ित की शिकायत पर बीसलपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवादित निर्माण और दरवाजे को लेकर मारपीट, पत्नी का हाथ टूटा

**बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम रसयांखानपुर में मकान के दरवाजे और ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित की पत्नी का हाथ टूट गया और बेटी भी गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव रसयांखानपुर निवासी जाकिर खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रेशमा पत्नी जमालुद्दीन उर्फ बड़े लल्ला द्वारा ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण कर उनकी तरफ गलत तरीके से दरवाजा लगाया जा रहा था। पीड़ित ने इसके खिलाफ एसडीएम कोर्ट से स्टे/आदेश भी प्राप्त किया था। इसी रंजिश को लेकर 15 अगस्त को रेशमा, उसकी पुत्री फिरदोष तथा पुत्र मुन्ना व अरबाज लाठी-डंडे और चाकू लेकर जाकिर के घर में घुस आए। विरोध करने पर आरोपियों ने जाकिर, उनकी पत्नी खुशमन तारा और बेटी सहाना के साथ मारपीट की। हमले में खुशमन तारा के हाथ में गंभीर चोट आने से हाथ टूट गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण अकील खां व रिजवान खां को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ससुराल आया युवक संदिग्ध अवस्था में लापता

**पूरनपुर।** शाहजंहापुर जिले के थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव सिमरा कलुआपुर निवासी धनपाल सिंह ने बताया कि बंडा थाना क्षेत्र के गांव ररुआ निवासी उसके साले रंजीत सिंह फरीदपुर में किराए के मकान में रहकर प्राईवेट कंपनी में काम करता है। साले की ससुराल घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरा ता. घुंघचाई में है। तीस अगस्त को रंजीत सिंह रुपये लेने के लिए आया था। तब से वह गायब चल रहा है। घर ना पहुंचने पर परिवार के लोगो ने काफी खोजवीन की लेकिन कोई पता नही चला। इसके बाद परिवार ने गायब हुए युवक के ससुरालियों से जानकारी की, लेकिन ससुरालियो ने कोई जबाब नही दिया। अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मुख्य मार्ग की जर्जर हालत से ग्रामीण त्रस्त, मुनीम जी चौराहे से हाजी मोहसिन खान चौराहे तक सड़क निर्माण की उठी मांग

**शेरपुर कलां।** कस्बे की मुख्य सड़क के पिछले लंबे समय से बदहाल होने के कारण स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मुनीम जी चौराहे से मुख्य बाजार और जामा मस्जिद होते हुए हाजी मोहसिन खान चौराहे तक तत्काल नया रोड बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क कस्बे का सबसे व्यस्त और मुख्य मार्ग है। इसी मार्ग पर मुख्य बाजार, जामा मस्जिद डाकघर पंचायत घर होम्योपैथिक अस्पताल तथा दो प्रमुख विद्यालय स्थित हैं। दिनभर इस मार्ग से सैकड़ों स्कूली बच्चों मरीजों और व्यापारियों का आवागमन रहता है। वर्तमान में पूरी सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है और इसकी हालत अत्यंत जर्जर है। हल्की सी बारिश होते ही सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे कीचड़ व जलजमाव के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय बाजार का व्यापार भी इस बदहाली की वजह से प्रभावित हो रहा है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर इलियास खान, सैफ रज़ा मोंटू, नदीम हसन खां नजीब खान डॉ. आसिफ खान गुफरान खान मास्टर जावेद खान हसीब खान बंटी सहित कई ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का पक्का निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो ग्रामीण उच्च अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे।

### गाली-गलौज व मारपीट में चार पर केस दर्ज

बीसलपुर। क्षेत्र के हीरापुर दुही में घर के बाहर गाली-गलौज करने से मना करने पर दंपती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मंजीत निवासी ग्राम नवदिया, रामपुर, हाल निवासी हीरापुर दुही ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे उनके पड़ोस के ही निवासी बुद्धी उर्फ बुद्धसेन, गंगा प्रकाश, महेश और अरून उनके घर के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जब उनकी पत्नी पुष्पा देवी उन्हें बचाने आई, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**बर्बादी** किसान की मेहनत पर फिरा पानी, किसान परेशान

# हाथियों ने चंदिया हजारा में गन्ने की फसल रौंदी

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाथियों द्वारा रौंदी गई गन्ने की फसल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** चंदिया हजारा क्षेत्र में हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। हाथियों के झुंड ने गांव निवासी निताई विश्वास के खेत में घुसकर खड़ी गन्ने की फसल को रौंद दिया। हाथियों ने खेत में जमकर उत्पात मचाया, जिससे किसान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। सुबह जब ग्रामीणों को हाथियों के खेत में पहुंचने और फसल बर्बाद किए जाने की जानकारी हुई तो इलाके में दहशत फैल गई। खेत की रखवाली के लिए बनाई गई मचान को भी हाथियों ने तोड़कर तहस-नहस कर दिया। लगातार हाथियों की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक, इससे पहले भी हाथियों ने क्षेत्र में किसानों की गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचाया है। लगातार फसलों को निशाना बनाए जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण अब रात के समय खेतों की रखवाली करने से भी डर रहे हैं। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान की ओर से हरिपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी को दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को गांव और खेतों से दूर खदेड़ने तथा सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम किए जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि गन्ने की फसल तैयार करने में महीनों की मेहनत और लागत लगती है। ऐसे में हाथियों द्वारा फसल बर्बाद किए जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कराने और किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी की है। लगातार हाथियों की आवाजाही से चंदिया हजारा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वन विभाग हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखे और उन्हें आबादी वाले क्षेत्र तथा खेतों में आने से रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए।

# बिलसंडा में ट्रस्ट की जमीन खाली कराने को नोटिस देकर कार्रवाई भूले जिम्मेदार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर की पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से दुकानें बनवाकर किए गए कब्जे के मामले मे गत वर्ष जांच करने के उपरांत काबिज सभी दुकानदारों को एसडीएम ने नोटिस जारी किए।जिसमें तीन दिन के अंदर दुकान के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया था। हालांकि प्रशासन की इस कार्यवाही से उस वक्त उन सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से मामला फिर से ठंडे बस्ती में पड़ गया। बता दें कि नगर निवासी संतोष वर्मा ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने श्री बांके बिहारी ट्रस्ट की बेशकीमती करोड़ों की जमीन पर करीब 68 दुकानें बनी होने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया था, कि कब्जेदारों ने आज तक ट्रस्ट में किराए के नाम पर धेला भी जमा नहीं किया। जिस पर तत्कालीन एडीएम ने बीसलपुर के एसडीएम से रिपोर्ट तलब की थी । जिसके बाद तत्कालीन एसडीएम महिपाल सिंह ने इस मामले की चार बिंदुओं पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से रिपोर्ट तलब की, लेकिन उनके द्वारा सभी बिंदुओं पर कोई जानकारी नहीं होने की बात कहकर रिपोर्ट दी गई। जबकि उन्हें ट्रस्ट की जमीन पर कुल कितनी दुकानें बनी होने ,और उन पर कौन-कौन व्यक्ति काबिज हैं , क्या उनसे किराया वसूला जा रहा है।इतना ही नहीं उन्होंने काबिज लोगों को नियमानुसार जगह का आवंटन किए जाने के बाबत विस्तृत रिपोर्ट देनी थी,परंतु मामले में लीपापोती करते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा कोई जानकारी ही नहीं होने का जिक्र करते हुए उस वक्त रिपोर्ट दी गई थी। जिसके बाद एसडीएम ने स्वयं आकर जांच भी की। बताते हैं कि जांच के दौरान कई दुकानदारों ने दुकानों का बैनामा होने की बात तो कही, परंतु मौके पर किसी भी दुकानदार ने बैनामा नहीं दिखाया। यही वजह है कि उस वक्त एसडीएम द्वारा ऐसे सभी दुकानदारों को दो बार नोटिस भी जारी किए गए जिसमें उन्होंने तीन दिन के अंदर दुकानों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख पेश करने का निर्देश दिया था। हालांकि उस वक्त प्रशासन की इस कार्यवाही से ऐसे सभी दुकानदारों में हड़कंप मचा जो अवैध रूप से ट्रस्ट की जमीन पर वर्षों से काबिज है। बताते हैं कि सपा शासन काल में जब मामले ने तूल पकड़ा तो तत्कालीन तहसीलदार नन्हे सिंह यादव ने भी इस मामले की जांच की थी। कोई कार्यवाही अमल में आ पाती, इससे पहले ही उनका भी स्थानांतरण हो गया था। उसके बाद पूर्व एसडीएम वंदना त्रिवेदी ने भी ट्रस्ट पर काबिज दुकानदारों से किराया जमा करने को कहा था। परंतु आज तक किसी ने भी किराया जमा नहीं किया। अधिशासी अधिकारी द्वारा गोल-गोल तरीके से दी गई रिपोर्ट के बाद तत्कालीन एसडीएम ने स्वयं आकर मामले की जांच की थी। उन्होंने जमीन पर काबिज दुकानदारों से पूंछताछ करने के साथ ही कई अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी की थी। बताते हैं कि नोटिस दिए जाने के बाद आज तक प्रशासन द्वारा ऐसे कब्जेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई अमल में लाई ही नहीं गई, जिसकी वजह से ऐसे सभी दुकानदारों का कब्जा बरकरार है।

# लियोनल मेसी ने लिया संन्यास: अर्जेंटीना के कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को कहा अलविदा, लिखा लंबा पोस्ट

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। मेसी ने अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को 2022 फुटबॉल विश्व कप का खिताब दिलाया था। इस साल भी अर्जेंटीना उनकी कप्तानी में फीफा विश्व कप में खेलने उतरी थी, लेकिन उसे फाइनल में स्पेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। मेसी ने इंस्टाग्राम पर लंबे पोस्ट के जरिये संन्यास लेने की घोषणा की है।

फीफा विश्व कप 2026 का फाइनल मेसी का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में आखिरी मैच रहा। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 207 मैच खेले जिसमें उन्होंने 125 गोल किए और 68 बार गोल करने में मदद की। उन्होंने अर्जेंटीना को एक विश्व कप और दो कोपा अमेरिका का खिताब दिलाया। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेते मेसी ने कहा कि उन्हें पता है कि इस फैसले से दुख होगा,




लेकिन वह समझते हैं कि समय अब आ गया है।

मेसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट पर लिखा, फाइनल के बाद इतना समय बीतने और इस बारे में बहुत सोचने के बाद मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले रहा हूं। यह एक ऐसा फैसला था जिससे मुझे बहुत दुख हुआ और अब भी अंदर तक दुख हो रहा है, लेकिन मैं समझता हूं कि यही सही समय है। मैंने हमेशा अपना सब कुछ दिया, न सिर्फ इन कुछ वर्षों में जब हमने सब कुछ जीता, बल्कि उससे पहले भी। मैंने हमेशा इस जर्सी के लिए संघर्ष किया और अपना सब कुछ दिया ताकि आपको खुशी दे सकूं और फुटबॉल के जरिए आपको अर्जेंटीना का होने पर गर्व महसूस करा सकूं।

मेसी ने आगे लिखा, अब ज्यादा समय नहीं बचा है और जिंदगी के अलग-अलग अध्याय खत्म हो रहे हैं। यह एक ऐसा अध्याय है जो मुझे बहुत दुखी करता है। मुझे राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहना पसंद है, पसंद था और हमेशा पसंद रहेगा। मैंने अपना सब कुछ दे दिया और अब मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं बचा है। साथ ही कई बेहतरीन युवा खिलाड़ी आ रहे हैं जो टीम में शामिल होने के हकदार हैं। इन 20 वर्षों में मिले सारे प्यार के लिए धन्यवाद। मुझे मैदान के अंदर से आपकी आवाज सुनना याद आएगा। अब मैं आप में से ही एक बन जाऊंगा, हमेशा बाहर से टीम का समर्थन करूंगा। अच्छे समय में भी और बुरे समय में तो और भी ज्यादा। मेसी ने कहा, हमेशा साथ रहने और इस खूबसूरत लेकिन मुश्किल सफर में मेरे साथ खड़े रहने के लिए मेरे परिवार का धन्यवाद। उन सभी कोच, टीम के साथियों का धन्यवाद जिनके साथ मुझे यह सफर तय करने का मौका मिला। मैं अपने साथ कभी न भूलने वाली यादें और पल लेकर जा रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं, यह जानते हुए कि मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर आपको वे पल दिए जिनका हमने कभी सपना देखा था। आपके साथ यह सब अनुभव करना अद्भुत था। मैं आप सभी से प्यार करता हूं! मुझे अर्जेंटीना का नागरिक बनाने के लिए भगवान का धन्यवाद। वामोस अर्जेंटीना! मैंने ये शब्द 21 जुलाई को लिखे थे, फाइनल के दो दिन बाद।

# इमाम उल हक पर हो सकती कार्रवाई: इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान चोट का किया बहाना?

**एजेंसी न्यूज**

**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक मुश्किल में घिरते जा रहे हैं। इमाम पर अब अनुशासनात्मक कार्रवाई की तलवार लटक रही है। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में इमाम चोटिल हो गए थे। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इमाम की चोट की जांच के आदेश दिए हैं। इमाम चोट के कारण दोनों पारियों में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे।




लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन फील्डिंग करते समय इमाम चोटिल हो गए थे और उसके बाद मैच में दोबारा मैदान पर नहीं उतरे। टीम प्रबंधन द्वारा उनकी चोट की पुष्टि के बाद से ही इस बात पर अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह चोटिल होने का नाटक कर रहे थे। बोर्ड से जुड़े एक सूत्र ने इस बात की पुष्टि की है कि इमाम तीसरे टेस्ट से पहले निश्चित रूप से स्वदेश लौट रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रिजवान और इमाम को वापस बुलाने का फैसला किया गया है। सूत्र ने बताया कि इमाम बड़ी मुश्किल में हैं क्योंकि उनकी चोट की गंभीरता को लेकर हालांकि सवाल उठ रहे हैं।

सूत्र ने यह भी बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पूरे मामले की जांच के लिए एक उचित जांच समिति गठित करने और जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उस समय विवाद और बढ़ गया जब इमाम लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन सुबह के सत्र में थ्रो डाउन का अभ्यास करने के लिए मैदान पर आ गए, जिस पर कमेंटेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने इसे इमाम द्वारा यह दिखाने का एक नाटक करार दिया कि वह चोटिल हैं।

## एशियाई खेलों से पहले अभिषेक शर्मा का धमाका: घरेलू टी20 लीग में लगाई चौकों-छक्कों की झड़ी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एशियाई खेलों से पहले धमाल मचाया। अभिषेक शेर-ए-पंजाब टी20 लीग के पहले मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। अमृतसर सूरमास के लिए खेलते हुए अभिषेक ने मोहाली किंग्स के खिलाफ 26 गेंदों पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 77 रन बनाए। अभिषेक सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

भारत एशिया कप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेगा। ऐसे में अभिषेक का फॉर्म में होना बेहद जरूरी है। इतना ही नहीं, भारत को एशियाड से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। इसके लिए अभिषेक का टीम में चुना जाना तय है। अभिषेक ने रविवार को मोहाली के पंजाब क्रिकेट संघ आईएस बिंद्रा स्टेडियम में तूफानी बल्लेबाजी की। अभिषेक का स्ट्राइक रेट इस दौरान 296.17 का रहा।

अभिषेक की दमदार पारी से अमृतसर ने 19.5 ओवर में 258 रन बनाए। हालांकि, उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा क्योंकि मोहाली किंग्स ने अनमोलप्रीत सिंह के 133 रन और रमनदीप सिंह के नाबाद 69 रनों की बदौलत 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच की दिलचस्प बात यह रही कि दोनों पारी मिलाकर कुल 520 रन बने।

# सर्राफा बाजार: सोने की चमक फीकी, लगातार चौथे दिन गिरा भाव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने के दाम लगातार चौथे दिन गिरे, 10 ग्राम 1,500 रुपये सस्ता होकर 1,60,900 रुपये पर पहुंचा। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष केविन वॉर्श के आक्रामक भाषण और अमेरिका-ईरान सैन्य हमलों के बाद तेल कीमतों में वृद्धि से ब्याज दर बढ़ोतरी की आशंका बढ़ी, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में सोने के दाम लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरे हैं। सोमवार को 10 ग्राम सोने का भाव 1,500 रुपये घटकर 1,60,900 रुपये हो गया। वैश्विक बाजार के नकारात्मक संकेतों और निवेशकों की मुनाफावसूली से यह गिरावट आई है। शुक्रवार को 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

व्यापारियों ने बताया कि हाल के हफ्तों में सोने की मजबूत बढ़त के बाद लगातार मुनाफावसूली हो रही है। धातु अपनी पिछली तेजी को बरकरार रखने में विफल रही, जिससे व्यापारियों ने अपनी स्थिति कम की। हालांकि, स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी का भाव 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहा। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा कि फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष केविन वॉर्श के जैक्सन होल संगोष्ठी में आक्रामक भाषण के बाद सोने की कीमतें दबाव में रहीं। इस भाषण से सितंबर की बैठक में ब्याज दर में बढ़ोतरी की उम्मीदें बढ़ गईं।

उच्च अमेरिकी ट्रेजरी आय और मजबूत डॉलर ने भी कीमती धातुओं पर दबाव डाला, जिससे उनकी हालिया गिरावट और बढ़ गई। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 4,448.56 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हालांकि, चांदी लगभग एक फीसदी बढ़कर 66.97 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।



बुलियन बाजार ने अमेरिका-ईरान सैन्य हमलों के बाद बढ़ती तेल कीमतों से भी संकेत लिए। ऊर्जा दरों में वृद्धि से मुद्रास्फीति की चिंताएं बढ़ी हैं। इससे सख्त मौद्रिक नीति की संभावना मजबूत हुई है। मीरा एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच हमलों के बाद हाजिर सोना 4,440 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रहा है। इन ताजा हमलों ने तेल की कीमतों को बढ़ा दिया है। इससे ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना और बढ़ गई है।

वॉर्श ने शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर ऊंची मुद्रास्फीति का हवाला दिया था। उन्होंने कहा था कि अंतर्निहित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और व्यक्तिगत उपभोग व्यय (पीसीई) के रुझान उत्साहजनक नहीं थे।




# बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज कब खेलेगी टीम इंडिया?

## तमीम इकबाल ने मामले पर तोड़ी चुप्पी; BCCI को लेकर कही यह बात

**एजेंसी न्यूज**

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश के बीच प्रस्तावित क्रिकेट सीरीज को लेकर तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं हुई है। अगस्त-सितंबर में प्रस्तावित तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज तय कार्यक्रम के मुताबिक होती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में यह माना जा रहा था कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए सीरीज पूरी तरह रद्द हो सकती है। हालांकि, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष तमीम इकबाल ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि दोनों बोर्ड सीरीज के लिए नया विंडो तलाश रहे हैं।

**'सीरीज रद्द होने का फैसला नहीं हुआ'**

तमीम इकबाल ने प्रसिद्ध स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म 'नॉट आउट नोमान' से बातचीत में कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज नहीं होगी, ऐसा अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई और बीसीबी दोनों इस सीरीज को कराने को लेकर गंभीर हैं और तारीखों पर लगातार बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह तय नहीं हुआ है कि भारत के खिलाफ सीरीज नहीं होगी। अभी मैं आपको एक छोटी सी जानकारी देता हूं। दोनों बोर्ड इस बात को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं कि यह सीरीज हो।'

तमीम ने कहा, 'बीसीसीआई और बीसीबी दोनों नए विंडो भी तलाश रहे हैं कि किस समय क्या किया जा सकता है। लगभग एक तारीख को लेकर भी हम सोच रहे हैं कि क्या इसे उस समय कराया जा सकता है या नहीं। अगर मुझे लगता कि इरादा नकारात्मक है, तो आज मैं आपसे यह नहीं कहता कि देखते हैं क्या होता है, हम आशावादी हैं। मैं यह शब्द भी नहीं कहता। इरादे पूरी तरह सकारात्मक हैं।'

तमीम ने आगे कहा कि कुछ चीजें बोर्ड के नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ चीजें हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। और बीसीबी अध्यक्ष के तौर पर मैं उस सीमा को कभी पार नहीं करना चाहता। लेकिन इरादे अच्छे हैं, हम लगातार संपर्क में हैं। तारीखों पर भी विचार किया जा रहा है, क्योंकि बांग्लादेश भी व्यस्त है और भारत भी व्यस्त है। बांग्लादेश के बीच में तीन सीरीज हैं। भारत और बीसीसीआई भी अपने मैचों में बहुत व्यस्त हैं। लेकिन इसको लेकर हमारी नियमित बातचीत हो रही है।'

तमीम ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग से जुड़े फिक्सिंग मामलों पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और आने वाले दिनों में चार-पांच और नाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हम पहले ही एक प्रेस रिलीज जारी कर चार-पांच लोगों का जिक्र कर चुके हैं। चार-पांच और नाम सामने आएंगे। यहां ईमानदारी का मुद्दा है। वकील अभी इसे देख रहे हैं। जब हमें वकील से हरी झंडी मिलेगी, तो हम प्रेस रिलीज के जरिए इसका खुलासा करेंगे।'

तमीम ने पिछले टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की गैरमौजूदगी पर भी अपनी राय रखी। उनका मानना है कि बांग्लादेश इस मामले में बेहतर तरीके से बातचीत कर सकता था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं लिया था। यह मामला मुस्तफिजुर रहमान को 2026 आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम से



रिलीज किए जाने के बाद और गमार्या था। तमीम ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम इस मामले में बेहतर तरीके से बातचीत कर सकते थे। देखिए, मुस्तफिजुर का मामला जाहिर तौर पर ऐसी चीज थी, जिससे पूरा देश निराश था। और आज भी मैं यही कहता हूं, जैसा मैंने उस दिन कहा था, ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। यह किसी भी तरह से सही चीज नहीं थी, ऐसा कभी नहीं किया जाना चाहिए था। उस समय मैंने इसका समर्थन किया था और आज भी मैं यही कह रहा हूं। लेकिन हम विश्व कप खेलने जा रहे थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब हमने पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था, तो बांग्लादेश के हर व्यक्ति ने जश्न मनाया था। हो सकता है कि अब टी20 विश्व कप हर दो साल में हो या हर चार साल में, लेकिन यह विश्व कप है, जिसमें बांग्लादेश प्रतिनिधित्व करने वाला था। इसलिए मुझे लगता है कि हम इस मामले को बेहतर तरीके से संभाल सकते थे। शुरूआत से ही हम एक ऐसे बिंदु पर पहुंच गए थे, जहां वापसी मुश्किल हो गई थी।'










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।